माघ शुक्ल पक्ष, पंचमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 14 फरवरी 2024
वर्ष 4, अंक 325, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पहली बार हुई चपटे आकार के एक्सोप्लैनेट ग्रह की खोज 18

लाहौर 1947 में सनी देओल संग काम करेंगी प्रीति 17

## एक नजर

### तेजस्वी ने माफी मांगी मानहानि का मुकदमा रद

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राजद नेता तेजस्वी यादव के खिलाफ उनकी विवादास्पद टिप्पणी को लेकर अहमदाबाद की एक अदालत में दायर मानहानि का मुकदमा उनके माफी मांगने के साथ ही रद कर दिया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने मामले में राजद नेता के माफीनामे को स्वीकार करने के बाद उन्हें राहत प्रदान की। तेजस्वी ने पिछले साल मार्च में एक बयान में कहा था कि केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं। इसके बाद गुजरात के अहमदाबाद के निवासी व्यवसायी हरेश मेहता ने उनके खिलाफ अदालत में मानहानि शिकायत की थी।

### प. बंगाल में वायुसेना का हॉक विमान दुर्घटनाग्रस्त

**कोलकाता।** भारतीय वायुसेना का हॉक ट्रेनर विमान पश्चिम बंगाल के कलाईकुंडा एयरबेस पर एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में सवार दोनों पायलट सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे। फिलहाल इस दुर्घटना में जानमाल के नुकसान के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। भारतीय वायुसेना ने एक बयान में कहा कि विमान दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी (सीओआई) का गठन किया है, जो संभावित तकनीकी खराबी या मानवीय त्रुटि सहित घटना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जांच करेगी।

# दिल्ली जाने पर अड़े किसान, शंभू बॉर्डर पर बवाल

## सुरक्षाकर्मियों ने ड्रोन से दागे आंसू गैस के गोले डीएसपी समेत कई पुलिसकर्मी-किसान घायल

**चंडीगढ़, एजेंसी**

हरियाणा पुलिस ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानून बनाने की मांग कर रहे किसानों के दिल्ली कूच करने के बीच अंबाला के पास शंभू बॉर्डर पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। यहां किसान बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान अंबाला कैंट के डीएसपी समेत कई पुलिसकर्मी-किसान घायल हो गए। सूत्रों ने बताया कि कुछ किसानों को हिरासत में भी लिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च में शामिल युवाओं के एक समूह ने अंबाला में शंभू सीमा पर लगाए अवरोधक तोड़ने की कोशिश की, जिसके बाद हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। जब कुछ युवाओं ने लोहे के अवरोधक तोड़े और इसे घग्घर नदी पुल से फेंकने की कोशिश की तो पुलिस को आंसू गैस के कई गोले छोड़ने पड़े। उन्होंने बाद में आंसू गैस का गोला गिराने के लिए एक ड्रोन का भी इस्तेमाल किया। किसानों ने फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी देने समेत अन्य मांगों को लेकर दो केंद्रीय नेताओं के साथ बैठक बेनतीजा रहने के बाद दिल्ली की ओर कूच करने का फैसला किया है।

कई किसानों ने अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ फतेहगढ़ साहिब से सुबह करीब 10 बजे मार्च शुरू किया और वे शंभू सीमा के जरिए दिल्ली की ओर बढ़ रहे हैं। फतेहगढ़ साहिब और शंभू सीमा के बीच दूरी करीब 35-40 किलोमीटर है। किसानों के ट्रैक्टर ट्रॉली काफिले को शंभू सीमा की ओर बढ़ते हुए देखा गया। ट्रॉली में बुजुर्ग, युवा और महिलाओं को बैठे हुए देखा गया। हरियाणा की ओर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने पंजाब की ओर से सीमा पर आ रहे युवाओं के एक समूह को शंभू सीमा के समीप अवरोधकों से दूर रहने को भी कहा। हरियाणा में प्राधिकारियों ने कंक्रीट के अवरोधक, लोहे की कीलों और कंटीली तारों का इस्तेमाल कर अंबाला, जींद, फतेहाबाद, कुरुक्षेत्र और सिरसा में कई स्थानों पर पंजाब के साथ राज्य की सीमाओं की किलेबंदी कर दी है।



पंजाब-हरियाणा शंभू बॉर्डर पर पुलिस द्वारा आंसू गैस के गोले दागे जाने के बाद तितर-बितर किसान। ● एजेंसी

## पंजाब और हरियाणा बॉर्डर पर पुलिस ने रबर की गोलियां चलाईं, खनौरी बॉर्डर पर लाठियां भांजी



शंभू बॉर्डर के पास लगाए गए कंक्रीट बैरिकेड को हटाने की कोशिश करते किसान।

### किसानों की हर समस्या के समाधान के लिए सरकार तैयार

**नई दिल्ली।** किसानों के दिल्ली कूच के बीच केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि सरकार किसानों की हर समस्या पर बात करने को तैयार है। मुंडा ने कहा कि कृषि और किसानों की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए लगातार प्रयास चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ बातचीत चल रही है और सरकार हर मुद्दे पर बात करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि जनता को परेशानी में नहीं डालना चाहिए और किसान संगठनों को इसे समझना चाहिए। मुंडा ने कहा कि सरकार बातचीत के लिए तैयार है।



**सरकार बनी तो हम एमएसपी पर कानून बनाएंगे :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही विभिन्न फसलों के लिए एमएसपी की गारंटी वाला कानून बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की देश भर के किसानों की लंबे समय से लंबित मांग है और सत्ता में आने पर सबसे पहले किसानों की इस मांग को पूरा किया जाएगा।



### हाईकोर्ट का हरियाणा, पंजाब और केंद्र को नोटिस

**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च से संबंधित दायर दो अलग-अलग याचिकाओं पर केंद्र के अलावा हरियाणा और पंजाब राज्यों को नोटिस जारी किए। याचिकाकर्ताओं में से एक ने अदालत से किसानों के विरोध-प्रदर्शन के खिलाफ हरियाणा और पंजाब तथा केंद्र सरकार की सभी 'अवरोधक' कार्रवाइयों पर रोक लगाने का अनुरोध किया है, जबकि दूसरे याचिकाकर्ता ने यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया है कि प्रदर्शनकारियों द्वारा कोई राजमार्ग अवरुद्ध न किया जाए, क्योंकि इससे आम जनता का दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 15 फरवरी तय की है।

# फौजी ने दूल्हे समेत 7 लोगों को मारी गोली, एक की मौत

**गोंडा कार्यालय**

- जमीनी विवाद में 10-12 राउंड फायरिंग की, 6 लोग घायल
- छपिया थाना क्षेत्र के महुलीखोरी गांव के पांडेयपुरवा में हुई वारदात

**अमृत विचार:** छपिया थाना क्षेत्र के महुलीखोरी गांव के पांडेयपुरवा में मंगलवार की सुबह जमीन विवाद को लेकर एक फौजी ने दूल्हे समेत सात लोगों को गोली मार दी। गोली लगने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि 6 अन्य की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। मृतक महिला अपने भांजे की शादी में शामिल होने के लिए आई थी। फायरिंग करने वाले आरोपी सीताराम पुलिस गिरफ्त में है।

पुलिस के अनुसार छपिया थाना क्षेत्र के महुलीखोरी गांव के मजरे पांडेयपुरवा के रहने वाले बाबू राम जायसवाल व सीताराम यादव के परिवार के बीच जमीन को लेकर रंजिश चल रही है। बाबूराम जयसवाल के मुताबिक मंगलवार को उसके बेटे अमनदीप की बारात जानी थी। रिश्तेदारों की सहूलियत के लिए बाबू राम गली में टिन लगा रहे थे। इससे नाराज फौजी सीताराम यादव भड़क गया और उसने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से फायरिंग शुरू कर दी।

## कोटा में एक और कोचिंग छात्र ने की आत्महत्या

- जेईई परिणाम आने के बाद उठाया कदम बीते 20 दिनों में चौथी घटना

**कोटा, एजेंसी।** कोचिंग सिटी कहे जाने वाले कोटा में जेईई का परिणाम आने के साथ ही एक और कोचिंग छात्र ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बीते 20 दिनों में कोचिंग छात्र के आत्महत्या करने की चौथी घटना है। जानकारी के अनुसार कोटा में रहकर एक निजी कोचिंग संस्थान से जेईई के लिए कोचिंग कर रहे छत्तीसगढ़ के एक कोचिंग छात्र शुभ कुमार चौधरी ने सोमवार रात किसी समय फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली, जिसका पता मंगलवार सुबह लगा। सोमवार रात ही जेईई मेंस की परीक्षा का परिणाम आया था। परिणाम आने की जानकारी मिलने के बाद उसके माता-पिता ने उसे मंगलवार की सुबह फोन किया। उसने फोन नहीं उठाया तो उन्होंने हॉस्टल के वार्डन को फोन किया। हॉस्टल के वार्डन ने शुभ के कमरे का दरवाजा धक्का देकर खोला तो वह फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला।

# मोदी पहुंचे यूएई, रुपे कार्ड की शुरुआत की

**आबू धाबी, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को यूएई (संयुक्त अरब अमीरात) के दौरे पर पहुंचे। यहां हवाईअड्डे पर यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद दोनों नेताओं मुलाकात की। इस दौरान दौरान दोनों नेताओं ने यूपीआई रुपे कार्ड सेवा की शुरुआत की। दोनों देशों के बीच कई अहम समझौते भी हुए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूएई और भारत के मजबूत होते संबंधों की चर्चा की। उन्होंने वहां बने मंदिर में मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए इसे दोनों देशों के अनोखे संबंधों की शक्ति बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मुलाकात का वीडियो अपने एक्स अकाउंट पर भी शेयर किया है।



- राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद ने की अगवानी, एक-दूसरे को गले लगाकर अभिनंदन किया

प्रधानमंत्री मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद से कहा, "आपका भारत के प्रति जो लगाव है और यूएई के उज्जवल भविष्य के लिए जो विजन है, उसका एक उदाहरण मैं देख रहा हूं- यहां बीएपीएस (बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था) का मंदिर बनना। आपके सहयोग के बिना यह संभव नहीं था। मेरी पहली मुलाकात में मैंने आपसे आग्रह किया की कि जरा आप देख लीजिए और आपने बता दिया कि जगह पर आप उंगली रख दीजिए, आपको जगह मिल जाएगी।"

### प्रगति में साझेदार हैं भारत और यूएई: प्रधानमंत्री मोदी

**अबू धाबी।** भारत और यूएई को 'प्रगति में साझेदार' बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि दोनों देशों के बीच रिश्ते दुनिया के लिए आदर्श हैं और वे 21वीं सदी के तीसरे दशक में नया इतिहास रच रहे हैं। मोदी ने कहा, 'हमारी साझेदारी सभी क्षेत्रों में मजबूत हो रही है और नई ऊंचाइयों पर पहुंच रही है।' प्रधानमंत्री ने अबू धाबी के जायद स्पोर्ट्स स्टेडियम में 'मोदी मोदी' के नारों के बीच 'अहलन मोदी' कार्यक्रम में शामिल हुए भारतवंशी लोगों का अभिवादन 'नमस्कार' कहकर किया।

## रामलला को मिले छह अंगरक्षक

**अयोध्या, अमृत विचार।** राम मंदिर में विराजमान बाल्य स्वरूप रामलला की सुरक्षा के लिए अब विशेष व्यवस्था भी पूर्ण हो गई है। दर्शन के लिए उमड़ रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए रामलला की सुरक्षा में छह अंगरक्षक तैनात कर दिए गए हैं। हर वक्त दो अंग रक्षक आठ-आठ घंटे रामलला की सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगे। बताया जाता है कि ये अंगरक्षक गर्भगृह और रामलला के शृंगार के आभूषण और वस्त्र की निगरानी भी करेंगे। बता दें कि बीते दिनों राम मंदिर स्थाई सुरक्षा समिति की बैठक में श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए अंगरक्षक नियुक्त किए जाने पर सहमति बनी थी। इसके बाद अब जिला प्रशासन की ओर से रामलला की सुरक्षा को लेकर छह अंगरक्षक प्रदान किए गए हैं।

## सपा को पल्लवी पटेल ने दिया झटका, उसे वोट न देने की अपील

**लखनऊ, अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी को मंगलवार को एक साथ दो झटके मिले। एक ओर राष्ट्रीय महासचिव पद से जहां स्वामी प्रसाद मौर्य ने इस्तीफा दिया वहीं, पार्टी की सहयोगी दल अपना दल कमेरावादी की नेता व विधायक पल्लवी पटेल ने राज्यसभा चुनाव में सपा उम्मीदवार को वोट ना देने की बात मीडिया से साझा की है।

विधायक पल्लवी पटेल ने मंगलवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। राज्यसभा में जया बच्चन और आलोक रंजन को भेजने नाराज पल्लवी पटेल ने कहा कि, पीडीए का मतलब मैं पिछड़ा दलित और अल्पसंख्यक समझती हूं, लेकिन इसे इसे बच्चन और रंजन से जोड़ कर देखा जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि, जब लड़ाई पिछड़ा दलित खेत-खलिहान की हो रही है तो फिर पीडीए कहां गया। ऐसे में सपा को अपने राज्यसभा के लिए तीसरे उम्मीदवार को जिताना भी मुश्किल होगा।

## स्वामी प्रसाद ने सपा के राष्ट्रीय महासचिव पद से दिया इस्तीफा

**लखनऊ।** स्वामी प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को संबोधित एक पत्र में न केवल इस्तीफा देने के कारणों की चर्चा की है, बल्कि यह भी स्पष्ट किया है कि उन्होंने केवल पद से इस्तीफा दिया है, पार्टी से नहीं। वह पार्टी को सशक्त बनाने के लिए तत्पर रहेंगे। स्वामी प्रसाद मौर्य ने सपा प्रमुख को लिखे पत्र में जहां स्वयं को विधान परिषद भेजने और राष्ट्रीय महासचिव का पद देने के लिए अखिलेश का आभार जताया, वहीं गंभीर आरोप भी लगाए हैं। सोशल मीडिया पर सामने आए इस पत्र में उन्होंने अपने हिंदू धर्म एवं कर्मकांड को लेकर की गई विवादित टिप्पणियों के कारण भी बताते हुए अपने बयानों को जायज ठहराया है। माना जा रहा है कि स्वामी प्रसाद को अपने राज्यसभा भेजे जाने की उम्मीद थी, न पूरी होने पर इस्तीफा दिया है।



## गुजरात में घोड़े पर चढ़ने को लेकर दलित दूल्हे से मारपीट

**गांधीनगर।** अपनी शादी के दौरान बारात में घोड़े पर चढ़ने को लेकर एक दलित दूल्हे पर हमला करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना चाडसना गांव में हुई। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने दलित दूल्हे विकास चावड़ा को जातिसूचक गालियां भी दीं। दूल्हे के रिश्ते के भाई द्वारा दर्ज कराई गई एक शिकायत में बताया गया कि दूल्हा घोड़े पर सवार होकर गांव में दुल्हन के घर जा रहा था, तभी मोटरसाइकिल पर सवार एक व्यक्ति ने उसे घोड़े से नीचे खींच लिया और थप्पड़ मार दिया। आरोपी के साथ तीन और लोग शामिल हो गए।

### निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति का मामला

# नए कानून पर रोक से कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति से संबंधित नए कानून के अमल पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। नए कानून में मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति ऐसी समिति द्वारा किये जाने का प्रावधान है, जिसमें प्रधान न्यायाधीश शामिल नहीं होंगे।



न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने एक गैर-सरकारी संगठन 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) की ओर से दायर याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया और इस याचिका को इसी विषय पर लंबित अन्य याचिकाओं के साथ अप्रैल में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। याचिका में मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) अधिनियम, 2023 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। एनजीओ की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि यह कानून शीर्ष अदालत की संविधान पीठ के उस फैसले के विपरीत है, जिसने निर्देश दिया था कि सीजेआई उस समिति का हिस्सा होंगे, जो सीईसी और ईसी की नियुक्ति करेगा। जब भूषण ने कानून के क्रियान्वयन पर अंतरिम रोक लगाने पर जोर दिया, तो पीठ ने कहा, 'माफ करें, हम आपको इस मामले में अंतरिम राहत नहीं दे सकते।'

## सोनिया गांधी राजस्थान से होंगी राज्यसभा के लिए उम्मीदवार

**नई दिल्ली/जयपुर।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी राज्यसभा चुनाव में राजस्थान से पार्टी की उम्मीदवार होंगी और वह बुधवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। पार्टी सूत्रों ने ने बताया कि सोनिया गांधी बुधवार को जयपुर में नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इस मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रह सकते हैं। कांग्रेस राज्यसभा चुनाव के लिए बहुत जल्द अपने उम्मीदवारों की सूची जारी करेगी। नामांकन पत्र दाखिल करने की आखिरी तिथि 15 फरवरी है। सोनिया गांधी वर्ष 1999 से लगातार लोकसभा सदस्य हैं। यह पहली बार होगा कि वह संसद के उच्च सदन में जाएंगी। कांग्रेस कर्नाटक, तेलंगाना, राजस्थान, मध्य प्रदेश और हिमाचल से राज्यसभा की सीट जीतने की स्थिति में है। राजस्थान कांग्रेस ने पार्टी नेतृत्व से राज्य से सोनिया गांधी को नामित करने का आग्रह किया था।



# शोहदों की छेड़खानी से तंग आकर भाजपा नेत्री की बेटी ने दी जान

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

- मां की तहरीर पर चार युवकों के खिलाफ मामला दर्ज

**अमृत विचार:** छेड़खानी से तंग आकर भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री की पुत्री ने मंगलवार को पंखे के सहारे रस्सी के फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। इकलौती बेटी की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। भाजपा नेता ने पुत्री को परेशान करने का आरोप लगाते हुए आरोपी युवकों के खिलाफ तहरीर दी, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार पनवड़िया के पास हाइडिल कॉलोनी में विद्युत निगम के कर्मचारी विवेक सक्सेना की पत्नी सविता सक्सेना भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री हैं। उनके दो पुत्र और एक पुत्री हैं। 13 वर्षीय पुत्री आठवीं की छात्रा थी। मंगलवार को भाजपा नेत्री किसी काम से कहीं गई थीं। उनके पति भी बाहर थे। इस बीच किसी समय उनकी पुत्री ने फंदे पर लटककर जान दे दी।

मृतका की मां ने पुत्री को परेशान करने का आरोप लगाते कुछ युवकों के खिलाफ थाना सिविल लाइंस में लिखित शिकायत की। इसमें कहा गया है कि इन युवकों ने उसका स्कूल जाना भी दुश्वार कर दिया था। उसको मारने तक की धमकी देते थे। परेशान हो जाने के बाद मामला युवकों के परिजनों को बताया गया तो युवक परिजनों के दबाव में लिखित में माफीनामा लिखकर दे गए थे। किशोरी के परिजनों का आरोप है कि मंगलवार दोपहर युवकों ने घर में घुसकर बेटी को परेशान किया था। एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि भाजपा नेता की पुत्री ने फंदे पर लटककर जान दे दी है। रात को ही उसका पोस्टमार्टम कराया जाएगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

# 75 जिलों में शुरू होंगी 10.11 लाख करोड़ की परियोजनाएं: योगी

### ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी

## मुख्यमंत्री ने की तीन दिवसीय जीबीसी 4.0 की तैयारियों की समीक्षा, आएंगे 35 सौ निवेशक

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिए प्रदेश के औद्योगिकरण को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने मंगलवार को विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, विकास प्राधिकरणों के सीईओ के साथ हुई विशेष बैठक में कहा कि 19 फरवरी को एक साथ प्रदेश के सभी 75 जिलों में 10.11 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं जमीन पर उतरेंगी। इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। कई



केंद्रीय मंत्री, बड़े उद्योगपति, पार्टनर देशों के प्रतिनिधि समेत देशी-विदेशी 35 सौ निवेशक इसके गवाह बनेंगे।

मुख्यमंत्री ने तीन दिवसीय प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 को लेकर विभागवार और जनपदवार निवेश प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा एक साथ 14 हजार से अधिक निवेश प्रस्तावों के जमीनी क्रियान्वयन की शुरुआत होगी। इस अवसर पर उद्योग जगत के अनेक प्रतिष्ठित समूह, सीईओ, निवेशकों आदि की उपस्थिति होगी। यह समारोह प्रदेश के साथ-साथ पूरे देश के औद्योगिक विकास को गति देने का माध्यम होगा। निर्देश दिए कि समारोह की गरिमा और महत्ता के दृष्टिगत सभी आवश्यक प्रबंध कर लिए जाएं।

> नया उत्तर प्रदेश 'उद्यम प्रदेश' बनकर, भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में देश के विकास को सतत गति दे रहा है। प्रदेश आज 6 वर्ष बाद चतुर्थ जीबीसी में 10 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए पूरी तरह से तैयार है।
> -योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री

### वीवीआईपी मेहमानों को लेकर खास इंतजाम

मुख्यमंत्री ने कहा कि जीबीसी में अनेक केंद्रीय मंत्री, विभिन्न राजदूतों, जनप्रतिनिधिगणों की सहभागिता भी होनी है। निर्देश दिया कि अति विशिष्ट जनों के सुरक्षा व सत्कार प्रोटोकाल का पूर्णतः अनुपालन किया जाना चाहिए। सीएम फेलो की काउंसिलिंग/ट्रेनिंग करके उन्हें इन अतिविशिष्ट जनों के साथ संबद्ध किया जाए। औद्योगिक जगत के शीर्षस्थ उद्यमियों, निवेशकों आदि की आवासीय व्यवस्था, भोजन, आवागमन, पार्किंग आदि के समुचित प्रबंध किए जाएं।

**सभी जिलों में होगा सीधा प्रसारण :** मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि मुख्य समारोह में प्रधानमंत्री संबोधन का सभी जिलों में सीधा प्रसारण कराया जाए। इसके लिए स्क्रीन लगाई जाए। जिलाधिकारी द्वारा स्थानीय उद्यमियों/व्यापारियों को आमंत्रण पत्र भेजा जाए। यहां जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थिति हो।

# ॥ जो शहीद हुए हैं उनकी ज़रा याद करो कुर्बानी ॥



# पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए

## मां भारती के वीर जवानों को सादर नमन

पुलवामा में आतंकी
हमले में शहीद हुए
वीर जवानों
को शत् शत् नमन व
भावपूर्ण श्रद्धांजलि
हिमाचल सिंह तेवतिया
जिला उपाध्यक्ष रालोद मुरादाबाद

पुलवामा के आतंकी
हमले में शहीद हुए
वीर जवानों को
शत्-शत् नमन व
भावपूर्ण श्रद्धांजलि
डा0 संदीप कुमार वर्मा
बी.एस.सी.,बी.एच.एम.एस
अंकिता
बी.एस.सी.नर्सिंग
पुष्पांजलि होम्योपैथी, मो0-9457007097
समय: प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक, सायं 5.00 बजे से रात्रि 8.00 बजे तक रविवार:- प्रातः 10.00 से 12.00 बजे तक
TA:14,आशियाना प्रथम,(सद्भावना नर्सिंग होम के सामने) मुरादाबाद

पुलवामा में आतंकी
हमले में शहीद हुए
वीर जवानों
को शत् शत् नमन व
भावपूर्ण श्रद्धांजलि
निपुण चौधरी
LOVE CONSTRUCTION
मो0 8755556624, 8006826271

पुलवामा में
आतंकी हमले में
शहीद हुए वीर जवानों
को शत् शत् नमन व
भावपूर्ण श्रद्धांजलि
अमर जवान
एम0डी0-पीयूष चौहान
मो0 9058048031
YES WIK

अमर जवान

पुलवामा के आतंकी
हमले में शहीद हुए
वीर जवानों को
शत् शत् नमन व
भावपूर्ण श्रद्धांजलि
अमर जवान
शहादत के किस्से, इंकलाब की कहानी
बरसो तक याद करेगा हर नागरिक
वीर जवानों की कुर्बानी
ध्रुव धवन
युवा छात्र नेता, समाजवादी पार्टी
मो0 9528462224

पुलवामा में आतंकी
हमले में शहीद हुए
वीर जवानों
को शत् शत् नमन व
भावपूर्ण श्रद्धांजलि
विपिन विश्नोई
मो0 8077016446
स्कन्ध ज्वैलर्स, सब्जी मण्डी हरथला

पुलवामा के आतंकी
हमले में शहीद हुए
वीर जवानों को
शत् शत् नमन व
भावपूर्ण श्रद्धांजलि
धीरज राय वर्मा
सफाई एवं खाद्य निरीक्षक
नगर पालिका परिषद नगीना

N. K.TRADER'S
पुलवामा के वीरों ने
जो जान देश पे वारी है,
दुश्मन की औकात नही,
ये अपनो की गद्दारी है।
संजय प्रजापति
मो0 9027951325
Harthala Sonakpur M.B.D Near Ganga Mandir (Moradabad)

दिनांक - 14 फरवरी 2019
को पुलवामा हमले में शहीद हुए
भारतीय वीर जवानों को
विनम्र
श्रद्धांजलि
मुकुल शर्मा
मो0 9967893164

पुलवामा हमले में शहीद
हुए वीर जवानों को शत्
शत् नमन व भावपूर्ण
श्रद्धांजलि
चौ0 अतुल तेवतिया
ग्राम भटावली
मो0 9368513115

दिनांक - 14 फरवरी 2019
को पुलवामा हमले में शहीद हुए
भारतीय वीर जवानों को
विनम्र
श्रद्धांजलि
कमल किशोर दुबे उर्फ बिट्टू दुबे
मो0 8077385349
दूबे जी पान भण्डार, सेल टैक्स कॉमप्लेक्स
MDA

पुलवामा आतंकी हमले
में शहीद हुए भारत मां के
वीर सपूतों
को नम आँखों से
श्रद्धांजलि
अजय तोमर
पार्षद वार्ड-05
मो0 8445670383

पुलवामा
आतंकी
हमले
में शहीद हुए वीर जवानों
को शत् शत् नमन व
भावपूर्ण श्रद्धांजलि
बबलू वैद्य जी
मो0 9411436718
शुगर, डायबिटीज के लाखों मरीजो की भरोसेमंद ओषधि दी जाती है।

पुलवामा के आतंकी हमले
में शहीद हुए
वीर जवानों को
शत्-शत् नमन व
भावपूर्ण श्रद्धांजलि
विपिन सैनी
पार्षद पति वार्ड 15
मऊ भारतीय जनता पार्टी

पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए
सभी भारत माता के वीर जवानों
के शौर्य और बलिदान को
शत् शत् नमन एवं
भावपूर्ण श्रद्धांजलि
अशीष राठौर
मो0 9997065968
Add: N. K. Puram Chandra Nagar



## शहर में आज

- पूर्वांचलवासी परिवार की ओर से मां सरस्वती की पूजा व 108 कुंडीय नवचंडी यज्ञ रामलीला मैदान लाइनपार में सुबह 9 :00 बजे
- आर्य समाज की ओर से सामूहिक विवाह आर्य समाज मंदिर स्टेशन रोड दिन में 11 :00 बजे

## एक नजर

### मोहिउद्दीननगर पर पुरबिया एक्सप्रेस का अस्थायी ठहराव

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गाड़ी संख्या 15279 ( सहरसा-आनंद विहार टर्मिनल पुरबिया एक्सप्रेस ) 15 फरवरी से दिन के 15 :18 बजे पर तथा वापसी में गाड़ी संख्या 15280 ( आनंद विहार टर्मिनल-सहरसा पुरबिया एक्सप्रेस ) 16 फरवरी से दिन के 14 :24 बजे पर सोनपुर मंडल के रेलवे स्टेशन मोहिउद्दीन नगर स्टेशन पर अस्थायी रूप से अग्रिम आदेश रुकेगी। रेल प्रबंधन ने यह निर्णय यात्रियों की जरूरत को देखते हुए लिया है। यह जानकारी मंडल कि प्रवर मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुधीर सिंह ने दी है।

### सीए हत्याकांड में एक और गवाह पेश

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मंगलवार को सीए श्वेताभ तिवारी हत्याकांड में गवाह ने बयान दर्ज कराए हैं। मुकदमे की सुनवाई एडीजे 14 में चल रही है। गवाह से बचाव पक्ष ने भी जिरह की है। जिरह पूरी होने के बाद न्यायालय ने सुनवाई के लिए सुनवाई 27 फरवरी को निर्धारित की है। मझोला क्षेत्र में 15 फरवरी 2023 को सीए श्वेताभ तिवारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पत्नी शालिनी तिवारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने पूर्व ब्लॉक प्रमुख ललित कौशिक के अलावा सहयोगी केशव सरन शर्मा व खुशवंत सिंह को आरोपी बनाया है। तभी से आरोपी जेल में हैं। एडीजी सुरेश सिंह ने बताया कि मंगलवार को सीए के कारोबारी गवाह निखिल रस्तोगी को कोर्ट में पेश किया। गवाह ने कोर्ट में बयान दर्ज कराए हैं। गवाह से बचाव पक्ष के अधिवक्ता दिनेश पाठक ने जिरह की। एडीजीसी ने बताया कि गवाह से जिरह पूरी हो गई है।

# अति पिछड़ा महासंघ के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय अति पिछड़ा महासंघ के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में राजकीय विश्वविद्यालय का नाम सावित्री बाई फुले व एकलव्य के नाम पर रखने की मांग की गई है।

मंगलवार को अति पिछड़ा महासंघ के अध्यक्ष डॉ. रामेश्वर दयाल तुरैहा के नेतृत्व संगठन के कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्र हुए। जहां उन्होंने नारेबाजी कर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी मानवेंद्र सिंह के कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा।

**▸▸ विश्वविद्यालय का नाम सावित्री बाई फुले के नाम पर रखने की मांग**

धरने को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष जयपाल सैनी ने कहा कि महिलाओं की शिक्षा के लिए देश में पहला स्कूल सावित्री बाई फुले के नाम खोला था। राष्ट्रीय महासचिव डॉ. राजकुमार कश्यप ने कहा कि सावित्री बाई फुले व एकलव्य के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। कहा कि मुरादाबाद में प्रस्तावित राजकीय विश्वविद्यालय का किसी एक के नाम पर रखा जाए। ज्ञापन देने वालों में जयपाल सैनी, डॉ. राजकुमार कश्यप, बीकेसैनी, राजपाल कश्यप, तिलक राज शर्मा, प्रदीप चौहान, राहुल सागर, अजय सैनी, राजा सैनी, बाबू खान, गजेंद्र प्रसाद शर्मा, विजय सेठ, धर्मेंद्र कश्यप, मोहर सिंह कश्यप आदि मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी ने अधिकारियों को परीक्षा के दौरान सतर्क रहने को कहा, 17 व 18 को होगी परीक्षा

# आरक्षी भर्ती परीक्षा में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी के पदों पर सीधी भर्ती की परीक्षा की तैयारियों को लेकर पंचायत भवन सभागार में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि पुलिस आरक्षी परीक्षा में लगे सभी अधिकारी शुचिता और ईमानदारी से परीक्षा सम्पन्न कराएं। कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिले में कई केंद्रों पर 17 व 18 फरवरी को आरक्षी भर्ती परीक्षा होगी।

जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापकों को कहा कि परीक्षा की शुचिता कतई भंग नहीं होनी चाहिए। परीक्षा में लगे सभी अधिकारी अलर्ट रहकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी परीक्षा से संबंधित निर्देशिका को



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, साथ में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव व अन्य। ● अमृत विचार

ध्यान से पढ़कर उस अनुसार सभी कार्य निर्धारित समय पर ही कराएं। टाइम लाइन से हटकर कोई कार्य न हों इसका विशेष ध्यान दिया जाए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने कहा कि यह महत्वपूर्ण परीक्षा है। उन्होंने कहा कि गेट पर जो अभ्यर्थी आए उसकी ठीक से चेकिंग कर अंदर जाने दिया जाएगा। कोई अवैध सामग्री परीक्षा हाल में नहीं जाने पाए इसका ख्याल रखें। केंद्र व्यवस्थापकों से कहा कि केंद्र पर सभी सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील हों इसको सुनिश्चित करा लें। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द्र, एसपी यातायात सुभाष चंद्र गंगवार के अलावा अन्य अधिकारी रहे।

### बायोमेडिकल कचरा के निस्तारण में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक हुई। इसमें विशेष पौधरोपण अभियान पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि बायोमेडिकल कचरा निस्तारण में लापरवाही करने वाले चार डिफाल्टर अस्पतालों पर जनवरी में कार्रवाई की गई है। नगर निगम की ओर से बताया कि जनवरी में 357 .15 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त कर 4,05,700 का शमन शुल्क वसूला। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में जनवरी में 60 चालान कर 10,606 रुपये का जुर्माना वसूला। पुलिस अधीक्षक यातायात ने बताया कि प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के खिलाफ 809 चालान किए गए। इसमें 1,28,400 रुपये की धनराशि वसूली गई। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण विभाग ई-कचरा की समस्या को गंभीरता से निस्तारित कराएं। बैठक में सीडीओ सुमित यादव, डीएफओ सूरज, एसपी यातायात सुभाष चंद्र गंगवार सहित अन्य विभागों के अधिकारी शामिल रहे।

# एसएसपी ऑफिस के बाहर प्रेमी को पीटा

## एसएसपी से मिलने पहुंचे थे प्रेमी-प्रेमिका, युवती के घरवालों ने की मारपीट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर प्रेमिका के घरवालों ने उसके प्रेमी को लात, घूसों और चप्पलों से जमकर पीटा। उसके कपड़े फाड़ डाले। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

घटना मंगलवार दोपहर की है। युवक को पिटता देख वहां भीड़ जुट गई, अफरा-तफरी का माहौल हो गया। एसएसपी कार्यालय में मौजूद पुलिसकर्मी मौके पर आकर बीच-बचाव करने लगे थे। साथ ही सिविल लाइंस थाना पुलिस को मामले की खबर की थी। जिस पर सिविल लाइंस थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा और महिला थानाध्यक्ष दीपा त्यागी मौके पर पहुंचे थे। यह बवाल काफी देर तक चलता रहा। मार खाने वाले युवक का नाम देव शर्मा उर्फ प्रमुखी बताया जा रहा है। इसे पुलिस सिविल लाइंस थाने ले आई थी, जहां से उसे जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया था। उधर, महिला थानाध्यक्ष युवती



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर प्रेमी को पीटते लड़की के परिजन।

**हंगामा**

**▸▸ एसएसपी के पीआरओ व अन्य पुलिसकर्मियों ने युवक को बचाया**

को थाने ले आई थीं। बताया जा रहा है कि प्रेमी-प्रेमिका दोनों वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के सामने पेश होना चाहते थे। एसएसपी अंदर बैठे थे जबकि युवती उनसे मिलने को उनके चेंबर के बाहर बेंच पर बैठी अपनी बारी के इंतजार में थी, जबकि उसका प्रेमी बाहर सड़क पर था। प्रेमी-प्रेमिका के एसएसपी कार्यालय में आने की सूचना किसी तरह से युवती के परिवार वालों को मिल गई थी। वह लोग करीब 10-12 की संख्या में एसएसपी कार्यालय के पास आए थे और सड़क पर युवक को पाकर उसे पीटना शुरू कर दिया था। इस दौरान वहां काफी संख्या में लोग एकत्र हो गए। जिससे अफरा-तफरी माहौल बन गया था। सिविल लाइंस थानाध्यक्ष रामप्रसाद शर्मा ने बताया कि युवक का नाम देव शर्मा उर्फ प्रमुखी पुत्र गंगा सहाय है। यह पाकबड़ा थाना क्षेत्र के गुरैठा गांव का रहने वाला है। आरोप है कि देव शर्मा शनिवार को अपनी प्रेमिका को उसके घर से भगा ले गया था। इस मामले में युवती के घर वालों ने पाकबड़ा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। लेकिन, सुनवाई नहीं होने पर वह थाना पुलिस से संतुष्ट नहीं थे। इसी कारण एसएसपी कार्यालय के बाहर मारपीट करते समय इन लोगों ने पाकबड़ा थाना पुलिस के विरुद्ध नारेबाजी भी की है। सिविल लाइंस थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में कार्रवाई की जा रही है।

**थाने में दर्ज है अपहरण का मामला**

पाकबड़ा थानाध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि युवती के अपहरण होने के मामले में थाने में उनके परिजन की तरफ से मामला दर्ज है। युवती की तलाश में पुलिस लगी थी। उसके घर वालों से भी पुलिस लगातार संपर्क में थी।

### अपहरण की धमकी देने वाले पर एफआईआर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अपरिचित लगातार फोन कर बीटेक की छात्रा को परेशान कर रहा है। पीड़िता के पिता के मुताबिक, उनकी बेटी के मोबाइल पर दो फरवरी की रात 12.30 बजे अपरिचित की कॉल आई और वह अपहरण कर लेने की धमकी दे रहा था। पीड़िता वनस्थली कॉलेज राजस्थान से बीटेक कंप्यूटर साइंस की द्वितीय वर्ष की छात्रा है। उन्होंने संजय पंडित के नाम के व्यक्ति के विरुद्ध मझोला थाने में नामजद एफआईआर भी दर्ज करा दी है।

छात्रा के पिता ने बताया कि उनकी बेटी अभी 21 वर्ष की है। आरोपी संजय पंडित कहां का रहने वाला है, इस बात से पीड़ित परिवार अपरिचित है। उन्होंने बताया कि संजय पंडित नाम का व्यक्ति काफी समय से तीन सिम नंबरों से उनकी बेटी के फोन पर कॉल करता रहा है। अभद्र भाषा का प्रयोग कर अश्लील बातें करता है। इससे उनकी बेटी काफी परेशान है। इस मामले में मझोला थानाध्यक्ष संजय कुमार पांचाल ने बताया कि मामले में आरोपी के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज की है। आरोपी के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

# प्रेमिका से शादी करने को युवक ने कही जेंडर बदलने की बात

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** प्रेमिका से शादी की इच्छा रखने वाले युवक ने अजीबोगरीब पैंतरा अपनाया। युवक ने अपने परिजनों पर दबाव बनाने के लिए लिंग परिवर्तन कराने की बात कही। उसने रिश्तेदारों के जरिये अपने परिवार में कहलाया कि उसे शादी करने में कोई दिलचस्पी नहीं है और वह लिंग परिवर्तन कराना चाहता है। जानकारी होने पर परिवार के लोग उसे लेकर जिला अस्पताल स्थित मानसिक स्वास्थ्य प्रकोष्ठ पर पहुंचे, जहां इस मामले का खुलासा हो गया।

जिला अस्पताल में संचालित मानसिक स्वास्थ्य प्रकोष्ठ के क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. एस धनंजय ने इस मामले की पुष्टि की है। चिकित्सकों के काउंसिलिंग करने पर निजी नौकरी करने वाले हाई प्रोफाइल परिवार के इस युवक ने बताया कि कॉलेज टाइम से उसे जिस लड़की से प्यार हुआ वह भी संपन्न परिवार की है। अब उसकी सरकारी नौकरी लग गई है। हम

**▸▸ जिला अस्पताल के मानसिक स्वास्थ्य प्रकोष्ठ में हुआ मामले का खुलासा**

दोनों एक दूसरे से ही शादी करना चाहते हैं, लेकिन अपने पिता के डर से अपनी बात परिवार में नहीं रख सका। परेशान होकर उसने दूसरा तरीका अपनाया। डॉ. धनंजय के अनुसार युवक ने अपने रिश्तेदार को बताया कि वह थर्ड जेंडर अपनाना चाहता है और शादी करने में उसकी कोई दिलचस्पी नहीं है।

वह लड़कियों के आउटफिट पहनना चाहता है और उन्हीं की तरह रहना चाहता है। रिश्तेदार द्वारा यह बात साझा करने पर परिजनों को इसका पता चला तो वह युवक को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। इस बारे में युवक के पिता को जानकारी नहीं थी। डॉ. धनंजय ने युवक से बात कर उसे परिवार में अपनी बात रखने के लिए उसका हौसला बढ़ाया। चिकित्सक ने उसे लेकर पहुंचे रिश्तेदारों को भी इसमें सहयोग देने के लिए प्रोत्साहित किया।

# पति-बच्चे को छोड़ प्रेमी संग गई महिला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** पति और बच्चे को छोड़कर विवाहिता अपने प्रेमी के साथ चली गई। इस मामले में पति ने महिला के विरुद्ध न्यायालय में तलाक का वाद दायर किया तो विवाहिता अपने मायके वाले व प्रेमी के साथ सुसराल आई और घर में मिला उसे जमकर लाठी-डंडों से मारापीटा। इसमें कई लोगों के घायल होने की बात कही जा रही है। आरोप है कि महिला तलाक से पहले अपने पति से 50 लाख रुपये मांग रही है। फिलहाल, इस मामले में उसके पति ने पत्नी समेत सात के विरुद्ध मझोला थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। सभी बिजनौर जिले के हैं।

जितेंद्र कुमार बुद्धि विहार मानसरोवर के रहने वाले हैं। उन्होंने पुलिस को बताया है कि

**▸▸ कोर्ट के आदेश पर सात के खिलाफ एफआईआर**

उनका विवाह 10 दिसंबर 2018 को बिजनौर के शेरकोट थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती गीता से हुआ था। उनकी पत्नी अन्य लोगों से भी आए दिन फोन पर बात करती थी। जबकि उनके गीता से एक बेटा भी है। काफी समझाने के बाद भी गीता नहीं मानी और बेटे व उनका परित्याग कर 3 मई 2023 को अपने प्रेमी राजवीर कटारिया के साथ चली गई थी। जिस पर पीड़ित जितेंद्र ने न्यायालय परिवार न्यायाधीश के समक्ष तलाक के लिए एक वाद दायर किया था। इस मामले की जानकारी होने पर महिला 15 दिसंबर 2023 को जब जितेंद्र अपने घर थे, अपने भाई, मां, रिश्तेदार व दो अज्ञात लोगों को साथ लेकर आ गई थी। विवाद करने के साथ उसने अपने सहयोगियों के साथ घर में घुसकर लाठी-डंडों से मारापीटा। घर में रखे सामान को तोड़फोड़ डाला था। आरोप है कि गीता ने कहा कि मुझे छोड़ना चाहता है तो 50 लाख रुपये देने होंगे। पीड़ित का कहना है कि इस मामले में वह मझोला थाने गया था, जहां उसे पुलिसकर्मियों ने पारिवारिक मामला कहकर आपस में निपटा लेने की सलाह दी थी। इसके बाद जितेंद्र ने 16 दिसंबर 2023 को मेडिकल परीक्षण कराया था। एसएसपी के यहां भी सुनवाई नहीं होने पर वह न्यायालय की शरण में गए थे, जहां से एफआईआर के आदेश हुए हैं। उधर, मझोला थानाध्यक्ष संजय कुमार पांचाल ने बताया कि न्यायालय के निर्देश पर सात आरोपियों के विरुद्ध नामजद और कई अन्य अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### आरटीओ कार्यालय में मारपीट, चार पर रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय परिसर में मारपीट करने वाले चार लोगों के विरुद्ध पीड़ित ने मझोला थाने में नामजद एफआईआर दर्ज करा दी है। इसमें रियासत व उसका बेटा दयानत अली, सोहेल और नजर नामजद हैं।

पीड़ित पक्ष के जाने आलम अमरोहा जिले के डिडोली थाना क्षेत्र के मंडिया पांयती कलां के रहने वाले हैं। इन्होंने मझोला थाना पुलिस को बताया कि वह 30 जनवरी को वाहन का टैक्स जमा करने संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय मुरादाबाद आए थे। कार्यालय में दयानत अली पुत्र रियासत, रियासत पुत्र छोटे, सोहेल पुत्र शफीकुर्रहमान और नजर पुत्र बदर पहले से मौजूद थे। जाने आलम का कहना है कि इन लोगों ने उन्हें देखते ही मारपीट की थी। मझोला थानाध्यक्ष संजय कुमार पांचाल ने बताया कि प्रकरण में एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# दुकानें हटाने की अपील की अनदेखी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अगस्त तक कपूर कंपनी पुल के पास एक और पुल बनाकर लोगों को सौंपने की तैयारी में जुटे रेल प्रबंधन के लिए चिंता की बात है। पुराने पुल के नजदीक बनी दुकानों के पास की छह दुकानों को स्वेच्छा से हटाने की अपील बेकार गई। लाइनपार और स्टेशन रोड के दुकानदार टस से मस नहीं हुए। रेलवे के निर्माण विभाग ने मंगलवार ( 13 फरवरी ) के पहले लोगों से दुकानें हटा लेने की नोटिस दी थी। रेलवे के सहायक अभियंता का कहना है कि दुकानदारों को एक और अवसर देकर कार्रवाई करेंगे।

रेलवे के निर्माण विभाग ने 16 फरवरी को इस कार्य के लिए ठेके का दिन तय किया है। डिजाइन और अन्य कार्य एजेंसी भी तय हो गयी है। नए पुल के नक्शे में

**कपूर कंपनी पुल प्रकरण**

**▸▸ रेलवे की हिदायत सुनकर शांत बैठे हैं दुकानदार**

**▸▸ लाइनपार और हाईवे क्षेत्र की छह दुकानें हटेंगी**

दो दिशा की छह दुकानें हटाई जानी हैं। ज्ञात हो कि दोनों ओर की दुकाने रेलवे की भूमि पर बनाई गईं हैं। दुकानों को हटाने के लिए रेलवे के पत्र को लेकर कब्जाधारी चुप हैं। मंगलवार को रेल प्रबंधन की टीम ने क्षेत्र का गोपनीय भ्रमण किया। यहां साप्ताहिक बंदी की वजह से दुकानें बद थीं। सूत्रों का कहना है कि दोनों के दुकानदार इस बात को लेकर सतर्क है कि रेल प्रबंधन क्या कर रहा है। लाइनपार के एक दुकानदार ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि दुकान के लिए रेल प्रबंधन ने कभी सहमति दी थी। अब बिना वार्ता के दुकानें कैसे तोड़ी जाएंगी। जहां तक बात नए पुल के निर्माण की बात है तो रेल प्रबंधन ने अगस्त माह तक इसको पूरा करने का निर्णय लिया है। निर्माण कार्य के ठेके में रेल प्रबंधन को दो बार सफलता नहीं मिल पाई थी। पुल निर्माण के लिए करीब सात से आठ करोड़ रुपये खर्च होने हैं। नया पैदलगामी पुल तीन मीटर चौड़ा होगा। नया पुल पुराने से छह मीटर दूर यानी दिल्ली दिशा की ओर बनना है। इस वजह से कुछ छह दुकानों को हटना पड़ेगा। पुराने पुल को तोड़ने और निर्माण शुरू करने के पहले यह कार्य करना होगा। रेलवे के सहायक अभियंता (कार्य) बलजीत सिंह का कहना है कि नोटिस का पालन नहीं करने वालों को एक और अवसर दिया जाएगा। उसके के बाद विभाग अग्रिम कार्रवाई करेगा।

### टॉवर से उपकरण चोरी नहीं हो पा रही कॉल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रफतपुर अंडरपास के पास हाईवे पर लगे टॉवर से उपकरण चोरी होने के बाद से टेलीफोन व इंटरनेट की सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। कॉल के लिए सिग्नल आवागमन बाधित हो गया है।

इस मामले में रिलायंस जियो कंपनी के इलेक्ट्रीशियन मेरठ निवासी राहुल कुमार सक्सेना ने बताया कि टॉवर से 5-जी-3500 बैंक का आरआरयू चोरी हो गया है। उन्होंने मूंढापांडे थाने में एफआईआर दर्ज करा दी है। उन्होंने पुलिस को बताया है कि यह टॉवर रिलायंस जियो कंपनी का है। टॉवर पर चोरी होने के संबंध में उन्होंने प्रारंभ में यूपी डॉयल-112 पर फोन कर सूचना भी दी थी। मूंढापांडे थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि इलेक्ट्रीशियन राहुल कुमार सक्सेना की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है। टॉवर पर उपकरण की चोरी करने वाले व्यक्ति की पहचान और उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगी है।

**परेशानी** कुंभ, सत्याग्रह, इंटरसिटी और दून एक्सप्रेस की प्रतीक्षा यात्रियों को पड़ रही भारी

# रेलवे के दावे हवाई, यात्रियों की योजना धराशायी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** दिल्ली-लखनऊ के बीच ट्रेनों की गति बढ़ाने को तैयार रेल प्रबंधन के पास गाड़ियों की देरी से चलने को लेकर कोई जवाब नहीं है। परिचालन विभाग यात्रियों की सुविधा और ट्रेनों की संरक्षा के मुद्दे पर हर दिन कोई न कोई योजना बना रहा है लेकिन ट्रेनों का भी समयबद्ध संचालन संभव नहीं हो रहा है।

हाई-स्पीड ट्रेन संचालन और समयबद्ध सेवाओं का दावा जिम्मेदार प्रबंधन को मुंह चिढ़ा रहा है। लंबी दूरी और विशेष सेवा की ट्रेनों के लिए अधिक किराया चुकाने के बाद भी यात्री समय से यात्रा पूरी नहीं कर पा रहे हैं। समय से रेल संचालन के विभागीय दावे हवाई हैं जबकि



ट्रेन में चढ़ते यात्री। ● अमृत विचार

यात्रियों का हित प्रभावित हो रहा है। मंगलवार को मंडल मुख्यालय से होकर आने-जाने वाली ट्रेनों का शेड्यूल खराब रहा। आनंद विहार की ओर आने वाली सत्याग्रह एक्सप्रेस दोपहर तक 5:26 घंटे देरी से चल रही थी। कुंभ एक्सप्रेस के यात्री 7:27 घंटे से ट्रेन के आने का इंतजार करते रहे। बाद में यह गाड़ी 8:13 घंटे बाद यहां आ सकी। उदयपुर साप्ताहिक मेल के देरी से चलने की सूचना से यात्री परेशान हैं। सुबह मुरादाबाद से दिल्ली और मुरादाबाद से ही गजरौला के लिए चलने वाली स्पेशल ट्रेन भी विलंब से रवाना की गयी।

दोपहर बाद की जलियांवाला बाग एक्सप्रेस 59 मिनट, दिल्ली से बरेली के बीच चलने वाली इंटरसिटी 3:09 घंटे देरी से आई। सुपरफास्ट श्रमजीवी एक्सप्रेस 1:05 घंटे, दून एक्सप्रेस 3:40 घंटे और वाराणसी से देहरादून के बीच चलने वाली जनता एक्सप्रेस 1:15 घंटे विलंब से आई। स्टेशन अधीक्षक महेंद्र कुमार ने बताया कि दोपहर बाद की कुछ ट्रेनें प्रभावित रही हैं। लंबी दूरी और साप्ताहिक ट्रेनों की देरी से यात्री परेशान हुए।

### बदले रूट और सारिणी से चलेगी बेगमपुरा एक्सप्रेस

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लखनऊ मंडल के जाफराबाद-सुल्तानपुर रेल खंड में जौनपुर सिटी-बख्शा रेलवे स्टेशन के बीच 15 फरवरी को रेल लाइन दोहरीकरण के लिए ट्रैफिक एवं पॉवर ब्लॉक जारी है।

इस वजह से मंडल में संचालित होने वाली गाड़ी संख्या 12237( वाराणसी-जम्मूतवी बेगमपुरा एक्सप्रेस गुरुवार को वाराणसी से 12: 40 के स्थान पर 13: 40 बजे से चलाई जाएगी। गाड़ी संख्या 12238 ( जम्मूतवी-वाराणसी बेगमपुरा एक्सप्रेस )14 फरवरी (बुधवार) को अपने वर्तमान मार्ग सुल्तानपुर-जाफराबाद-वाराणसी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग सुल्तानपुर-प्रतापगढ़-जंघई-वाराणसी होकर संचालित की जाएगी। यह जानकारी प्रवर मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुधीर सिंह ने दी है।

# रेल दोहरीकरण का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मंडल के सीतापुर सिटी से सीतापुर जंक्शन रेलवे स्टेशन के बीच दोहरीकरण का मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त ( सीसीआरएस ) जनक कुमार गर्ग ने निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों मंडल के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। सीतापुर सिटी स्टेशन उत्तर और जंक्शन पूर्वोत्तर रेलवे के तहत आता है। सीसीआरएस और डीआरएम ने संयुक्त रूप से निर्माण कार्य के निमित्त पूजन-अनुष्ठान में यजमान की भूमिका निभाई।

निरीक्षण से पहले सीतापुर सिटी स्टेशन पर अनुष्ठान का आयोजन किया गया। मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त ने मंडल रेल प्रबंधक राज कुमार सिंह के साथ दोहरीकरण की गयी रेल लाइन का मोटर ट्राली पर बैठकर गहन निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त ने सीतापुर सिटी स्टेशन से सीतापुर जंक्शन के बीच के रेल ब्रिज, रेललाइन एवं गाड़ियों के सुलभ संचालन के लिए सभी संरक्षा मानकों की छानबीन की। विभागवार शाखा प्रमुखों से विस्तारपूर्वक चर्चा की। पूर्वोत्तर रेलवे के टप्पा खजुरिया हाल्ट-हेमपुर और टप्पा खजुरिया हाल्ट के बीच रेल लाइन का अप एवं डाउन लाइन पर स्पीड ट्रायल हुआ। यह रेल लाइनें दोनों मंडल और विभागीय जोन में गाड़ियों के सुलभ संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करेंगी। रेल प्रबंधक का कहना है कि रेल लाइन के दोहरीकरण से गाड़ियों का संचालन तीव्र गति से किया जा सकेगा। सीतापुर स्टेशन को पूरी तरह से सजाया गया था। परिसर में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए थे।



सीतापुर रेलवे स्टेशन पर अनुष्ठान में बैठे मुख्य रेल संरक्षण आयुक्त जनक कुमार गर्ग और मंडल रेल प्रबंधक राजकुमार सिंह। ● अमृत विचार

**▸▸ सीतापुर सिटी से सीतापुर जंक्शन रेलवे स्टेशन के बीच है दोहरीकरण**

## एक नजर

### उर्स मुबारक पर सजी नातिया महफिल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के मोहल्ला किसरौल स्थित दरगाह हजरत मक्खन शाह पर उर्स मुबारक के मौके पर फज्र के नमाज के बाद कुरआन ख्वानी हुई। बाद में नमाज-ए-ईशा नातिया की महफिल सजी। नातिया महफिल में नातख्वां मास्टर नाजिर अशरफी ने निजामत की। हजरत मौलाना वसीम कादिरी, मोहम्मद शुऐब अशरफी, मोहम्मद कासिम वारसी, नूर कादरी, शायर ख्याल मुरादाबादी, नजाकत आदि ने कलाम पेश किए। सरपरस्ती हाफिज कारी मोहम्मद मुस्तजाब हुसैन कदीरी की रही। इस दौरान अकीदतमंदों का तांता लगा रहा। अकीदतमंदों ने चादरपोशी कर मन्नतें मांगीं। सज्जादा नशीन असलम हुसैन कदीरी ने दुआ कराई। इस मौके पर शमशाद वारसी, सरफराज मुनीर, शकील अहमद, मोहम्मद फहीम, सलीम खान, हैदर फैजान कदीरी, शुऐब कदीरी व फराज कदीरी शामिल रहे।

### डींगरपुर में उर्स में उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़

**मैनाठेर, अमृत विचार :** मंगलवार को डींगरपुर में पाकबड़ा रोड पर स्थित मुफ़्ती अब्दुल रब का 34 वां उर्स मनाया गया। इस दौरान कुलशरीफ में हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। वही मुल्क में अमन चैन और कौम के लिए दुआ की गई। सुबह से कुरआन ख्वानी के साथ शुरू हुए मुफ़्ती अब्दुल रब के सालाना उर्स के चलते डींगरपुर में चहल-पहल रही। वहीं लंगर में हजारों लोगों को खाना खिलाया गया। इस दौरान कुलशरीफ में मुफ्ती गुलाम रहमानी हबीबी गद्दीनशीन ने कहा कि दीनी तालीम के साथ दुनियावी तालीम बहुत जरुरी है। इस दौरान हाजी महमूद जावेद, हाजी अकिल, मशहूर अहमद, जहीरूल इस्लाम, गुलाम यजदानी, फिराशिम भूरा, अरशद, आफताब, बब्बू, फिरोज, साहिल पाशा, मोहम्मद फिराशिद आदि मौजूद रहे।

### किसान नेता को घर में नजरबंद किया

**बिलारी, अमृत विचार :** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसानों के दिल्ली कूच को देखते हुए प्रशासन ने किसानों को दिल्ली जाने से रोकने के लिए इंतजाम किए। मंगलवार को भाकियू असली के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी महक सिंह को रात से ही घर पर नजरबंद किया। इस दौरान चौधरी महक सिंह ने बताया कि अब समय आ गया है कि सरकार को किसानों की सुध लेनी ही पड़ेगी।

# मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल रहा प्रथम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



वीकेएस स्कूल में आयोजित रेसलिंग चैंपियनशिप में विजेता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिला आर्म रेसलिंग संघ की ओर से इन्विटेशनल आर्म रेसलिंग चैम्पियनशिप का आयोजन वीकेएस स्कूल लाइनपार में किया गया। इसका उद्घाटन स्कूल के प्रबंधक अशोक सिंघल और संगठन के चेयरमैन अनिल कुमार सिंह ने किया। ओवरऑल चैम्पियनशिप में प्रथम स्थान मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल, द्वितीय ग्रीन मिडोज स्कूल और तृतीय स्थान एनपीएस भोजपुर का रहा।

प्रतियोगिता में जिले के 15 विद्यालयों मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल ग्रीन मिडोज स्कूल, एनपीएस स्कूल, सेंट मैरी स्कूल, एमपीएस स्कूल, जीके पब्लिक स्कूल, नोजगे स्कूल अल्पाइन स्कूल, सेंटफोर्ट स्कूल से 300 प्रतिभागी शामिल हुए। मुख्य निर्णायक की भूमिका आर्य भोला सिंह त्यागी, धर्मदेव सिंह भाटी व अन्य निर्णायक की भूमिका मोहम्मद ओवैस, संस्कार, अमन, विकास ऋषि ने निभाई। प्रतियोगिता में विद्यालयों के शारीरिक शिक्षक रुपेश, कंचन, प्रवीण, परवीन, सुधांशु, विजेंद्र, सचिन नैनवाल आदि ने सहयोग किया। जिला आर्म रेसलिंग संघ के अध्यक्ष विपिन जखमोला ने स्कूलों के शारीरिक शिक्षक, निर्णायकों और विद्यालय के प्रबंधक का आभार जताया।

**उपलब्धि**

**▸▸ दूसरे पर ग्रीन मिडोज व तीसरे स्थान पर एनपीएस भोजपुर के खिलाड़ी रहे**

## सर्किट हाउस में लोकसभा कोऑर्डिनेटर डॉ. युसूफ कुरैशी ने की समीक्षा

# 11 ने की लोकसभा चुनाव लड़ने की दावेदारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


सर्किट हाउस में कांग्रेसियों को संबोधित करते डॉ. युसूफ कुरैशी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मंगलवार को सर्किट हाउस पहुंचे कांग्रेस के मुरादाबाद लोकसभा के कोऑर्डिनेटर डॉ. युसूफ कुरैशी एडवोकेट ने जनपद के कांग्रेसियों के साथ समीक्षा की और लोकसभा चुनाव को लेकर दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान 11 कांग्रेसियों ने लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए आवेदन दिया।

लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही सभी पार्टियों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सभी पार्टियों ने वरिष्ठ पदाधिकारियों को अलग-अलग जनपदों की जिम्मेदारी सौंपी है। जिसके तहत कांग्रेस हाईकमान ने मेरठ के कांग्रेसी डॉ. युसूफ कुरैशी एडवोकेट को मुरादाबाद लोकसभा का कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया है। मंगलवार को डॉ. युसूफ कुरैशी दिल्ली रोड स्थित सर्किट हाउस पहुंचे, जहां उन्होंने जिला, महानगर कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष, कांग्रेस के पार्षदों के साथ संगठन के संबंध में वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि यहां का स्थानीय निकाय चुनाव में बहुत अच्छा परिणाम दिखा है। इसी कारण राष्ट्रीय नेतृत्व लोकसभा पर गहन चिंतन में लगी है।

संगठन स्तर पर कोई कमजोरी कमी है। उसको शीघ्र दुरुस्त कर मजबूत करके लोकसभा को ध्यान में रखकर शीघ्र करना होगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा की सीट गठबंधन को जायेगी, तब संगठन मजबूती से लड़ेगा। यदि गठबंधन में मुरादाबाद लोकसभा सीट कांग्रेस खाते में आती है। तब भी मजबूत संगठन बूथ स्तर पर काम करेगा। इस दौरान पूर्व विधायक हाजी इकराम कुरैशी, अजय सारस्वत सोनी, पुष्पेंद्र सिंह चौहान, हाजी सगीर सईद समेत 11 कांग्रेसियों ने लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए अपना आवेदन दिया।

इस मौके जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद, पूर्व जिलाध्यक्ष ,पंडित देशराज शर्मा, अनुभव मेहरोत्रा, रिजवान कुरैशी, अनुराग शर्मा, भयंकर सिंह बौद्ध, मोहतसिम मुख्तार, राजेंद्र वाल्मीकि, दाऊद खान, चौधरी एहसान खान, पार्षद शमशेर, भारतीय परवेज इस्लाम व रेहान अहमद शामिल रहे।

# शटडाउन में भी कार्य अधूरा, परेशानी

## महानगर में 5700 उपभोक्ताओं की 3 से 6 घंटे बिजली आपूर्ति रही बाधित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


दीवान का बाजार में विद्युत केबल ठीक करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बिजली विभाग की आरडीएसएस और स्मार्ट सिटी योजना के कार्य करने वाली संस्थाएं मनमाने ढंग से काम कर रही हैं। जिससे पुराने शहर और महानगर की पॉश कालोनियों में रहने वाले हजारों लोगों को मंगलवार सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक लगातार बिजली कटौती का संकट झेलना पड़ा। वितरण खंड द्वितीय के मोहल्ला दीवान का बाजार, बावरियान, किसरौल, नवाब पुरा, दौलत बाग दसवां घाट, बंगला गांव जिगर कालोनी में 6 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही।

मंगलवार सुबह से स्मार्ट सिटी परियोजना में कार्य करने वाली कार्यदायी संस्था ने कार्य करने के लिए 11 से 2 बजे तक शटडाउन लिया। जिसमें दीनदयाल नगर के शिव मंदिर स्टेडियम रोड और आशियाना फेज वन पीवीआर रोड पर पर एबीसी केबल बिछाई गई। गुरहट्टी फीडर पर आरएमयू चार्ज करने के चलते बिजली आपूर्ति 3 घंटे ठप रही। जिगर कालोनी के विद्युत केंद्र के डिप्टी गंज फीडर पर जिगर कालोनी से लेकर बंगला गांव तक 33 केवी लाइन में बिजली आपूर्ति सुचारू करने के लिए बिजली आपूर्ति 3 घंटे बंद रही। पीटीसी विद्युत केंद्र के 33 केवी फीडर के किला रोड पर लाइन भूमिगत केबल में बिजली आपूर्ति सुचारू करने के लिए बिजली आपूर्ति तीन घंटे ठप रही। रामगंगा विहार के अवंतिका फीडर के सोनकपुर रोड पर 11 केवी भूमिगत विद्युत लाइन डालने के 11 बजे से 4 बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। पांच विद्युत केंद्रों के सात फीडरो के 4500 उपभोक्ताओं को स्मार्ट सिटी परियोजना के कार्य के दौरान बिजली कटौती का संकट झेलना पड़ा। कार्यदायी संस्था को इन कार्यों को सोमवार को पूरा करना था। वहीं आरडीएसएस योजना के तहत के उपकरण बदलने के कार्य में दौलत बाग विद्युत केंद्र के मोहल्ला दसवें घाट, नबाबपुरा, दीवान का बाजार, किसरौल, बाबरियान मोहल्ले के 1200 उपभोक्ताओं की सुबह 11 बजे से शाम 5:30 बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रही।

> महानगर के पुराने मोहल्लों में भीड़भाड़ होने के कारण निर्धारित समय से डेढ़ घंटे बिजली कटौती अधिक रही। आरडीएसएस योजना में अभी 15 दिन का कार्य बाकी है।
>
> –शैलेंद्र सिंह, अधिशासी अभियंता द्वितीय

### बाजार में रखे बिजली के उपकरणों से दिक्कत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बिजली विभाग की चलाई जा रही स्मार्ट सिटी परियोजना और आरडीएसएस योजना के कार्य से महानगरवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बिजली विभाग के आलाधिकारी इन परेशानियों से अनजान बने हैं। स्मार्ट सिटी परियोजना के कार्य में जगह-जगह कार्यदायी संस्था ने गड्ढों को खोदकर छोड़ दिया है। वहीं मुख्य बाजार समेत कई स्थानों पर संस्था के उपकरण रखे हैं। जिनसे दुकानदारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है

### शायर डॉ. कृष्ण कुमार बेदिल के निधन पर शोक

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** चन्दौसी ( पूर्व में मुरादाबाद) में जन्में एवं वर्तमान में मेरठ (उप्र) आवासित सुप्रसिद्ध शायर डॉ. कृष्ण कुमार ''बेदिल'' का स्वर्गवास होने से महानगर के साहित्यकारों में शोक है।

साहित्यिक संस्था अक्षरा, हस्ताक्षर, हिन्दी साहित्य संगम, राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रचार समिति, संकेत आदि से जुड़े साहित्यकारों डॉ. मंसूर उस्मानी, डॉ. मक्खन मुरादाबादी, डॉ. कृष्ण कुमार नाज, जिया जमीर, योगेन्द्र वर्मा व्योम, राजीव प्रखर आदि ने निधन पर शोक जताया है। इन्होंने बताया कि डॉ. कृष्ण कुमार काफी अस्वस्थ चल रहे थे। उनके सुपुत्र दीप रस्तोगी से प्राप्त जानकारी के अनुसार मेरठ स्थित एक अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। मोम का घर, हथेली पर सूरज, पीली धूप, गजल रदीफ-काफिया और व्याकरण जैसी उल्लेखनीय कृतियां उनकी चर्चा में रहीं। रात उतरा था चांद पानी में, कितना तन्हा था चांद पानी में और आंगन का हर कोना-कोना, छान गई है पीली धूप काफी सराही गईं। साहित्यकार फरहत अली, मीनाक्षी ठाकुर, सूर्यकांत द्विवेदी, अशोक विश्नोई, वीरेन्द्र बृजवासी, विवेक निर्मल, मयंक शर्मा आदि ने उनके निधन पर संवेदना व्यक्त की।

# कैडर रिपोर्ट से चुनावी तैयारी की बसपा में हो रही पड़ताल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**▸▸ प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में हैं 30-35 सेक्टर**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की तैयारी में बहुजन समाज पार्टी गुप्त एजेंडे पर काम कर रही है। न शोर और न ही किसी तरह का दिखावा। बूथ और सेक्टर आधारित योजना पर संगठन का कार्य चल रहा है। पार्टी कैडर से आम चुनाव में काम करने की योजना साझा की जा रही है। यही कैडर कैंप (बूथ स्तर के सदस्यों का प्रशिक्षण) चुनावी तैयारी का मूल आधार है। हर सप्ताह कैंप की रिपोर्ट पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और जिम्मेदारों को भेजी जा रही है।

बात साल 2019 के लोकसभा चुनाव की करें तो मंडल में पार्टी का प्रदर्शन सपा के बराबर था। चुनाव में बसपा, सपा और राष्ट्रीय लोक दल का चुनावी गठबंधन था। अबकी बसपा अकेले दम पर चुनाव की तैयारी कर रही है। इसके लिए संगठन के लोगों को चुनाव के मद्देनजर प्रशिक्षित किया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि लोकसभा चुनाव तक संगठन को कैडर कैम्प का आयोजन जारी रखना है। जिले के 35 वरिष्ठ लोगों को कैंप की जिम्मेदारी दी गयी है। हर पांच कैंप पूरा होने पर मुख्यालय को रिपोर्ट भेजी जानी है। सेक्टर वार 250 से 400 सदस्यों को पार्टी की नीति-रीति, राज्य में चार सरकार के कार्यक्रम और बहुजन समाज के हक के लिए पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती की सोच को लेकर सीधा संवाद हो रहा है।

बूथ और सेक्टर के सदस्यों और पदाधिकारियों को बताया जा रहा है कि सभी अपने क्षेत्र में चुनाव के दौरान लोगों से मिलकर बसपा के एजेंडे की चर्चा करें। इसलिए विधानसभा वार शिविरों का आयोजन हो रहा है। संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ. सुनील आजाद का कहना है कि पांच से सात दिन के भीतर कैडर के आयोजन की रिपोर्ट पार्टी मुख्यालय भेजी जा रही है। कैडर कैंप में वैचारिक स्तर पर संवाद किया जा रहा है। यह सिलसिला लोकसभा चुनाव के उम्मीदवार की घोषणा तक चलेगा।

# जनपद में 545 बेटियों के हाथ पीले कराए जाएंगे

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद

**आयोजन**

**▸▸ जिला समाज कल्याण विभाग 29 फरवरी को कार्यक्रम करेगा**

**अमृत विचार :** जिले में गरीब माता-पिता की बेटियों की शादी प्रदेश सरकार की ओर से जिला समाज कल्याण विभाग कराएगा। इस बार ब्लॉक व नगर पालिका, नगर पंचायतों से 545 बेटियों की विदाई 29 फरवरी को दिल्ली रोड स्थित सर्किट हाउस के पीछे पड़े मैदान से की जाएगी। इसके लिए अब तक आए हजारों आवेदनों का विभाग द्वारा सत्यापन किया जा रहा है।

प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह योजना के अंतर्गत सरकार की ओर से जिला समाज कल्याण विभाग 545 बेटियों की शादी कराने की तैयारी में जुटा है। जिसके लिए जिले से अब तक 2200 आवेदन आ चुके हैं। विवाह समारोह के लिए 29 फरवरी की तिथि निर्धारित की गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र गौतम ने बताया कि जनपद के 8 ब्लॉकों में से प्रत्येक ब्लॉक से 50-50 आवेदन लिए जाएंगे। नगर निगम मुरादाबाद से 50 बेटियों की वहीं तीनों नगर पालिकाओं से 15-15 और पांचों नगर पंचायतों से 10-10 बेटियों की शादी का प्रबंध किया गया है। इसके लिए आए आवेदनों का सत्यापन किया जा रहा है। 20 फरवरी तक सत्यापन का कार्य पूरा हो जाएगा। जिसके बाद आवेदकों सूचित किया जाएगा।

### प्रशिक्षण के लिए 50 किसानों का दल रवाना

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग ने कृषक हित में अनूठी पहल की है।

इसमें गन्ना उत्पादन बढ़ाने के लिए मुरादाबाद परिक्षेत्र में जनपद वार 5000 किसानों को सप्ताह के प्रथम तीन दिन (सोमवार, मंगलवार एवं बुधवार) को गन्ना शोध केंद्र मुजफ्फरनगर एवं गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। जनपद अमरोहा, बिजनौर, मुरादाबाद, संभल एवं रामपुर से 1000-1000 किसानों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिलाने की व्यवस्था जिला गन्ना विभाग की ओर से की गई है। जिसमें प्रथम चक्र में गन्ना विकास परिषद अगवानपुर से किसानों के 50 सदस्यीय दल को जिला गन्ना अधिकारी ने गन्ना भवन से झंडी दिखाकर शाहजहांपुर के लिए रवाना किया।

# बदलते मौसम में धूप से न खाएं धोखा, ठंड से बरतें सावधानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**▸▸ गर्म कपड़े पहनकर घर से निकलें, नहीं तो हो जाएगी बुखार और जुकाम की समस्या**

**अमृत विचार :** दिसंबर और जनवरी में मौसम खूब ठंडा रहा, लेकिन फरवरी शुरू होते ही रोजाना मौसम में बदलाव हो रहा है। वहीं रविवार और सोमवार को निकली चमकदार धूप से तापमान में जबरदस्त उछाल आया है। जिसके चलते चिकित्सकों का कहना है कि दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक धूप में बैठने के दौरान भी कम से कम एक स्वेटर जरूर पहनें। नहीं तो हवा ठंडी होने की वजह से जुकाम और बुखार की समस्या हो जाएगी।

मंगलवार को अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। डॉ. इरशाद ने बताया कि मौसम एकदम से बदल रहा है। अभी न तो सर्दी गई है और न ही गर्मी आई है। इसलिए अभी गर्म कपड़े पहनना बंद न करें। दोपहर में तेज धूप निकल रही है, लेकिन हवा ठंडी है। वह तुरंत सर्दी-गर्मी करके बीमार कर देती है। उनका कहना है कि अगर आप धूप में बैठ रहे हैं तो कम से कम एक स्वेटर जरूर पहनें। इस बीच अगर थोड़ा पसीना आए तो उसकी पूर्ति के लिए पानी ज्यादा पिएं। मौसम के हिसाब 28 फरवरी तक कम से कम एक फुल स्लीव स्वेटर जरूर पहनें। इसके अलावा जो लोग बादाम, छुहारा का छोंका पी रहे हैं। उसे एकदम से पीना बंद करने के बजाय अब मात्रा इसकी कम करना शुरू कर दें। क्योंकि सुबह और रात को मौसम ठंडा हो रहा, जो सेहत के लिए खराब है।

# स्वत: सैनिटाइज ग्लब्स रोकेगा संक्रमण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


मानस सिंघल के आविष्कार को मिले पेटेंट प्रमाणपत्र को दिखाते एमआईटी प्रबंधन।

**अमृत विचार :** एमआईटी के असिस्टेंट प्रोफेसर मानस सिंघल के स्वतः सैनिटाइज होने वाले ग्लब्स को केंद्र सरकार ने पेटेंट प्रमाण पत्र दिया है। इस पर प्रबंधतंत्र ने खुशी जताकर उनको बधाई दी।

एमआईटी के असिस्टेंट प्रोफेसर मानस सिंघल ने बताया कि उन्होंने स्वतः सैनिटाइज होने वाले ग्लब्स बनाएं हैं। इसके लिए मुरादाबाद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने पेटेंट के लिए आवेदन किया था। सात फरवरी को केंद्र सरकार ने पेटेंट प्रमाण पत्र दिया। उन्होंने बताया कि यह ग्लब्स बाजार में मिलने वाले अन्य ग्लब्स से अलग हैं। यह हमेशा सैनिटाइज रहने के हिसाब से बनाए गए हैं। इसे पहनकर जब कोई भी व्यक्ति किसी संक्रमित सतह को छुएगा तब वह अपने आपको संक्रमित होने से बचा पाएगा। उन्होंने बताया कि इसमें फोम की दो सतह के बीच में एक छिद्रदार पाइप का उपयोग किया गया है जो सैनिटाइजर युक्त एक टैंक से जुड़ा है। इसमें सैनिटाइजर के प्रवाह को निर्धारित करने के लिए एक कंट्रोल का उपयोग किया है। इसमें सैनिटाइजर के प्रवाह को देखने के लिए भी प्रबंध किया है। एक बार सैनिटाइजर का प्रयोग होने पर ग्लब्स 2-3 घंटे तक सैनिटाइज रहता है। एमआईटी के प्रबंधन तंत्र के सदस्य सेक्रेटरी आदर्श अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, ट्रस्टी अनिल अग्रवाल, निदेशक डॉ. रोहित गर्ग, विभागाध्यक्ष डॉ. क्षितिज सिंघल ने बधाई दी।

**▸▸ प्रो. मानस के आविष्कार को मिला पेटेंट प्रमाण पत्र**

**आयोजन** स्पर्श कुष्ठ जागरुकता व कुष्ठ पखवाड़ा के अंतिम दिन हुआ व्याख्यान

# कुष्ठ रोग का समय पर इलाज जरूरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


केजीके महाविद्यालय में कुष्ठ रोग पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित छात्र।

**अमृत विचार :** विकसित भारत अभियान के तहत स्पर्श कुष्ठ जागरुकता कार्यक्रम व कुष्ठ पखवाड़ा के अंतिम दिन मंगलवार को केजीके महाविद्यालय में कुष्ठ रोग पर व्याख्यान का आयोजन हुआ। इसमें एनसीसी छात्रा इकाई और राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं और छात्रों ने भाग लिया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय जौहरी ने कहा कि हम सभी को आगे बढ़कर अपने स्तर से इस दिशा में प्रयास करना चाहिए, जिससे समाज को पूरी तरह से कुष्ठ रोग से मुक्त किया जा सके। जिला कुष्ठ रोग परामर्शदाता डॉ. भास्कर अग्रवाल ने बताया कि कुष्ठ अब असाध्य रोग नहीं है। फिर भी अनेक लोग ऐसे हैं जो सही समय पर जागरुकता के अभाव में इलाज नहीं कराते। एनसीसी कैडेट्स और राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राएं समाज में इसके प्रति जागरुकता बढ़ाएं। एनसीसी प्रभारी कैप्टन (प्रोफेसर) ममता सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न स्थानों पर जाकर जन जागरुकता लाना है। जिससे इस रोग के विषय में लोगों को बताया जा सके। अंत में सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने कुष्ठ रोगियों के प्रति भेदभाव का अंत करने और रोगियों के प्रति सहानुभूति रखने की प्रतिज्ञा ली। इस अवसर पर प्रोफेसर जगदम्बे यादव, डॉ सुशील यादव आदि उपस्थित रहे।

### भक्तमाल कथा के लिए हुआ भूमि पूजन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** श्रीपीताम्बरा बगलामुखी देवी महायज्ञ व भक्तमाल कथा के लिए मंगलवार को भूमि पूजन मनोरंजन सदन के निकट कंपनी बाग में किया गया। पूजन श्रीपरिवार पीठाधीश्वर पं. कृष्णा स्वामी और सह संचालक आचार्य कामेश्वर मिश्र ने कराया।

पूजन में मुख्य यजमान समिति कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जौनी, सुधीर श्रीवास्तव, हरी गोपाल शर्मा, अवनीत सक्सेना व केके गुप्ता रहे। मुख्य अतिथि प्रनीत गुप्ता व कैप्टन मीनू महरोत्रा रहे। कथा 16 फरवरी से 20 फरवरी तक श्री धाम मथुरा से पधार रहे पं. नंद किशोर पांडे महाराज भक्तमाल कथा का श्रवण करवायेंगे। पूजन में समिति सदस्य अतुल सोती एडवोकेट, नरेश सक्सेना, सुरेंद्र गुप्ता, विशाल अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, सुमन सक्सेना आदि मौजूद रहे। संचालन समिति महामंत्री राजीव अग्रवाल उर्फ मल्लू ने किया।

# जागरुकता शिविर का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



शिविर में जानकारी देते अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी का जिला अस्पताल में एड्स संक्रमित लोगों को जागरूक करने के लिए शिविर लगाया गया। जिसमें आईईसी प्रचार-प्रसार व सामाजिक योजनाओं से एड्स संक्रमितों को जोड़ने के लिए जागरूक किया गया। सरकार की विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में अधिकारियों ने जानकारी दी।

मंगलवार को जिला अस्पताल में एड्स रोगियों को जागरूक करने के लिए शिविर लगाया गया। शिविर में जिला चिकित्साधीक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार ने लोगों को संबोधित करते हुए एड्स से सुरक्षा और रोग से निजात दिलाने का विश्वास दिलाते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र गौतम ने बताया कि सरकार ने एड्स रोगियों के लिए पेंशन योजना भी लागू की है। उन्होंने अपने विभाग से जुड़ी योजनाओं के बारे बताते हुए कमजोर वर्ग के पढ़ने वाले बच्चों को आईटी, नीट व आईएएस-पीसीएस की परीक्षा की तैयारी करने के लिए चल रही योजनाओं की जानकारी दी। इसके बाद जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी ने शिविर ने अपने विभाग में संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर डॉ. प्रवीण शाह नोडल अधिकारी आर टीसी, डॉ. नरेंद्र कुमार क्षय रोग अधिकारी, डॉ. संगीता गुप्ता प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. जे एल मैमगेन चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

**▸▸ एड्स रोगियों के लिए चल रही योजनाएं की जानकारी दी**

### फर्म कर्मी की हत्या के आरोप में दो पर रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** कटघर थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर फर्म कर्मी की हत्या के मामले में दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना कटघर के क्षेत्र बलदेवपुरी निवासी नारायण देवी ने कोर्ट में याचिका दायर करते हुए बताया कि उसका 25 वर्षीय बेटा कमल हनुमान मूर्ति स्थित फर्म में काम करता था। 18 अक्टूबर 2022 को कमल का फर्म में काम करने वाले सचिन और फईम से विवाद हो गया था। दोनों आरोपियों ने कमल को धक्का देकर नीचे गिरा लिया और उसके सीने पर भारी लकड़ियां रख दीं। जिससे दम घुटने से कमल बेहोश हो गया था। महिला और परिजन कमल को लेकर अस्पताल गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच के बाद कार्रवाई होगी।

## एक नजर

### केंद्र व राज्य सरकार दे रहीं योजनाओं का लाभ

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी महानगर की ओर नारी शक्ति वंदन अभियान शक्ति संवाद एवं चाय पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन देहात विधानसभा के ब्लॉक परिसर में किया गया। मुख्य अतिथि एमएलसी गोपाल अंजान ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिलाओं को सुविधा, सुरक्षा व सम्मान प्रदान किया गया। दूसरी ओर शहर विधानसभा के 10 सराय मंडल के सीतापुरी में नारी शक्ति वंदन शक्ति संवाद एवं चाय पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा एवं संचालन महानगर महामंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक श्याम बिहारी शर्मा ने किया। कार्यक्रम में नारी शक्ति वंदन महिला संबंधित विशिष्ट एनजीओ के प्रमुख, महानगर व महिला मोर्चे के पदाधिकारी, विभिन्न सहायता समूहों की बहनें व योजनाओं के लाभार्थी शामिल रहे।

### नाबालिग को ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला निवासी महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसकी भांजी 10 फरवरी को स्कूल गई थी। मेरी बेटी उसे स्कूल के गेट पर छोड़कर घर वापस आ गई थी। स्कूल के बाद भांजी वापस घर नहीं लौटी थी। बाद में पीड़ित महिला ने आशंका व्यक्त की थी कि मेरी भांजी को स्योहारा रोड स्थित मोहल्ले का दिवेश पुत्र शिवकुमार फुसलाकर ले गया है। मंगलवार को कोतवाली पुलिस ने आरोपी को ईदगाह रोड के निकट से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी युवक की निशानदेही पर छात्रा को बरामद कर पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

### बैठक आज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अग्रवैश्य प्रगतिशील वैवाहिक जन कल्याण समिति की ओर से दो दिवसीय वैवाहिक परिचय सम्मेलन होने जा रहा है। इसकी तैयारी को लेकर बैठक बुधवार की शाम 8 बजे क्लासिक बैंक्वेट हॉल कुन्दन पम्प के पीछे चौधरी चरण सिंह चौक दिल्ली रोड पर होगी। इसमें अग्रवैश्य बंधुओं से शामिल होने की अपील की गई है। सचिव राहुल अग्रवाल व संयोजक विवेक गोयल ने बताया कि वैवाहिक परिचय सम्मेलन को सफल बनाने में सभी को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

## ईपीसीएच चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** हस्तशिल्प निर्यात संवर्द्धन परिषद की प्रशासनिक समिति के चुनाव का बिगुल बज गया है। चुनाव प्रक्रिया शुरू होने की दहलीज पर महानगर के दो निर्यातक अवधेश अग्रवाल और डॉ. नीरज खन्ना को मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन व यंग एंटरप्रिन्योर सोसाइटी की ओर से अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया गया।

अवधेश अग्रवाल का नाम नवेदउर्रहमान, नीरज खन्ना का नाम विशाल अग्रवाल ने प्रस्तावित किया है। बताया गया कि आगरा, अलीगढ़, फिरोजाबाद, रुड़की और मेरठ क्लस्टर की ओर से इन दोनों निर्यातकों को अपना समर्थन देने का ऐलान किया है। बैठक में प्रिया अग्रवाल, नजमुल इस्लाम, सलमान आजम, तानिया भाटिया, रोहित ढल, जेपी सिंह, संजय गुप्ता, पुनीत आर्या, सौरभ जैन, विजय बजाज, अंकुर अग्रवाल, रजत सिंघल, राजीव भंडूला आदि शामिल रहे।

### एससी/एसटी एवं पॉक्सो एक्ट में सजा कम, रिहाई वाले मामलों की बहुतायत, पिछले साल कोर्ट में पॉक्सो के आए थे 185 व एससी-एसटी के 123 नए वाद

# पॉक्सो एक्ट के 3.27 फीसद मामलों में अभियुक्त दोषमुक्त

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** पॉक्सो अधिनियम में निस्तारित हो रहे अधिकांश मुकदमों में अभियुक्त दोषमुक्त हो जा रहे हैं। वैसे ये एक बड़ा सवाल है...गवाह मुकर रहे हैं या फिर पुलिस आरोपियों के विरुद्ध साक्ष्य नहीं प्रस्तुत कर पा रही है। कुछ यही स्थिति एससी/एसटी वाले मामलों में देखने को मिल रही है। ऐसे में अधिवक्ताओं का कहना है कि पॉक्सो एवं एससी/एसटी एक्ट के तहत अधिकांश मामले फर्जी ही होते हैं। इधर पिछले वर्ष 2023 के मुकदमों की प्रगति वाले आंकड़ों पर गौर करें तो स्थिति काफी हैरत में डालने वाली है। उन मुकदमों की संख्या काफी कम है, जिनमें आरोपियों को सजा मिली है। वहीं जिन मुकदमों में अभियुक्त रिहा हो गए हैं, ऐसे मामलों की काफी बड़ी संख्या है, जो तमाम सवालों को जन्म देती है।

**स्थिति**

- अधिकांश मामलों में गवाह मुकर रहे हैं
- पुलिस भी आरोपियों के खिलाफ साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पा रही

आपको बता दें कि पिछले साल में पॉक्सो एक्ट के निस्तारित मुकदमों में 3.27 फीसद से अधिक वह मामले हैं, जिनमें आरोपी रिहा हो चुके हैं। ऐसे ही एससी/एसटी एक्ट वाले निस्तारित वादों की अपेक्षा 1.87 फीसद मुकदमों में न्यायालय को आरोपी रिहा करने पड़े हैं। वैसे आरोपियों के रिहा होने की विभिन्न परिस्थितियां हो सकती हैं, पर ऐसे मामलों से भी इनकार नहीं किया जा सकता है जिनमें फर्जी आरोप या फिर पुलिस का साक्ष्य न प्रस्तुत कर पाना है। इधर, वर्ष 2024 में जनवरी के एससी/एसटी व पॉक्सो वाले मामलों पर नजर डालें तो पॉक्सो एक्ट में 15 मुकदमों में न्यायालय ने फैसला सुनाया है। जिसमें केवल चार मामलों में अभियुक्तों को सजा मिली है, जबकि 11 मुकदमों से संबंधित आरोपी रिहा हो गए हैं।

### एससी/एसटी : 16 मुकदमों में सजा तो 30 में दोषमुक्त

वर्ष 2023 की शुरुआत में एससी/एसटी के 641 वाद लंबित थे। फिर पूरे साल 2023 में कुल 123 नए वाद न्यायालय में दायर हुए थे। इस तरह कुल वादों की संख्या 764 हो गई थी। इसमें साल भर में केवल 16 मामलों में अभियुक्तों को सजा मिल पाई, जबकि 30 मुकदमों में आरोपी दोषमुक्त हो गए हैं या फिर कह लीजिए कि गवाह मुकर गए अथवा पुलिस साक्ष्य ही नहीं पेश कर सकी है।

### पॉक्सो एक्ट : 37 वादों में सजा, 121 में रिहा

वर्ष 2023 के प्रारंभ में पॉक्सो अधिनियम में 1288 वाद लंबित थे। फिर पूरे वर्ष 2023 में कुल 185 नए वाद न्यायालय में दायर हुए थे। इस तरह कुल वादों की संख्या 1473 हो गई थी। इसमें साल भर में केवल 37 मामलों में अभियुक्तों को सजा मिल पाई, जबकि 121 मुकदमों में आरोपी दोषमुक्त हो गए हैं।

### 2023 में निस्तारित वाद

- एससी/एसटी के 49 मुकदमे निस्तारित हुए।
- पॉक्सो अधिनियम में 159 वादों का निस्तारण किया गया है।

"पॉक्सो एक्ट महिलाओं को सुरक्षा और अपराध करने वालों को दंड देता है। ऐसे ही एससी-एसटी है। संबंधित वाद में मजबूत पैरवी कर अपराधी को सजा दिलाने का अभियान चल रहा है और इसमें सफलता भी मिली है। मजबूत विवेचना और साक्ष्य भी समय रहते न्यायालय में प्रस्तुत किए जा रहे हैं। एक यह भी कारण है कि जो व्यक्ति गलत तरह से वाद में फंस गया है, वह उचित निर्णय भी मिल रहा है।"
**- चंद्र प्रकाश मणि त्रिपाठी, संयुक्त अभियोजन निदेशक**



"पॉक्सो एक्ट के अधिकांश मामले गलत ही मिलते हैं। यही कारण है कि कई मामलों में पुलिस आरोप को साबित करने के लिए मजबूत साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाती है या फिर कुछ ऐसे भी प्रकरण होते हैं जिनमें गवाह या फिर मुख्य वादी ही मुकर जाता है। पेशी पर नहीं आते हैं। कुल मिलाकर जब आरोप असत्य पाए जाते हैं तब समझ आता है कि संबंधित मामला फर्जी या मनगढ़ंत था।"
**- अभिषेक शर्मा, अधिवक्ता**



"किसी वाद को फर्जी नहीं ठहराया जा सकता है। संबंधित वाद में यदि आरोपी रिहा हो जाते हैं तो उसकी कई परिस्थितियां होती हैं। हो सकता है कि पुलिस साक्ष्य न प्रस्तुत कर पाई हो या फिर गवाह एवं वादी समय-समय पर सुनवाई आदि में उपस्थित न रहे हों। ऐसे में भी मुकदमे के आरोपी बिना सजा पाए ही छूट जाते हैं। वैसे पॉक्सो एक्ट में यह अधिकांश होता है।"
**- पीयूष गुप्ता, अधिवक्ता**

# पार्किंग स्टैंड संचालक ने की थी हृदयपुर में डकैती

### दो कर्मचारियों के साथ मिलकर दिया था घटना को अंजाम, घटना में शामिल तीन बदमाश फरार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** हृदयपुर में दो घरों में डकैती और विरोध करने पर दो सगे भाइयों को गोली मारने की घटना पार्किंग स्टैंड संचालक ने दो कर्मचारियों के साथ मिलकर की थी। एसओजी और कटघर थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो तमंचा, कारतूस, लूटी गई दो पाजेब और 6,000 रुपये और स्कूटी बरामद की है। घटना में शामिल तीन बदमाश अभी भी फरार है, इनके खिलाफ एसएसपी ने 15-15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है।

मंगलवार को एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि आरोपियों में से दो मुरादाबाद और तीन रामपुर के सैफनी थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। हृदयपुर में 20 जनवरी की रात सशस्त्र नकाबपोश बदमाशों ने दो घरों में डाका डाला था। पहले बदमाशों ने अबरार के घर से तमंचे के बल पर 10,000 रुपये और सोने-चांदी के जेवर लूटे थे। फिर रिजवान के घर में धावा बोला था। वहां बदमाशों ने 40,000 रुपये और सोने-चांदी के जेवर समेत लगभग 2.5 लाख रुपये का माल लूटा था। विरोध करने पर बदमाशों ने रिजवान और उसके भाई गुलफाम को गोली मार दी थी। जिसमें से घायल रिजवान का अभी भी उपचार चल रहा है। एसएसपी ने पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए डकैती की घटना का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि घटना के बाद सीसीटीवी कैमरों की फुटेज, मुखबिर तंत्र और अन्य माध्यमों से कुछ नाम सामने आए थे। जिसके आधार पर मंगलवार को पुलिस टीम ने कटघर के दससराय चौकी क्षेत्र के गैरिज बगियावाली गली में रहने वाले मुगलपुरा के मोहल्ला बरवालान निवासी हासिम अंसारी और रामपुर के सैफनी थाना क्षेत्र के मोहल्ला जाटवों वाला निवासी पप्पू जाटव उर्फ विनोद को गिरफ्तार किया। इनके पास से 315 बोर का दो तमंचा, पांच कारतूस, दो जोड़ी पाजेब और घटना में प्रयोग हुई स्कूटी बरामद की गई है। एसएसपी ने बताया कि मुख्य आरोपी हासिम अंसारी करूला में प्राइवेट पार्किंग स्टैंड चलाता है। आरोपी पप्पू जाटव उसका कर्मचारी है। इस वारदात में हासिम अपने तीन और कर्मचारी रामपुर के सैफनी के नया ललवारा निवासी गुलाम नबी, पुराना ललवारा निवासी नावेद और कुंदरकी थाना के पीतपुरा निवासी जाबुल को भी शामिल किया था। यह तीनों आरोपी अभी फरार है। जिनकी तलाश में पुलिस टीम लगी है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। जबकि फरार चल रहे तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी पर 15-15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है।



पुलिस लाइन में डकैती का खुलासा करते एसएसपी हेमराज मीना। ● अमृत विचार

### बदमाश पप्पू और गुलाम नबी ने मारी थी गोली

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** हृदयपुर में डकैती डालने के दौरान आरोपियों ने जिस तरह से दुस्साहसिक वारदात की थी उसकी उन्होंने पूरी कहानी पुलिस को सुनाई है। साथ ही यह भी बताया है कि कैसे उन्होंने गैंग बनाया और डकैती जैसी जघन्य घटना को अंजाम दिया। एसएसपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी हासिम अंसारी और पप्पू जाटव ने बताया कि 20 जनवरी की रात दोनों अपने तीनों अन्य साथियों के साथ हृदयपुर में डकैती डाली थी। वारदात के लिए जाते समय आरोपी हासिम और पप्पू जाटव स्कूटी पर सवार थे। जबकि उनके शेष तीन साथी गुलाम नवी, नावेद और जाबुल बाइक पर थे। पांचों आरोपी मूंढापांडे के गांव रोंडाझोंडा के पास कुन्दरकी की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर एकत्रित हुए थे। वहां अंधेरे में बाइक और स्कूटी छिपाकर सभी नदी के रास्ते पैदल ही हृदयपुर गांव पहुंचे थे और दो घरों में लूटपाट की थी। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि दोनों घरों से 45,000 रुपये की नकदी और कुछ जेवर लूटे थे। जब परिवार वालों ने विरोध किया तो गुलाम नबी और पप्पू ने गोली चला दी थी। दोनों आरोपियों ने पुलिस को बताया कि लूट के बाद सभी सामान लेकर जंगल में गए थे और वहां गुलाम नबी द्वारा बंटवारा किया गया था। जिसमें सभी को नौ-नौ हजार रुपये और कुछ गहने मिले थे।

## सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर 18 लाख रुपये ठगे

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- महिला सहित सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर 18 लाख रुपये की ठगी के मामले में पुलिस ने महिला सहित सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दूल्हापुर पट्टी जाट निवासी अजय कुमार पुत्र कुंवर सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसके पुत्र वरुण कुमार को क्षेत्र के ग्राम बैरमपुर निवासी राशिद सैफी पुत्र अब्दुल रहमान ने उसकी नौकरी वीडीओ की पोस्ट पर लगवा देने की बात कही थी। कहा कि आरोपी ने उसके पुत्र को जितेंद्र सिंह पुत्र ओमपाल निवासी आवास विकास कालोनी काशीपुर से मिलवाया। उसने अलग बैंक खातों में जितेंद्र सिंह से 18 लाख रुपये डलवा लिए। नौकरी न लगने पर जब उसने रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का आरोप है कि राशिद व जितेंद्र सिंह के अलावा उसकी पत्नी सिमरन कौर, पुत्र चीनू व केपी सिंह पुत्र राकेश सिंह, निवासी लालपुर बराही, राजवीर पुत्र अज्ञात निवासी लालपुर बराही और सुमित उर्फ सुशांत पुत्र मुन्नू सिंह उर्फ महेंद्र निवासी लालपुर बराही भी इस साजिश में शामिल हैं। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर उक्त सभी आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ग्रामीण के घर से 40 लोहे के गर्डर चोरी

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के तहत ग्रामीण के घर से अज्ञात चोरों ने लोहे के गर्डर चोरी कर लिए हैं। थाना क्षेत्र के तहत मुरादाबाद-चंदौसी हाईवे किनारे स्थित ग्राम सैफपुर चित्तू निवासी सुलेमान ने बताया कि सोमवार रात जब वे अपने परिवार के साथ सोया हुआ था तो चोर उसके घर में घुसे और 40 से अधिक लोहे के गर्डर ले गए। आवाज होने पर जब उसकी आंख खुली तो उसने चोरों का पीछा भी किया। लेकिन चोर वाहन लेकर भाग गए। पीड़ित सुलेमान ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# माता-पिता और आचार्य पूजनीय देव : अजय आर्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- आर्य समाज मंडी बांस में कार्यक्रम का समापन

**अमृत विचार :** महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर आर्य समाज मंडी बांस के 145वें वार्षिकोत्सव के तृतीय दिवस कार्यक्रम का समापन मंगलवार को किया गया।

सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत यज्ञ से की गई। तत्पश्चात प्रख्यात भजनोपदेशक पंडित अजय आर्य ने बताया कि इस ब्रह्मांड में 33 कोटि देवता होते हैं। जिनमें आठ वसु, 11 रूद्र, 12 आदित्य, एक इंद्र और एक प्रजापति हैं। उन्होंने बताया कि हमारे पांच पूजनीय देव होते हैं, जिनमें माता, पिता, आचार्य, अतिथि और स्त्री के लिए पति और पुरुष के लिए पत्नी पूजनीय है। यह पांच मूर्तिमान देव है। उन्होंने यह सब अपने भजनों के माध्यम से विस्तार से बताया और भक्तिमय वातावरण बना दिया। जिसके बाद आर्य जगत के उच्च कोटि के वैदिक विद्वान आचार्य संजय याज्ञिक ने सर्वप्रथम महर्षि देव दयानंद सरस्वती के 200वीं जन्मोत्सव पर सभी को शुभकामनाएं और बधाई दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विशिष्ट अतिथि डॉ. राम मुनि ने की और संचालन संस्था के मंत्री डॉ. मनोज आर्य ने किया। इस मौके पर निर्मल आर्य, डॉ. मनोज आर्य, विनीत रस्तौगी, नवनीत रस्तौगी, अखिलेश रस्तौगी, ज्ञानेंद्र गांधी, दीपक गुप्ता, शैली रस्तोगी, आयुष रस्तोगी, संजय आर्य, चन्द्रकिरण आर्य, प्रीता आर्य, रमा आर्य, सुमन रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

## अधिगृहीत भूमि का मुआवजा दिलाया जाए

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजमार्ग 734 मुरादाबाद-काशीपुर के चौड़ीकरण में मौजा लोधीपुर के भूमि स्वामियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर जमीन का उचित मुआवजा दिलाने की मांग की।

जिलाधिकारी को भेजे ज्ञापन में लोधीपुर के किसानों का कहना है कि संजय कुमार निवासी नगलाताहर से भूमि खरीदने के बाद पंजीकृत विक्रय पत्र करवाकर मकान और दुकानों का निर्माण कराकर रह रहे हैं। उनके मकान और दुकान चौड़ीकरण में अधिगृहीत किए जा रहे हैं। भूमि अध्यापित अधिकारी ने उनके प्रतिकर हेतु अवार्ड को रोक दिया है। उनको मुआवजा नहीं मिलसे से आर्थिक हानि होगी। उन्होंने प्रतिकर का भुगतान करने की मांग की है। इसमें आशा, रुकसाना परवीन, अंशू, मोहम्मद बिलाल, मोहम्मद नौमान आदि शामिल हैं।


उत्तीर्ण छात्रों के साथ निदेशक विवेक शर्मा। ● अमृत विचार

# आकाश इंस्टीट्यूट के छात्रों का जेईई मेन्स में शानदार प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जेईई मेन्स फेज एक 2024 परीक्षा का परिणाम मंगलवार को घोषित हुआ। इसमें आकाश इंस्टीट्यूट के हर्ष ऋषि ने 95.93 पर्सेंटाइल प्राप्त किया। संस्थान के निदेशक विवेक शर्मा ने सभी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देकर सम्मानित किया। विवेक सैनी 95.59 , सिद्धांत रामानंदी, अक्षत श्रीस्वर, नव्या पाठक, ख़ुशी, अजित कुमार सैनी, वैभव सिंह, प्रियंक सिंह व अन्य कई छात्रों ने इसमें क्वालीफाई किया। छात्रों ने अपने प्रदर्शन का श्रेय खुद की कड़ी मेहनत और परीक्षा के लिए आकाश इंस्टीट्यूट के आईआईटी-जेईई के प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया।

# दोस्त के साथ पीड़िता से किया दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**आरोप**

- फोटो-वीडियो वायरल करने की देता था धमकी
- एसएसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई

**अमृत विचार :** पीड़िता को शादी का झांसा देकर उसे किराए के भवन में रखकर आरोपी उसके साथ लगातार दुष्कर्म करता रहा। यही नहीं, आरोप है कि आरोपी ने उसके अश्लील फोटो व वीडियो क्लिप बनाकर उसे वायरल करने की धमकी देता था। आरोपी अपने दोस्त से भी उसके साथ दुष्कर्म कराता था। इस मामले में पीड़िता ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

पीड़िता अमरोहा जिले के गजरौला थाना क्षेत्र की है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया और उसके फोटो-वीडियो भी बना लिए थे। जिसके बल पर वह उसे आए दिन ब्लैकमेल कर लगातार दुष्कर्म कर रहा था। पीड़िता का कहना है कि आरोपी से उसकी मुलाकात 21 जुलाई 2023 को हुई थी। आरोपी संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र के एचोड़ा कंबोह का रहने वाला है।

मुलाकात के समय आरोपी ने उसका मोबाइल नंबर लेकर बातचीत शुरू कर दी थी। फिर शादी का झांसा देकर उसे अपने दोस्त के घर मुरादाबाद ले आया था। फिर किराए के कमरे में रखा था और लगातार उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। पीड़िता उस समय नाबालिग थी। उसका कहना है कि आरोपी का दोस्त भी उसके साथ कई बार दुष्कर्म कर चुका है। पीड़िता का आरोप है कि जब उसने शादी करने को कहा तो आरोपी ने मना कर दिया। पीड़िता का कहना है कि आरोपी और उसके दोस्त ने उसको जान से मारने की धमकी दी थी। यही नहीं आरोपी के भाई ने भी उसे कॉल कर जान से मार देने को धमकाया था। पीड़िता ने बताया कि 31 जनवरी को आरोपी के पिता, चाचा, भाई व अन्य सात आठ लोगों ने आकर उसे मारापीटा था। धमकाया था कि उनके खिलाफ कहीं कोई शिकायत की तो उसे जान से मार देंगे। पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि आरोपी उसे अब भी पूर्व में बनाए गए वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकी दे रहा है। एसएसपी हेमराज मीना ने इस मामले में मझोला थानाध्यक्ष को आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

# कृषि विवि में कृषक रामेश्वर सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/ठाकुरद्वारा



कृषक रामेश्वर को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

- गन्ने की उन्नत प्रजातियों व नई तकनीक का प्रयोग करने पर मिला सम्मान

**अमृत विचार :** सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ में आयोजित अन्नदाता समागम में परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के 14 कृषकों का सम्मान किया गया। जिसमें मुरादाबाद ठाकुरद्वारा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के प्रगतिशील किसान रामेश्वर कुमार सिंह भी शामिल थे। उन्हें गन्ने की उन्नत प्रजातियों और नई तकनीक से फसल बोकर गन्ने के अधिक और बेहतर नस्ल का उत्पादन के लिए सम्मानित किया गया।

मंगलवार को कृषि विवि में जनपद के ग्राम सबलपुर अफजल तहसील ठाकुरद्वारा के निवासी रामेश्वर को कृषि क्षेत्र में नई क्रांति लाने लिए सम्मानित किया गया। पूरे प्रदेश से चयनित 14 कृषकों में मुरादाबाद के रामेश्वर ने अपने जनपद की दमदार तरीके से दावेदारी की। उनके द्वारा गन्ने की नवीन उन्नत प्रजातियों एवं कृषि तकनीकी जैसे ट्रेंच विधि से गन्ना बुवाई आदि का प्रयोग कर उत्कृष्ट उत्पादन करने के लिए सम्मान दिया गया। कृषि विज्ञान केंद्र ठाकुरद्वारा के प्रभारी अधिकारी डॉ. रविंद्र कुमार ने सम्मानित कृषक रामेश्वर कुमार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वह कृषि विज्ञान केंद्र के साथ मिलकर गन्ने की उन्नत प्रजातियों जैसे- को 15023,को 0118,को 14201 का बीज उत्पादन कर कृषकों को वितरित भी करते हैं। केंद्र के अन्य वैज्ञानिकों डॉ. हसन तनवीर, दीपक कुमार, डॉ राजेश कुमार, अविनाश चौहान ने भी रामेश्वर को बधाई दी।

**लगाव** आधुनिकता के दौर में आज भी हैं रेडियो के दीवाने, शौक के साथ-साथ पढ़ाई भी रखी जारी

# सूचना के आदान-प्रदान के साथ मनोरंजन का साधन है रेडियो

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** टेलीविजन, मोबाइल, इंटरनेट के दौर में भले ही रेडियो पर कार्यक्रम सुनने वालों की संख्या कम हो गई है। लेकिन इसका लगाव आज भी बहुत लोगों को है। कई ऐसे भी हैं जिनके जीवन का अहम हिस्सा रेडियो है।



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कांठ में कला के प्रवक्ता शीतल कुमार भी उसमें से एक हैं। विश्व रेडियो दिवस पर रेडियो की प्रासंगिकता के बारे में उन्होंने अपने लगाव को साझा किया। उनका कहना है कि रेडियो पर कार्यक्रम सुनने का बचपन से ही उन्हें शौक था। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के चलते उन्होंने एक पुराना रेडियो खरीदा और उस पर कार्यक्रम सुनने लगे। वह बताते हैं कि बाद में वह रेडियो ठीक करने का काम सीख गए। पैसे जुटाकर रेडियो ठीक करने की दुकान खोल ली। साथ ही पढ़ाई भी जारी रखी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से पहली बार सीधी भर्ती में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में निकली प्रवक्ता पद पर चयनित हुए। वह बताते हैं कि उनके पास मरफी, मुकुल, दिनकर, नेशनल पैनासोनिक, शार्फ, स्टैंडर्ड, फालना, फिलिप्स, रामसंस आदि ब्रांड के रेडियो हैं। उनका लक्ष्य है कि वह रेडियो का एक बड़ा संग्रहालय खोलें।



शीतल कुमार के पास मौजूद विभिन्न कंपनियों की रेडियो। ● अमृत विचार

### जुनून है रेडियो से जुड़ाव



लालपुर गंगवारी के डॉ. मुहम्मद जावेद का कहना है कि रेडियो से उनका जुड़ाव बचपन से है। वह बताते हैं कि विश्व रेडियो प्रसारण सेवा इस वर्ष 102 साल पूरे कर रहा है। रेडियो प्रसारण का आरंभ इसके जन्मदाता इटली निवासी और प्रसिद्ध भौतिक शास्त्री गुगलेल्मो मारकोनी ने इंग्लैंड में 1922 में किया था। 13 फरवरी 1946 को संयुक्त राष्ट्र रेडियो की पहली वर्षगांठ मनाई गयी थी। तब से 13 फरवरी 2012 को यूनेस्को ने विश्व रेडियो दिवस मनाने की परंपरा की शुरूआत की इसके बाद हर वर्ष 13 फरवरी को रेडियो दिवस मनाया जाता है। भारत में रेडियो प्रसारण की शुरुआत मारकोनी कंपनी ने 1935 में पेशावर से की थी। डॉ. जावेद का कहना है कि आज हम भले ही मनोरंजन व समाचार के लिए कई उन्नत माध्यमों का प्रयोग कर रहे हैं। लेकिन समाज में जिस तरह से सूचना, मनोरंजन और विज्ञान संचार का महत्व बढ़ा है, उसे देखते हुए रेडियो ने एफएम चैनलों के विस्तार के माध्यम से अपनी उपयोगिता बढ़ाई है। वह बताते हैं कि आज रेडियो के क्षेत्र में भारत का विशिष्ट स्थान है क्योंकि यहां 23 से अधिक भाषाओं और लगभग 150 बोलियों में रेडियो का प्रसारण होता है। जो राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और स्थानीय स्तरों पर उपलब्ध है। उनका कहना है कि हमारे देश में रेडियो से पहला समाचार बुलेटिन 19 जनवरी 1936 को मुंबई से प्रसारित हुआ था। तब से आज तक की विकास यात्रा में उपलब्धियां इतनी अधिक हैं कि आकाशवाणी का समाचार नेटवर्क आज विश्व के प्रमुख प्रसारणकर्ताओं में से एक है। वह बताते हैं कि रेडियो का स्थान उनके परिवार में एक सदस्य के रूप में है।

## एक नजर

### 15 से होगा निशुल्क खाद्यान्न का वितरण

**कांठ, अमृत विचार :** निशुल्क खाद्यान्न का वितरण 15 से 28 फरवरी तक होगा। ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप संगठन के प्रदेश सचिव ब्रजेश कुमार चौधरी ने बताया कि खाद्यान्न का वितरण पात्र गृहस्थी राशन कार्ड के प्रत्येक यूनिट पर एक किलोग्राम गेहूं, एक किग्रा बाजरा, तीन किलोग्राम चावल, पांच किलोग्राम खाद्यान्न प्रत्येक यूनिट के हिसाब से वितरण होगा और अंत्योदय राशन कार्ड पर पांच किलोग्राम बाजरा, नौ किलोग्राम गेहूं, 21 किलोग्राम चावल वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ई पॉश मशीन से खाद्यान्न का वितरण पारदर्शिता के साथ पर्यवेक्षक की निगरानी में होगा।

### रानी प्रीतम स्कूल का छात्र लक्ष्य जेईई मेंस में सफल

**बिलारी, अमृत विचार :** नीलबाग स्थित रानी प्रीतम सीनियर सेकेंड्री स्कूल के कक्षा 12 के छात्र लक्ष्य यादव ने पहले ही प्रयास में जेईई मेंस की परीक्षा में 99 .85 फीसदी अंक प्राप्त करके सफलता प्राप्त की। यह परीक्षा में 31 जनवरी को हुई थी। परीक्षा पास करने के बाद लक्ष्य कॉलेज में पहुंचा तो कॉलेज स्टाफ ने मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य रंजीत ईश्वर व निदेशक मीनाक्षी प्रसाद ने उज्जवल भविष्य की कामना की। लक्ष्य ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षक व माता-पिता को दिया। रानी प्रीतम कुंवर स्कूल की निर्देशिका मीनाक्षी प्रसाद एवं प्रधानाचार्य रंजीत ईश्वर ने छात्र को मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया।

### पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** पुलिस ने तीन मुकदमों में वांछित अभियुक्त को न्यायालय में पेश नहीं होने पर गैर जमानती वारंट जारी होने पर गिरफ्तार किया है। अभियुक्त शहजाद पुत्र कलुआ रामनगर खागूवाला का निवासी है। उसके खिलाफ वर्ष 2002 में आर्म्स एक्ट, 2022 में मारपीट एवं धमकी एवं वर्ष 2016 में मारपीट और धमकी का मुकदमा दर्ज है। न्यायालय में पेश नहीं होने पर शहजाद पर गैर जमानती वारंट जारी किए गए थे।

मुरादाबाद देहात की खबर पेज 14 पर भी...

# हवन से वातावरण में होता है सकारात्मक ऊर्जा का संचार

## महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर किया हवन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा/सुरजननगर

**अमृत विचार :** सुरजननगर में आर्य समाज मंदिर में महर्षि दयानंद की 200वीं जयंती पर हवन किया गया।

मंगलवार को आर्य समाज मंदिर सुरजननगर में विधि विधान के साथ वेद मन्त्रों के साथ हवन किया। इसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर परिवार व देश की समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में वेद आचार्य सुबोध कुमार ने वैदिक मंत्रों से हवन कराकर बताया की हवन जीवन का श्रेष्ठ कर्म है। इससे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। बदायूं से आई भजन उपदेशक यशोदा आर्य ने भजन कीर्तन के माध्यम से स्वामी जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके समाज सुधार के लिए किए कार्यों का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि स्वामी दयानंद ने आर्य समाज की स्थापना कर हिंदू धर्म की कुरीतियों को दूरकर हिंदू समाज के उत्थान के लिए कार्य किये। महर्षि दयानंद की जयंती पर प्रधानमंत्री द्वारा जयंती को ज्ञान ज्योति पर्व नाम देने पर आर्य समाज मंदिर में उपस्थित आर्य समाजियों ने खुशी जताई। रामऔतार सिंह, केदार सिंह, रामनिवास सिंह, सुभाष चंद्रजिला पंचायत सदस्य दिनेश प्रजापति, संजीव सिंघल, गुलाब सिंह वर्मा, अनीता रानी, विनोद कुमार विश्नोई, रामशरण सिंह, दिनेश कुमार, जोली, राजकुमार आदि रहे।



सुरजननगर में आर्य समाज मंदिर में हवन में आहुति देते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


नागरिकों की समस्याएं सुनते विधायक कमाल अख्तर। ● अमृत विचार

# सपा विधायक ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं, समाधान का आश्वासन

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के विधायक कमाल अख्तर ने कैंप कार्यालय में नागरिकों की समस्याएं सुनीं। विधायक ने समस्याओं के समाधान की बात कही।

मंगलवार को कैंप कार्यालय में लोगों ने सीवरेज, पेयजल, गली, सड़क व बिजली लाइन के तारों के संबंध में समस्याएं रखते हुए उनका समाधान की मांग की। विधायक कमाल अख्तर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से समस्याओं का समाधान कराने को कहा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें। लोगों ने विधायक से बिजली, सड़क, पानी, बरसाती पानी की निकासी व अन्य समस्याओं का निदान का अनुरोध किया। इस मौके पर नासिर कमाल, मोनीश पठान, नईम अंसारी, अमजद , जमशेद, विक्रम यादव, आशुतोष यादव, असलम चौधरी, फुरकान, अली, तसलीम प्रधान आदिल, सलीम रहे।


क्षतिग्रस्त मार्ग बनवाने को प्रदर्शन करते छात्र व किसान नेता प्रीतम सिंह।

# सड़क बनवाने को छात्रों का प्रदर्शन

संवाददाता, ठाकुरदारा

**अमृत विचार :** जवाहर नवोदय विद्यालय कालेवाला गांव जाने वाले मार्ग को ठीक कराने की मांग को लेकर अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के प्रीतम सिंह के नेतृत्व में कई विद्यालयों के छात्रों ने प्रदर्शन किया ।

कई छात्रों ने किसान नेता प्रीतम सिंह से शिकायत की थी कि सड़क पर जगह-जगह पत्थर डाल दिए हैं। इससे उन्हें साइकिल निकालने में बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां पैदल चलना भी दुश्वार है। प्रीतम सिंह ने लोनिवि के जेई कमल हसन से फोन पर बात की। जेई ने आश्वासन दिया कि मानकों के अनुसार ही सड़क का निर्माण करवाया जाएगा। छात्रों ने चेतावनी दी है कि अगर मानकों के अनुसार सड़क का निर्माण नहीं होता है तो निर्माण कार्य रुकवा दिया जाएगा। इस दौरान विनीत कुमार, सुधांशु, दीपक कुमार, शालू पाल, हर्ष, हिमांशु, प्रशांत कुमार, आर्यन, प्रियांशु चौहान, शादाब अली, लक्ष्य आदि मौजूद रहे।

# खतापुर माइनर की एक माह में बनेगी दीवार

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** सिंचाई खंड की मासिक बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान धर्मपाल सिंह विश्नोई उपाध्यक्ष सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग ने निर्देश दिए।

कांठ क्षेत्र निवासी धर्मपाल सिंह विश्नोई की अध्यक्षता में सिंचाई खण्ड की मासिक बैठक नलकूप कालोनी में हुई। बैठक में सिंचाई, बाढ़, सूखा तथा कृषि से संबंधित सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में पूर्व कार्यों की समीक्षा हुई, जिसमें पता चला कि तुमरिया डैम से संचालित चार नहरों की सिल्ट सफाई पूर्ण नहीं हो पाई है, जिसका मुख्य कारण उन नहरों का उत्तराखंड में पड़ना है। वहां की सरकार की अनदेखी के कारण संचालन में देरी हो रही है। जबकि उत्तर प्रदेश की सीमा में आने वाले भाग पूर्ण हैं। छजलैट माइनर एवं नींगू नंगला में पुल और खतापुर माइनर में दीवार एक माह में पूर्ण कर दी जाएगी। सभी नहरें रोस्टर के हिसाब से चलाई जा रही हैं। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि मुरादाबाद खंड में कुल 525 नलकूपों द्वारा सुचारु रूप से सिंचाई की जा रही है। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता नीरज कुमार, अधिशासी अभियंता नलकूप प्रथम पूजा, सिंचाई खंड धामपुर से सियाराम, कृषि विभाग से विजयपाल सिंह, उपखंड सिंचाई अभियंता जितेंद्र कुमार, उपखंड प्रथम से राकेश कुमार, विद्युत वितरण खंड अभियंता दीपक चौहान, सिंचाई खंड से एसडीओ योगेश चंद्र सिंह, बाढ़ खण्ड से ब्रह्मानंद आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अधिशासी अभियंता नलकूप खंड प्रथम मुरादाबाद नीरज कुमार गुप्ता ने किया।


बैठक में मौजूद धर्मपाल सिंह विश्नोई व विभागीय अधिकारी। ● अमृत विचार

**बैठक**

▸▸ सिंचाई खंड की मासिक बैठक में योजनाओं की समीक्षा

# विद्यार्थियों ने किया मां सरस्वती का पूजन

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति हायर सेकेंडरी स्कूल में बसंत पंचमी का पर्व मनाया। मंगलवार को स्कूल के बच्चे पीले वस्त्र व पीली वस्तुओं के साथ मां सरस्वती का पूजन करने विद्यालय पहुंचे। छात्रों ने देश की सुख-समृद्धि, क्षेत्र की खुशहाली के लिए यज्ञ में आहुतियां दीं।

मंगलवार को छात्र-छात्राओं ने श्रीराम शर्मा आचार्य, मां गायत्री, शक्ति स्वरूपा माता भगवती देवी, विद्या की देवी देवी सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किया। मगन सलोनी, रश्मि वैजंती, अनामिका ने कार्यक्रम से पहले आया बसंत धरती झूमी गीत गाया। गायत्री परिवार के सदस्यों ने गुरु वंदना, मंगलाचरण, पृथ्वी पूजन, कलश पूजन आदि का पूजन कर गायत्री यज्ञ संपन्न कराया। गायत्री परिवार के सदस्य व विद्यालय प्रधानाचार्य आचार्य विजय पाल सिंह राघव ने मां शारदा के विषय में छात्रों को बताया कि मां सरस्वती शिक्षा साक्षरता तथा भौतिक ज्ञान की देवी हैं। इस अवसर पर मुकेश पाल सिंह राघव, प्रदीप कुमार आदित्य राघव, शुभम, अंकित कुमार, श्याम, ऋतिक, विनय, सुमित सागर, शिवम, सुषमा राघव, परीक्षा, जूली, माया, मगन, फैजल, गौरी, लक्ष्मी, गुड़िया, आकांक्षा, वैजयंती, यशोदा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में छात्रों द्वारा एकत्र खाद्य सामग्री से खीर का प्रसाद तैयार किया और रुचि राघव ने शांति पाठ कराकर खीर के प्रसाद का वितरण कराया।


मां सरस्वती की पूजा करते छात्र-छात्राएं व अन्य। ● अमृत विचार

## छात्र का परीक्षा फार्म निरस्त जिलाधिकारी से शिकायत

**कांठ, अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज सलेमपुर में उत्तर प्रदेश बोर्ड की इंटर परीक्षा के लिए छात्र ने परीक्षा फॉर्म भरा था। अब कॉलेज में छात्र को बताया कि फॉर्म रिजेक्ट हो गया है।

तहसील क्षेत्र के छजलैट निवासी मोहम्मद आकिब पुत्र दिलशाद ने उत्तर प्रदेश बोर्ड की 2024 की व्यक्तिगत इंटर के भौतिक विज्ञान प्रश्न पत्र की परीक्षा में शामिल होने के लिए 800 रुपये का शुल्क राजकीय इंटर कॉलेज सलेमपुर में कार्यरत मुफीजुर्रहमान को 27 जुलाई में पेटीएम से दिया था और परीक्षा का फॉर्म भी भरा था। अब छात्र प्रैक्टिकल परीक्षा देने कॉलेज पहुंचा तो उसे बताया कि परीक्षा फॉर्म रिजैक्ट हो है। छात्र ने जिलाधिकारी को पत्र में जमा किए शुल्क की जानकारी देते हुए बताया है कि यदि वह परीक्षा में शामिल नहीं हुआ तो उसका एक वर्ष का व्यर्थ चला जाएगा। छात्र ने जिलाधिकारी से परीक्षा में शामिल कराने की मांग की है।

# किसान मोर्चा ने की भारत बंद को सफल बनाने की अपील

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** मंगलवार को संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने किसान कृषि परामर्श केंद्र के पास 16 फरवरी को देश व्यापी ग्रामीण भारत बंद को लेकर किसानों को जागरूक किया। इसमें किसानों ने 16 फरवरी को भारत बंद की अपील की।

किसान नेताओं ने कहा कि 13 महीने के किसान आंदोलन के परिणाम स्वरूप केंद्र सरकार ने तीन कृषि कानूनों की वापसी तथा स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश अनुसार फसलों के खरीद का गारंटी कानून बनाने, बिजली अधिनियम रद्द करने, किसानों पर झूठे मुकदमे वापस लेने तथा शहीद किसानों के परिवारों को पांच-पांच लाख रुपये की सहायता तथा चुनाव के समय किए नलकूपों को मुफ्त बिजली व घरेलू खपत की 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने का वादा किया था। परंतु सरकार ने कोई वादा पूरा नहीं किया। बताया कि 16 फरवरी को देशव्यापी ग्रामीण भारत बंद व औद्योगिक हड़ताल का आह्वान किया है। वर्तमान सरकार ने औद्योगिक मजदूरों पर भी चार कोड बिल बनाकर हमला किया है। जिसके खिलाफ देश की सभी मजदूर यूनियन शामिल हैं। छात्र और महिला संविदाकर्मी भी ग्रामीण भारत बन्द के समर्थन में हैं। कहा सभी 16 फरवरी को ग्रामीण भारत बंद को सफल बनाने में सहयोग करें। इस दौरान अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के प्रांतीय अध्यक्ष धर्मपाल सिंह, घनेंद्र शर्मा तथा शईद सिद्दीकी, वीर सिंह, भारत सिंह, नरेश सिंह, प्रीतम सिंह आदि रहे।

## सार-संक्षेप


प्रशस्ति पत्र दिखाती महिलाएं व अन्य। ● अमृत विचार

### महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** दीनदयाल अंत्योदय राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यक्रम ब्लॉक सभागार में हुआ। कार्यक्रम का आंरभ मुख्य अतिथि प्रमुख डॉ. वीर सिंह सैनी व खण्ड विकास अधिकारी सुरेश चन्द्र गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। डॉ. वीर सिंह सैनी ने कहा कि महिलाओं द्वारा समूह योजना के तहत स्वयं रोजगार कर आजीविका को उत्कृष्ट बना रही हैं। सरकार द्वारा महिलाओं के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिससे महिलाएं स्व रोजगार शुरू कर सकें। खंड विकास अधिकारी सुरेश चंद्र गुप्ता ने दीनदयाल अंत्योदय राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बाद में महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में आईएसबी एडीओ बेगराज सिंह, एडीओ कोऑपरेटिव रामाशीष प्रजापति, गार्गी चौहान, मीनाक्षी, शोभा रानी, हेमलता चौहान, राजवती, मुकेश कुमारी, शालिनी, चंद्रावती, ओमवती देवी, मनीषा कुमारी आदि सभी समूह की महिलाएं रहीं।


छात्रा को सम्मानित करते एसडीएम व अन्य। ● अमृत विचार

### ऊंची कूद की विजेता छात्रा का सम्मान

**कांठ, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग के मंडलीय खेलों में ऊंची कूद में मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कंपोजिट विद्यालय बेगमपुर की छात्रा को उप जिलाधिकारी ने सम्मानित किया।बेसिक शिक्षा विभाग के मंडलीय खेलों में ऊंची कूद में मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कंपोजिट विद्यालय बेगमपुर ब्लॉक छजलैट कक्षा सात की छात्रा पायल को कार्यालय में उप जिलाधिकारी सचिन राजपूत ने प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया। उप जिलाधिकारी ने खेल प्रशिक्षक अमित कुमार को बधाई दी है। अमित कुमार, चंद्रशेखर सिंह, मोहम्मद रिजवान, शमीम अहमद उपस्थित रहे।


बैठक में मौजूद पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष डॉ. विजय शर्मा व अन्य।

### सरकार की योजनाओं की जानकारी दी

**बिलारी, अमृत विचार :** ओमवती देवी जूनियर हाईस्कूल रायपुर में भारतीय जनता पार्टी के गांव चलो अभियान के अंतर्गत बैठक हुई। मंगलवार को बैठक की अध्यक्षता भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष डॉ. विजय शर्मा ने की एवं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के जिला उपाध्यक्ष डॉ. विश्वास शर्मा तथा भाजपा नेता राजीव कुमार शर्मा रहे। कार्यक्रम में भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनहित की योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के महेंद्र सिंह, अतर सिंह, सूरजपाल सिंह, रत्नेश, प्रभुदयाल मौर्य, राहुल मौर्य, प्रवासी संयोजक जिला शहर संयुक्त शिक्षक प्रकोष्ठ मदन सिंह मौर्य, धूम सिंह मौर्य, वीरपाल मौर्य, अमर सिंह मौर्य आदि भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।


कलश यात्रा निकालतीं महिला श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### मूर्ति स्थापना से पहले निकाली कलश यात्रा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** मंगलवार को क्षेत्र के गांव राघुवाला में भगवान श्रीराम दरबार की मूर्ति स्थापना के चार दिवसीय कार्यक्रम के तीसरे दिन 108 महिलाओं ने ढोल नगाड़ों के साथ कलश यात्रा निकाली। मंगलवार को पं. जयप्रकाश शर्मा ने विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद कलश यात्रा शुरू कराई। श्रीराम दरबार की मूर्तियों शोभायात्रा का आरंभ राघुवाला के गांव प्राचीन नंदेश्वर शिव मंदिर से हुआ। कलशयात्रा उच्च स्तरीय प्राथमिक विद्यालय से होती हुई ठाकुरद्वारा-जसपुर मार्ग व उत्तराखंड के सन्यासीवाला गांव के बालाजी मंदिर से होती भी विभिन्न मार्गो से निकाली गई। दोपहर बाद मंदिर परिसर में विधि विधान के साथ कलश स्थापना की गई। बाद में आरती के पश्चात प्रसाद वितरण भी किया। कलश यात्रा के दौरान पूर्व प्रधान रमेश सिंह, धर्मपाल सिंह, ओम प्रकाश सिंह, पन्नालाल, सुशील कुमार, नरेंद्र सिंह, गुन्दू सिंह, जयप्रकाश सिंह, नौबहार सिंह, हरि सिंह, विजय कुमार, मास्टर हरकेश सिंह, चौहान कल्पित चौहान, मयंक चौहान, उमेश देवी, संगीता देवी, अनीता, सर्वेश देवी, शीला देवी गुड्डी कमलेश आदी ने भाग लिया ।

### नाबालिग छात्रा को लेकर शिक्षक फरार , पकड़ा

**कुंदरकी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव के स्कूल का शिक्षक हाई स्कूल की छात्रा को अपने साथ लेकर फरार हो गया है। हालांक बाद में आरोपित शिक्षक गांव के ही जंगल में शिष्या को छोड़कर फरार हो गया। पता चला है कि थाना क्षेत्र के गांव में ही स्कूल में पढ़ाने वाला शिक्षक गांव की नाबालिग छात्रा को सोमवार को भगा ले गया था। बाद में जानकारी होने पर घटना की सूचना परिजनों के द्वारा पुलिस को दी गई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी शिक्षक व उसके साथी को पकड़ लिया और छात्रा को भी बरामद कर थाने ले आई। इसके बाद दोनों पक्षों से लोग थाने पहुंचे और समझौता का प्रयास किया गया। थाना अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने बताया कि परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

**जागरुकता** — छात्र-छात्राओं ने सड़क सुरक्षा रैली निकाल लोगों को यातायात के नियम बताए

# यातायात नियमों के पालन से सुरक्षित होगी यात्रा

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** हरि मंगल महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के तहत रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया।

मंगलवार को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सड़क सुरक्षा रैली निकाली गई। जिसमें स्वयंसेवकों ने सड़क पर पैदल चलने वाले व दो पहिया वाहन एवं चार पहिया वाहन चालकों को बताया कि सड़क के नियम पैदल चलने वालों के लिए भी उतने ही महत्वपूर्ण है। जितने की वाहन के चालकों के लिए। स्वयंसेवकों ने कहा कि सड़क पर बायीं ओर चलें, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग जरूर करें। गाड़ी धीमी गति से चलाएं, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योति गुप्ता ने उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में सुरेंद्र चौहान, शंकर सिंह, नदीम अहमद, रोहित कुमार, निर्मल यादव, बुशरा नईम, राजवीर सिंह, मनोज कुमार, मोहित यादव का सहयोग रहा। कार्यक्रम में शिवानी, नाजिया, उजमा, मनीषा यादव, अपूर्वा गुप्ता, गुड़िया, पूजा, वंशिका यादव, निकिता, सुरभि, उपासना, रचना, नीति, गुलनार, सृष्टि, मधु कश्यप, निशा, भारती, शिखा, सानिया, अनामिका, विकास, संकेत, अंश गुप्ता, अब्दुल कादिर, समीर अहमद, गौरी चौधरी, गौसिया, ज्योति ठाकुर, विपिन उपस्थित रहे।



बिलारी में सड़क सुरक्षा रैली निकाले छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार


कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते शिक्षक। ● अमृत विचार

### सरोजिनी नायडू का जन्मदिवस मनाया

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** जवाहर नवोदय विद्यालय में भारत कोकिला सरोजिनी नायडू के जन्म दिवस को राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम में अध्यापक शत्रुघ्न ने कहा कि इतिहास में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। टीजीटी हिंदी डॉ. विनीता तिवारी ने कहा कि स्त्रियां अपने आत्मबल, परिश्रम से विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। देश की आधी आबादी का विकास ही देश का विकास होगा। प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार गौड़ ने महिलाओं को बधाई दी एवं कहा कि आठ मार्च को राष्ट्रीय महिला दिवस पर विद्यालय की शिक्षिका रमा पांडेय एवं सुनीता शर्मा को सम्मानित किया जाएगा।

## खेत में तेंदुआ देख किसान के उड़े होश

**संवाददाता, डिलारी :** क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर खादर निवासी किसान अरुण कुमार रामगंगा नदी किनारे अपने खेत पर गया था। तभी उसे सामने से तेंदुआ आता दिखाई दिया।

जिसे देखकर किसान के होश उड़ गए। उसने आबादी की तरफ भागकर अपनी जान बचाई बाद में वह बेहोश हो गया। होश आने पर ग्रामीणों को तेंदुआ होने के बारे में बताया।

तब ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर नदी के पास गए। भीड़ देखकर तेंदुआ झाड़ी में चला गया। इसके अलावा गांव मलकपुर सेमली, मुस्तफापुर, काजीपुरा, सलीम सराय, सिहाली खड्डर, चटकाली, आलियाबाद, रहता माफी, अदलपुर, आदि रामगंगा नदी के किनारे बसे गांवों में आबादी और जंगल में आएदिन तेंदुआ देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से तेंदुआ पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है।

### प्याऊ ठीक कराने की मांग

**कांठ, अमृत विचार :** तहसील भवन में लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्याऊ लगवाया था जो आठ महीने से खराब पड़ा है। नागरिकों ने इसे ठीक करवाने की मांग तहसील प्रशासन से की है। तहसील में आने वाले नागरिकों के लिए एसडीएम न्यायालय के पास शीतल जल प्याऊ स्थापित कराया था, लेकिन यह काफी समय से खराब है।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैंने व मेरे परिवार ने मेरे पुत्र मौ. उमर व पुत्र वधु फूल जहां व इनके तीन पुत्र व एक पुत्री सभी के गलत संगत में पड़ जाने के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं व अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में अपने कृत्यों के ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

-महबूब हुसैन पुत्र हबीबुल्लाह निवासी मौ. अन्सारियान, तह. बिलारी, जिला मुरादाबाद

## एक नजर

### 30 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**हसनपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने 30 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से शराब बनाने के उपकरण भी बरामद किए गए हैं। आरोपी का चालान कर दिया गया है। पुलिस ने गांव रुखालू में छापेमारी कर पूरन को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 30 लीटर कच्ची शराब एवं शराब बनाने के उपकरण मिले। पुलिस ने मौके पर 500 लीटर लहन भी नष्ट कराया। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**हसनपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने दुष्कर्म एवं पॉस्को एक्ट के मुकदमे में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। 27 जनवरी को क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी लापता हो गई थी। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने किशोरी को बरामद कर बयान दर्ज कराए थे। आरोप था कि ग्राम आदमपुर निवासी राजेश उसे बहला फुसलाकर ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म किया था। इसके बाद पुलिस ने राजेश के खिलाफ दुष्कर्म व पोस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज किर लिया था। मंगलवार को पुलिस ने राजेश को अमरोहा मार्ग स्थित मंडी गेट से गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### मारपीट में तीन महिलाओं समेत चार लोग घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में तीन महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गए। सभी को सीएचसी में भर्ती कराया गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। क्षेत्र के गांव कासमाबाद निवासी मान सिंह व तेजपाल के बीच पुराना विवाद है। सोमवार रात भी रस्सी बांधने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। इसके बाद हुई मारपीट में सावित्री, कविता, वीरवती व राजू घायल हो गए। शोर होने पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जायेगी।

### दिव्यांगों व विधवाओं के बनाए जाएं राशन कार्ड

**रहरा, अमृत विचार :** ऑल दिव्यांग विकास संगठन की मासिक बैठक ब्लाक गंगेश्वरी परिसर में हुई। अध्यक्षता सोनू कुमार और संचालन बदन सिंह ने किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव ने कहा कि पात्र दिव्यांग व विधवा महिलाओं के अन्त्योदय और एपीएल राशनकार्ड जारी किये जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर समस्या का समाधान नहीं किया गया तो धरना-प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि दिव्यांग व विधवा पेंशन बंद नहीं होनी चाहिए। दिव्यांगजनों व विधवाओं के शौचालय तक नहीं बनें है। उनके आवास बनाए जाएं। उनके बिजली के बिल और ऋण भी माफ किया जाएं। भूमिहिनों को एक एकड़ का पट्टा दिया जाए। ताकि वह इस पर खेती करके अपनी गुजर-बसर कर सकें। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष शाहनवाज, विलकेश, चमन, यशवीर, घनश्याम, प्रेम सिंह, मोनू, रघुवीर, आदि मौजूद रहे।

अमरोहा की खबरें पेज 13 पर भी

# नकदी समेत 50 हजार के कृषि यंत्र चुराए

## दीवार फांदकर दुकान में घुसे चोरों ने दिया घटना को अंजाम, व्यापारियों में रोष

**संवाददाता, हसनपुर**

**अमृत विचार :** रहरा मार्ग स्थित कृषि यंत्र की दुकान को चोरों ने निशाना बना लिया। रात में किसी समय दीवार फांदकर दुकान में घुसे चोर करीब 50,000 रुपये के कृषि यंत्र एवं नकदी चुराकर ले गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

नगर में चोरी एवं लूट की घटनाओं का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार की रात चोरों ने रहरा बस स्टैंड के निकट स्थित अंकित गर्ग की अंकित आयरन स्टोर नाम से कृषि यंत्रों की दुकान को निशाना बना डाला। रात में किसी समय चोर दुकान के पीछे की दीवार फांदकर अंदर घुस गए। इसके बाद लगभग 50,000 रुपये के कृषि यंत्र चुरा लिए। मंगलवार को दुकान खोलने पहुंचे अंकित को सीसीटीवी कैमरे चेक करने पर चोरी की जानकारी हुई। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया।



घटना की जानकारी देता व्यापारी। ● अमृत विचार

**वारदात**

- सीसीटीवी कैमरे चेक करने पर हुई घटना की जानकारी
- पुलिस ने किया जल्द खुलासा करने का दावा

पीड़ित के अनुसार करीब 50,000 रुपये का नुकसान हुआ है। दुकान में चोरी की सूचना पर व्यापारी संगठनों के लोग भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने पुलिस की कार्यशैली पर रोष जताया। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि जांच कर जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।

### चार घरों से हजारों की चोरी दो महिलाओं के कुंडल खींचे

**डिडौली, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने एक ही गांव में चार घरों को निशाना बना लिया और महिलाओं के कानों के कुंडल खींच लिए। इसके अलावा घरों से करीब एक लाख रुपये की चोरी कर ली। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दी है। घटना कोतवाली क्षेत्र के गांव बरखेड़ा राजपूत की है। सोमवार की रात चोरों ने चार घरों में चोरी की। चोरों ने सबसे पहले शादाब अली के घर में घुसकर 30,000 रुपये व सामान चोरी कर लिया। दूसरी घटना मदन के घर में हुई। यहां से चोरों ने पांच क्विंटल धान व अन्य सामान चुरा लिया। इसके बाद चोर गांव की ही रामवती और जगवती के घर में घुस गए और दोनों के कानों के कुंडल खींच लिए। आंख खुलने पर जगवती ने शोर मचा दिया। इसके बाद ग्रामीण ने चोरों का पीछा किया लेकिन वह फरार हो गए। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दे दी है। पुलिस जांच में जुटी है।

### छात्रा ने युवक पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**डिडौली, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा ने गांव के ही युवक पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। आरोप है कि शिकायत करने पर आरोपी के परिजनों ने पीड़िता के भाई व पिता के साथ मारपीट भी की। छात्रा के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के एक निवासी नाबालिग छात्रा पास के गांव के स्कूल में कक्षा 10 की छात्रा है। सोमवार की दोपहर करीब दो बजे छुट्टी होने के बाद वह अकेली घर वापस आ रही थी। रास्ते में जंगल होने का फायदा उठाते हुए गांव के ही युवक ने उसे गलत इरादे से दबोच लिया और अश्लीलता की। छात्रा के शोर मचाने आरोपी फरार हो गया। छात्रा ने घर पहुंच कर घटना की जानकारी परिजनों को दी। छात्रा के पिता व भाई शिकायत करने आरोपी के घर गए तो उन्होंने दोनों को पीट दिया। पीड़िता के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# पॉलिथीन के दुष्प्रभाव के प्रति किया जागरूक

**संवाददाता मंडी, धनौरा**

**अमृत विचार :** मंगलवार को नगर के वाईएमएस डिग्री कॉलेज में शिविर के चौथे दिन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने पॉलिथीन हटओ, देश बचाओ विषय पर जन जागरुकता रैली निकाली। इसे महाविद्यालय के अध्यक्ष नाजिम सैफी ने हरी झण्डी दिखाकर ग्राम शहबाजपुर गुर्जर के लिए रवाना किया।

स्वयं सेवियों ने रैली के माध्यम से ग्रामवासियों को पॉलिथीन के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी। पॉलिथीन के स्थान कागज की बनी गड्डी व थैले का प्रयोग करने की अपील की। ग्रामवासियों ने पॉलिथीन का प्रयोग न करने का संकल्प लिया। रैली महाविद्यालय पर संपन्न हुई। इस दौरान प्राचार्य एके सिंह ने बताया कि प्लास्टिक खतरनाक वस्तु है, जो कई सालों तक नष्ट नहीं होती। इसलिए प्लास्टिक के प्रयोग से बचना चाहिए। इससे भूमि की उपजाऊ शक्ति भी खत्म हो रही है।

इस मौके पर डॉ. शीबा फरीदी, डॉ. नाहीद परवीन, डॉ. मनु सिंह, डॉ. त्रेता देवी, शमा अख्तर, सोमपाल सिंह, अर्पित गिल, नितिन, अनुभव रूहेला, अश्वनी कुमार, अफसार आदि मौजूद रहे।



जनजागरुकता रैली निकालते स्वयंसेवी। ● अमृत विचार

**आयोजन**

- स्वंसेवियों ने निकाली पॉलिथीन हटाओ, देश बचाओ जन जागरुकता रैली निकाली



मुख्यमंत्री से मिलते विधायक राजीव तरारा। ● अमृत विचार

# विधायक ने मुख्यमंत्री से की ट्रामा सेंटर की मांग

**संवाददाता, गजरौला,**

**अमृत विचार :** विधायक राजीव तरारा ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में ट्रामा सेंटर सहित अन्य मांगों को पूरा कराने को कहा।

विधायक ने मुख्यमंत्री से हाईवे पर होने वाले हादसों में घायलों को तत्काल इमरजेंसी उपचार देने के लिए ट्रामा सेंटर की बहुत आवश्यकता बताई। उन्होंने गजरौला में ट्रामा सेंटर बनवाने की मांग की। उन्होंने तिगरी धाम को पर्यटन के रूप में विकसित कराने, गजरौला-अमरोहा विकास प्राधिकरण गठित कराने व धनौरा ब्लाक में राजकीय महाविद्यालय की स्थापना कराने की मांग की। मुख्यमंत्री ने उनकी मांगों को पूरी कराने का आश्वासन दिया। विधायक ने बताया कि वह क्षेत्र के विकास के लिए प्रयासरत हैं। इसलिए उन्होंने अपने क्षेत्र के जरूरी मुद्दों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने मांगों को शीघ्र पूरा कराने के लिए आश्वस्त किया है।



मतदान के प्रति जागरूक करते छात्र। ● अमृत विचार

# मतदान के प्रति किया जागरूक

**संवाददाता, हसनपुर**

**अमृत विचार :** झम्मनलाल पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीति शर्मा के निर्देशन में ग्राम रामपुर भूड़ में शिविर हुआ।

मंगलवार की सुबह साढ़े नौ बजे छात्र-छात्राएं महाविद्यालय में एकत्रित हुए और दस बजे स्वयंसेवी गांव रामपुर भूड़ पहुंचे। प्रथम सत्र में शिविर स्थल की सफाई करके सरस्वती वंदना की और लक्ष्य गीत गाया। इसके बाद बच्चों ने मतदान क्यों जरूरी विषय पर विचार प्रस्तुत किये। छात्र-छात्राओं ने टोलियों में विभाजित होकर ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि किसी लोभ या लालच में आकर मतदान न करें। स्वतंत्र होकर अपना मतदान करने अवश्य जाएं। अपने परिवार के सदस्यों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। द्वितीय सत्र में स्वयं सेवी संजू शर्मा के निर्देशन में बच्चों ने माई भारत पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन किया। तृतीय सत्र में बच्चों ने काव्य पाठ किया। शिविर का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

# विधायक ने किया सीसी रोड का उद्घाटन

**संवाददाता, रहरा/मुबारिजपुर**

**अमृत विचार :** ब्लॉक गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव भावली में 251 मीटर व भोगपुरा में 84 मीटर सीसी रोड का विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

मंगलवार को गांव भावली पहुंचे विधायक का ग्रामीणों ने स्वागत किया। विधायक ने फीता काटकर सड़क का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास की नीति पर कार्य कर रही हैं।

कहा कि प्रत्येक तबके को विकसित करना ही उनकी प्राथमिकता है। उनकी विधानसभा क्षेत्र में आने वाले अधिकांश गांवों में सभी जर्जर मार्गों को दुरुस्त कराया जा चुका है। जो शेष रह गए हैं, उन पर भी काम चल रहा है। बताया कि उनका प्रयास है कि सड़क, पानी, बिजली समेत तमाम मूलभूत सुविधाओं का लाभ ग्रामीणों को मिलता रहे। ग्रामीणों ने उन्हें गांव की कुछ और समस्याओं के बारे में भी बताया। विधायक ने ग्रामीणों की समस्या का जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया।

इस मौके पर देवेन्द्र खड़गवंशी, शिवकुमार खड़गवंशी, सतपाल, देवेन्द्र, श्रीराम, ओमप्रकाश, रामेश्वर, धर्मपाल, विपिन, चन्द्रसेन, नरेश, रामचन्द्र, सैरभ, जसवंत आदि मौजूद रहे ।



सड़क का उद्घाटन करते विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी। ● अमृत विचार

**कार्यक्रम**

- विधायक ने लोगों की समस्याएं सुनी जिन्हें जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया

**आयोजन** कल्कि धाम एचौड़ा कम्बोह को जाते समय भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया का कई जगह किया गया स्वागत

# कार्यकर्ताओं से चुनाव में पूरी ताकत से जुटने का किया आह्वान

**संवाददाता, सैदनगली**

**अमृत विचार :** कल्कि धाम एचौड़ा कम्बोह को जाते समय क्षेत्रीय अध्यक्ष का भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के पश्चिमी क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया कल्कि धाम एचौड़ा कम्बोह जा रहे थे। सैदनगली नगर पंचायत आगमन पर उनका कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक व सभासदों ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी चुनाव में पूरी ताकत से जुट जाने का आह्वान किया। कहा कि नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए पूरी ताकत लगा दें। लोगों को पार्टी की नीतियों के बारे में बताएं। उन्हें भाजपा द्वारा कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दें। अवसर पर नीतू भाटी, मेहरबान, अमित गुर्जर, हेमराज मंडल अध्यक्ष, मनोज प्रजापति, वीर सिंह सैनी, मनोज शर्मा, हिमांशु त्यागी, नन्हे सागर, सतीश सागर, शंकर सैनी, दुष्यंत सैनी, सलीम तेली, हरपाल सिंह, ओम प्रकाश सैनी, आकाश सागर आदि मौजूद रहे।



क्षेत्रीयअध्यक्ष का स्वागत करते जिला महामंत्री अभिनव कौशिक व अन्य। ● अमृत विचार

**हसनपुर, अमृत विचार :** संभल को जाते समय भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया का विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भगवान कल्कि के भव्य मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम में आगमन को लेकर पार्टी एवं प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। तैयारियों का जायजा लेने के लिए भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया मंगलवार को जनपद संभल जा रहे थे। नगर के बाईपास मार्ग पर अपने आवास के बाहर विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने कार्यकर्ताओं के साथ उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया। विधायक ने उन्हें बुके दिया और शॉल ओढ़ाई। इस बाईपास मार्ग पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। स्वागत में पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष उषा शर्मा, मयंक अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, शिखर अग्रवाल, महेश अग्रवाल, राजीव गोयल, संजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

### भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने की अपील

**गजरौला, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया का स्वागत किया। पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. उत्तम सिंह प्रजापति ने उन्हें मिट्टी से बना कूकर भेंट किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह जिस तरह भव्य तरीके से आयोजित हुआ, ठीक उसी तरह 19 फरवरी को संभल जिले के श्रीकल्कि धाम एचौंडा कंबोह में भी श्रीकल्कि मंदिर की नींव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रखेंगे। लोकसभा चुनाव में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का आह्वान भी किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, क्षेत्रीय महामंत्री ओबीसी मोर्चा महेंद्र सिंह प्रजापति, शशि चौहान, राम सिंह सैनी आदि रहे।

### युसूफ कुरैशी बने सपा युवजन सभा के प्रदेश सचिव एवं नगर प्रभारी

**हसनपुर, अमृत विचार :** सपा के पूर्व नगर अध्यक्ष युसूफ कुरैशी को समाजवादी पार्टी युवजन सभा का प्रदेश सचिव एवं नगर प्रभारी बनाया गया है। समर्थकों ने जुलूस निकालकर और फूल माला पहनकर उनका स्वागत किया।

सपा के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर युवजन सभा सपा के प्रदेशध्यक्ष अरविंद गिरी ने नगर निवासी यूसुफ कुरैशी को प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी है। उनकी कमाल अख्तर के करीबियों में गिनती होती है। उनकी निष्ठा को देखते हुए पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश सचिव एवं 2024 के चुनाव बुथ सेक्टर नगर प्रभारी भी मनोनीत किया है। इस मौके पर वहाब सेफी, नवल कुमार, जावेद जरताब, शाहनवाज अंसारी, पवन अग्रवाल, राशिद कुरैशी, यतेन्द्र शंकर गौड़, साजिद खान, शराफत मलिक, संदीप गुर्जर आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप



छात्राओं से संवाद करतीं शिक्षिका। ● अमृत विचार

### शिविर में छात्र-छात्राओं से किया संवाद

**रहरा/मुबारिजपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को आगामी चुनाव में सावधानी बरतने के प्रारूप पर राजकीय महाविद्यालय रहरा में मतदाता जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। डा. पूनम शर्मा के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं के बीच जनसंवाद किया गया। इस दौरान उन्हें घर के सदस्यों को समझाने के लिए जानकारी दी। इस मौके पर डा. दिलीप, तोताराम, धर्मेंद्र, अजय, विजेन्द्र आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय युवा क्रांति मोर्चा ने किया युवा महासम्मेलन

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के रामलीला मैदान में राष्ट्रीय युवा क्रांति मोर्चा के तत्वाधान में युवा महासम्मेलन हुआ। महासम्मेलन को राम जी राम नीका धारा जोधपुर के पीठाधीश्वर रामनिवास महाराज ने संबोधित किया। राष्ट्रीय युवा क्रांति मोर्चा के द्वारा मंगलवार को नगर के रामलीला मैदान में एक मुख्य अतिथि रामनिवास महाराज को कार्यकर्ता ब्लॉक चौराहे से रामलीला मैदान तक रोड शो के माध्यम से ले गए। मंच पर पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि एवं अतिथियों का माला पहनकर स्वागत किया। इसके बाद पीठाधीश्वर एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पीठाधीश्वर ने कहा कि विश्व में सबसे अच्छा देश भारत है। भारत में सबसे अच्छा प्रदेश उत्तर प्रदेश है। जिस देश का युवा जाग जाता है वह देश तरक्की करता है। इसलिए सभी युवा एकजुट होकर कार्य करें और देश को उन्नति की ओर ले जाएं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नलिन सिंह, कुंवर रोविन त्यागी, महेश प्रजापति, योगेंद्र प्रजापति, अरुण श्रीवास्तव, विकास गुर्जर, श्याम प्रजापति, विजय शर्मा आदि युवा मौजूद रहे।

### कॉलेज जा रही छात्रा से छेड़छाड़, तहरीर

**हसनपुर, अमृत विचार :** कॉलेज जाते समय छात्रा के साथ गांव के ही युवक ने छेड़छाड़ व गलत हरकतें की। छात्रा ने पूरी बात परिजनों को बताई। पीड़िता के पिता ने आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती नगर के डिग्री कॉलेज में पढ़ती है। आरोप है कि गांव का ही युवक भी उसी कॉलेज का छात्र है। आरोपी छात्र काफी समय से छात्रा को परेशान कर रहा था। मंगलवार की सुबह भी उसने कालेज जा रही छात्रा के साथ अश्लीलता करते हुए छेड़छाड़ की। पीड़िता ने घर पहुंचकर परिजनों को घटनाक्रम बताया। इसके बाद परिजन छात्रा को साथ लेकर कोतवाली पहुंचे। छात्रा के पिता ने आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर देकर करवाई करने की गुहार लगाई है। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



भाजपा के जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी का स्वागत करतीं महिलाएं।

### नारी शक्ति के प्रति गंभीर है भाजपा सरकार : सैनी

**हसनपुर, अमृत विचार :** पालिका प्रशासन द्वारा नारी शक्ति वंदन योजना के तहत महिलाओं को सम्मानित करते हुए प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिकाध्यक्ष के राजपाल सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार नारी शक्ति के प्रति गंभीर है। योजनाएं बनाकर उन्हें लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है। नगर पालिका प्रशासन ने मंगलवार को पालिका मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी एवं विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी रहे। अध्यक्षता नगर पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी ने की। जिलाध्यक्ष एवं विधायक ने वेलफेयर समूह की महिलाओं को पुष्प माला पहनाकर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। वक्ताओं ने सरकार की योजनाओं एवं नीतियों के विषय में विस्तार से बताया। संचालन भाजपा नेता अजय पाल ने किया। कार्यक्रम में जेई संगीता कश्यप, भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष उषा शर्मा, मयंक अग्रवाल, संजय शर्मा, हिमांशु त्यागी, वीर सिंह, मनोज शर्मा, शुभम अग्रवाल, पप्पू, शराफत अली आदि मौजूद रहे।



विदाई समारोह में मौजूद उपनिरीक्षक व पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

### स्थानांतरण होने पर तीन उपनिरीक्षकों को दी विदाई

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली में तैनात कस्बा इंचार्ज सहित तीन उपनिरीक्षकों का स्थानांतरण होने पर पुलिसकर्मियों ने विदाई दी। पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार को जिले में 15 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इस सूची में कोतवाली में तैनात वरिष्ठ उप निरीक्षक बृजमोहन को थाना नौगावां की पुलिस चौकी मूंढ़ाखेडा का प्रभारी, उपनिरीक्षक पवन कुमार को अमरोहा नगर कोतवाली की चौकी रज्जाक का प्रभारी एवं कस्बा इंचार्ज विकास कुमार को एसओजी प्रभारी बनाया गया है। मंगलवार को कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने तीनों उपनिरीक्षकों को विदाई दी। पुलिसकर्मियों ने तीनों को फूलमाला पहनाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### डूबने से हुई थी किसान की मौत, रिपोर्ट में खुलासा

**गजरौला, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव के तालाब में मिले किसान की मौत पानी में डूबने से हुई थी। मंगलवार को आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। थाना क्षेत्र के गांव नगला माफी निवासी किसान खेम सिंह दो फरवरी को खेत पर जाने की बात कहकर घर से निकला था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। काफी तलाश करने पर उसका कुछ पता नहीं चला। तब परिजनों ने गुमशुदगी कराई दी थी। सोमवार को खेम सिंह का शव थाना क्षेत्र के गांव पाल के तालाब में उतराता मिला था। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि किसान की मौत पानी में डूबने से हुई थी।

### दीदियों को लखपति बनाना ही प्रधानमंत्री का लक्ष्य

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** विकासखंड परिसर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत नारी शक्ति संवाद एवं सम्मान कार्यक्रम हुआ। शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक राजीव तरारा, ब्लॉक प्रमुख आशा चंद्रा व मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी मिश्र ने संयुक्त रूप से भगवान गणेश की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। स्वयं सहायता समूह के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य समूह की दीदियों को लखपति बनाना है। उन्होंने समूह की महिलाओं से कहा कि सरकार स्वरोजगार के लिए धनराशि उपलब्ध करा रही है। महिलाएं मधुमक्खी, बकरी व मुर्गी पालन, मशरूम उत्पादन, जैविक व फूलों की खेती आदि जैसे स्वरोजगार करके आगे बढ़ सकती हैं। महिलाओं को किसी दूसरे पर आश्रित न रहना पड़े, यही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का मुख्य उद्देश्य है।

## एक नजर

### पशुशाला में बंधी भैंस खोलकर ले गए चोर

**संभल/रजपुरा अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव भगता नगला निवासी किसान प्रमोद कुमार की पशुशाला में सोमवार को रात भैंस बंधी थी। देर रात चोर पशुशाला से भैंस खोलकर ले गए। मंगलवार को सुबह प्रमोद उठा तो भैंस चोरी की जानकारी हुई। ग्रामीणों में जंगल में तलाश किया लेकिन भैंस नहीं मिली। प्रमोद ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि मामले की कोई जानकारी नहीं है।

### खेत से चारा लेने गई महिला को सांड ने किया घायल

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में खेत पर पशुओं के लिए चारा लेने गई महिला पर सांड ने हमला कर दिया। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों ने महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। डॉक्टर ने महिला के दोनों हाथों में फ्रैक्चर होने की बात कही। थाना क्षेत्र के गांव सैतुआ निवासी राजबाला पत्नी पवन कुमार मंगलवार को दोपहर के समय खेत से पशुओं के लिए चारा लेने गई थी। तभी सांड ने राजबाला पर हमला कर दिया। सांड ने राजबाला को उठाकर पटक दिया। जिससे राजबाला बुरी तरह घायल हो गई। ग्रामीणों ने घायल राजबाला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा में भर्ती कराया। डॉक्टर ने उपचार शुरू किया।

### हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर से हजारों का सामान चोरी

**संभल/रजपुरा अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में चोरों ने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को निशाना बनाकर इनवर्टर, बैटरी आदि हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। सीएचओ ने पुलिस को घटना की तहरीर दी है। गांव सिहावली में स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का सोमवार को रात चोरों ने ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। चोर इनवर्टर, बैटरी, प्रिंटर व अन्य सामान चोरी कर लिया। मंगलवार को सुबह जब सीएचओ मिन्टू सिंह सेंटर पर पहुंचा तो चोरी की जानकारी हुई। मिन्टू सिंह ने थाना रजपुरा में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

संभल-चन्दौसी की खबरें पेज 14 पर भी

# किसानों के दिल्ली कूच को पुलिस ने रोका, हंगामा

## चौधरी सराय चौराहा पर पहुंचे भाकियू असली के कार्यकर्ता, पुलिस की किसानों से हुई नोकझोंक

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** देश भर से किसानों के दिल्ली कूच के आह्वान पर जनपद से भी किसानों ने ट्रैक्टरों पर सवार होकर दिल्ली जाने का प्रयास किया। भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले किसान संभल पहुंचे तो पुलिस ने रोक लिया। पुलिस की किसानों से जमकर नोकझोंक हुई। किसानों ने हंगामा करते हुए नारेबाजी की। एसडीएम और सीओ ने किसानों को समझाया लेकिन नहीं माने। मंडी समिति में रोके जाने पर सैकड़ों किसानों ने गिरफ्तारी दी। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर मांगें उठाई।

भारतीय किसान यूनियन असली से जुड़े किसान दो दर्जन से ज्यादा ट्रैक्टरों, कारों और बाइकों पर सवार होकर दिल्ली के लिए रवाना हुए। किसान गवां मार्ग पर खिरनी से चलकर संभल के पास पेट्रोल पंप पर पहुंचे तो वहां पुलिस ने रोक लिया लेकिन किसान नहीं माने और नारेबाजी करते हुए चौधरी सराय तक आ पहुंचे। यहां भारी पुलिस बल ने किसानों को रोका तो भड़क गए। किसानों ने नारेबाजी शुरू करते हुए हंगामा किया। पुलिस की किसानों से नोकझोंक भी हुई। किसानों के हंगामा किए जाने की सूचना अधिकारियों को दी गई तो एसडीएम सुनील कुमार त्रिवेदी, सीओ अनुज कुमार चौधरी भी मौके पर पहुंचे।



नारेबाजी करते भाकियू असली के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

▸▸ मंडी समिति परिसर में रोकने पर सैकड़ों किसानों ने दी गिरफ्तारी

अधिकारियों ने किसानों को समझाते हुए हसनपुर मार्ग पर दिल्ली के लिए रवाना नहीं होने की अपील की लेकिन किसान नहीं माने। किसी तरह किसानों को मंडी समिति परिसर में रोक लिया गया। यहां भाकियू असली के जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव ने कहा कि पुलिस प्रशासन हठधर्मिता दिखाकर किसानों को दिल्ली जाने से रोक रहा है। इसे सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने सैकड़ों किसानों द्वारा गिरफ्तारी दिए जाने की बात कही। किसानों को मंडी समिति में बैठा दिया गया। शाम को यहीं पर एसडीएम दीपक चौधरी को प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया।

### एमएसपी गारंटी कानून समेत कई मांगें उठाईं

**संभल अमृत विचार :** भाकियू पदाधिकारियों और किसानों ने एसडीएम दीपक चौधरी को सौंपे ज्ञापन में कहा कि कृषि उपज का वाजिब मूल्य न मिल पाने के कारण देश का किसान भुखमरी के कगार पर खड़ा आत्महत्या को मजबूर है। स्वामीनाथन आयोग के फार्मूले के तहत कृषि उपज की एमएसपी तय की जाए। किसानों को एमएसपी पर कानूनी अधिकार देते हुए एमएसपी गारंटी कानून बनाने की मांग उठाई। बिजली बिल 2022 को वापस लेने, जिले में एमएसपी पर मक्का खरीद के लिए क्रय केंद्र स्थापित कराने, प्रदूषण संबंधी कानूनों से किसान को पृथक करने, लखीमपुर खीरी के पीड़ितों को न्याय व समुचित मुआवजा दिलाने, किसान आंदोलन के दौरान के मुकदमों को वापस लेने की मांग उठाई। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव, रिषभ चौधरी, चौधरी संजीव गांधी, दिलीप कुमार मौजूद रहे।

# कैंटर की टक्कर से खंदक में पलटी कार, तीन घायल

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र में संभल चंदौसी मार्ग पर कैंटर की टक्कर लगने से खाई में पलटी कार में फंसकर तीन लोग घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद चालक कैंटर मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने कैंटर कब्जे में लेकर घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

बहजोई थाना क्षेत्र के गांव पगोना निवासी हंसराज व सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला मंडी किशनदास सराय निवासी शहदान और फैज सोमवार की देर रात साढ़े नौ बजे कार में सवार होकर चंदौसी की ओर जा रहे थे। जैसे ही कोतवाली क्षेत्र में संभल चंदौसी मार्ग पर गांव बिछोली के पास पहुंचे। सामने से आ रहे कैंटर ने कार में टक्कर मार दी। टक्कर के लगते ही कार सड़क किनारे खंदक में पलट गई। इस हादसे में हंसराज, शहदान व फैज घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद चालक कैंटर वहीं छोड़कर भाग गया। मार्ग से गुजर रहे वाहन चालकों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कैंटर कब्जे में लेकर घायल हंसराज, शहदान व फैज को कार से बाहर निकालकर उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

### स्टंट करने पर गिरी बाइक, दो युवक घायल

**संभल/रजपुरा अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में बबराला-अनूपशहर मार्ग पर स्टंट करने पर बाइक गिरने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा में भर्ती कराया। बबराला-अनूपशहर मार्ग पर पीपल के पेड़ के पास दो युवक बाइक से स्टंट कर रहे थे। अनियंत्रित होकर बाइक सड़क पर गिर गई। हादसे में जनपद अलीगढ़ के रामघाट थाना क्षेत्र के गांव चिरौली निवासी सुरेश और सतीश गंभीर रूप से घायल हो गए।

### घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**बहजोई, अमृत विचार:** चार दिन पहले रुपयों के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में घायल युवक ने उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

गांव मझोला में आस मोहम्मद और आरिफ के बीच रुपयों के लेनदेन को लेकर विवाद में आस मोहम्मद के शरीर में गंभीर चोटें आई थी। बहजोई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से प्राथमिक उपचार के बाद युवक को गंभीर हालत बताते हुए चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। जिला अस्पताल से युवक की हालत और ज्यादा बिगड़ी तो उसे दिल्ली रेफर किया गया था। दिल्ली तीन दिन उपचार के बाद युवक ने दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी सत्येंद्र पवार ने बताया कि इस संबंध में पहले से ही रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। अब आगे की कार्रवाई करके मामले को तरमीम किया जाएगा।

# महिलाओं को शक्तिशाली बना रहे प्रधानमंत्री

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** शक्ति बंधन अभियान के तहत शक्ति सम्मान समारोह में जनपद के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं व बीसी सखियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने अधिक से अधिक महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़ने का आह्वान किया। कहा कि सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर शक्तिशाली बना रही है।

डीआर रिसोर्ट में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं द्वारा किए गए कार्यों को लेकर अनुभव साझा किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूह तथा बीसी सखियों से जुड़ी महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि मातृशक्ति आत्मनिर्भर बने यह सपना नरेंद्र मोदी ने देखा है। उन्होंने कहा कि महिलाएं पहले बाहर नहीं निकाल पाती थी, सुरक्षित नहीं थी। आज देश में परिवर्तन दिख रहा है। महिलाएं सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर बनने की तरफ हैं। मंत्री ने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूह अपने समूह से अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ें ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर बन सके। इससे प्रदेश एवं देश मजबूत होगा। इस दौरान डीएम मनीष बंसल, पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत, परियोजना निदेशक ज्ञान सिंह, प्रभारी अधिकारी डूडा दीपक चौधरी, जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, पूर्व विधायक अजीत यादव, ओमवीर सिंह खड़क वंशी, चेयरमैन राजेश शंकर राजू, मंजू दिलेर व ललित मोहन शर्मा आदि मौजूद रहे। संचालन जिला महामंत्री कमल कुमार कमल ने किया।




शक्ति बंधन कार्यक्रम में महिलाओं को संबोधित करते प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह। ● अमृत विचार

▸▸ शक्ति बंधन अभियान के तहत प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने महिलाओं को किया सम्मानित

▸▸ स्वयं सहायता समूह से अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने का किया आह्वान

## सार-संक्षेप

### स्लोगन लिखकर जगाई नशा मुक्ति की अलख

**संभल अमृत विचार :** एमजीएम कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का शिविर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नेमपाल सिंह के नेतृत्व में लगा। प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों और स्वयंसेविकाओं ने मद्यपान निषेध को लेकर दीवारों पर स्लोगन लिखे। इनमें मोहम्मद आमिर, मोहम्मद कादिर, रेसल, शगुन, वर्षा, पूजा, कुमकुम ने लोगों को जागरूक किया। शिविर के द्वितीय सत्र में नशा मुक्ति के लिए संघर्षशील समाज विषय पर हुई विचार गोष्ठी में हेमलता ने नशा मुक्ति जीवन का नारा है, शगुन तिवारी ने नशा मुक्ति भारत बनाना है, वर्षा ने उस दिन अपनी खुशियों को जला बैठे, रेसल ने हम सब का एक ही नारा नशा मुक्त हो देश हमारा आदि कविताएं प्रस्तुत की। डॉ. अर्चना बंसल ने कहानी के जरिये नशा छुड़ाने के लिए स्वयंसेवकों और सेविकाओं को प्रेरित किया। डॉ. अनुभव गुप्ता ने कहा कि हमें समाज को नशा मुक्त बनाना है।

### 103 मरीजों को दी गई दवा, 20 का ऑपरेशन होगा

**बबराला, अमृत विचार :** भानु मेमोरियल आई चेरिटेबल ट्रस्ट व रोटरी क्लब बबराला गंगा की ओर से भानु आई केयर सेंटर में नि :शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगा। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञों ने 103 मरीजों को दवा वितरित की। मोतियाबिंद के 20 मरीजों का चयन ऑपरेशन के लिए हुआ। रोटरी क्लब अध्यक्ष आशीष शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर नेत्र परीक्षण शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में सुबह से ही मरीजों का पहुंचना शुरू हो गया। डॉ. राहुल यादव ने मरीजों की आंखों की जांच करके परामर्श दिया। मोतियाबिंद के मरीज अधिक रहे। डॉ. राहुल यादव ने कहा कि मोतियाबिंद के मरीजों को इंतजार नहीं करना चाहिए। जितनी जल्दी हो सके ऑपरेशन करा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि मोतियाबिंद के पकने आदि की अफवाह से बचें, ऐसा कुछ भी नहीं है। पता चलते ही तुरंत ऑपरेशन करा दें। दूषित भोजन करने और धूल मिट्टी के आंखों में जाने के कारण कम उम्र में ही बच्चों और युवाओं की आंखों की रोशनी कम होने की दिक्कत होती है। हरी सब्जियां, दूध और दही का सेवन किया जाए। शिविर में डॉ.कैलाश वार्ष्णेय, रामवीर शास्त्री, सुरेन्द्र शर्मा, तिलक सिंह, राजेन्द्र सिंह, चिंताहरण सिंह, विजय गोयल आदि सहयोग रहा।



उद्घाटन कार्यक्रम में बोलते भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया।

### बूथ को मजबूत कर जीत के लिए जुटें कार्यकर्ता

**संभल, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में उतरने को तैयार भारतीय जनता पार्टी ने उम्मीदवार की घोषणा से पहले ही मंगलवार को संभल लोकसभा मुख्य चुनाव कार्यालय का उद्घाटन कर दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने कहा कि चुनाव में शानदार जीत के लिए कार्यकर्ता बूथ स्तर तक अपनी तैयारी पूरी रखें। सरोज इन होटल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए सत्येंद्र सिसोदिया ने कहा कि हमें लोकसभा क्षेत्र में घर घर जाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में बताना है। जिसने बूथ जीता उसने चुनाव जीता पर लगातार कार्य करना है। उन्होंने कहा कि संभल जिले के लिए बड़े ही गौरव का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 19 को कल्कि धाम का शिलान्यास किया जा रहा है। मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि मंडल अध्यक्ष के माध्यम से हमें बताएं कि सभी मतदान केंद्रों तक सड़क है या नहीं। जहां नहीं है वहां सड़क निर्माण कराया जाएगा। जिससे किसी को मतदान स्थल तक पहुंचने में कोई परेशानी न आए। जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने कहा कि हमें भारतीय जनता पार्टी के निशान कमल के फूल को लड़ाना है। प्रत्याशी किसी को भी घोषित किया जाए हमें लोकसभा जीतकर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाकर भारत को उनके नेतृत्व में विकास की ओर ले जाना है। इस दौरान जिला प्रभारी हेमंत राजपूत ,लोकसभा प्रभारी राकेश चौहान, नमो एप के संयोजक अभिषेक कौशिक,पंकज गुप्ता ,राजेश सिंघल, अजीत राजू, भुवनेश राघव, मंजू दिलेर, परमेश्वर लाल सैनी,,डा. नरेंद्र सिंह, भीष्म शर्मा,आदि उपस्थित रहे।

### प्रेमी युगल के निकाह के लिए हुई पंचायत

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मुहल्ला निवासी मजदूर की 15 वर्षीय बेटी रविवार की दोपहर घर में अकेली थी। हयातनगर थाना क्षेत्र में सरायतरीन निवासी हैंडीक्राफ्ट कारोबारी का 22 वर्षीय बेटा मजदूर के घर से बहला फुसलाकर किशोरी को अपने साथ ले गया। शाम को घर पहुंचकर मजदूर ने किशोरी की आसपास व रिश्तेदारी में तलाश की, लेकिन किशोरी का पता नहीं चला। युवक के किशोरी को बहला फुसलाकर साथ ले जाने की जानकारी हुई तो मजदूर ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। मामला पुलिस तक पहुंचा तो मंगलवार को युवक के परिजनों ने आनन फानन में किशोरी को साथ लेकर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने परिजनों से युवक को भी कोतवाली बुलाने की बात कही। तो पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए युवक के परिजन गिड़गिड़ाते हुए मजदूर से किशोरी का निकाह युवक के साथ करने की मांग करने लगे। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों में बातचीत चल रही है।

### आरोपी पर कार्रवाई नहीं होने पर खुद को किया घायल

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र में दूसरे समुदाय के युवक द्वारा जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर मारपीट करने के मामले में शिकायत के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो पीड़ित युवक ने धारदार हथियार से हमला कर खुद को घायल कर लिया। परिजनों ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। थाना क्षेत्र के मुहल्ला तुर्तीपुर इल्हा में विशाल की पेंट की जेब से मुहल्ला के ही दूसरे समुदाय के युवक ने रविवार को रुपये निकाल लिए थे। विरोध करने पर युवक ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर विशाल के साथ मारपीट की थी। थाने में शिकायत की, लेकिन पुलिस ने युवक के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। आरोप है कि युवक ने मंगलवार को फिर से विशाल के साथ गाली गलौज व मारपीट की। विशाल ने सारी बात मां को बताते हुए युवक की शिकायत पुलिस में करने की बात कही। मां ने पुलिस में सुनवाई नहीं होने की बात कहते हुए थाने जाने से मना कर दिया। इसके बाद विशाल ने धारदार हथियार से खुद को जख्मी कर लिया। मां ने किसी तरह उसके हाथ से हथियार छीना। आनन फानन में विशाल को मां सरोज ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# रोजगार मेले में 152 युवाओं का चयन

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व जिला सेवायोजन कार्यालय संभल के संयुक्त तत्वावधान में डीडीयूजीकेवाई योजना के तहत असमोली के शाहीन स्मारक डिग्री कॉलेज में लगे रोजगार मेले में 152 युवाओं का चयन नौकरी के लिए हुआ। नियुक्ति पत्र मिलने पर युवाओं के चेहरे खिल उठे।

रोजगार मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख संतोष देवी ने फीता काटकर किया। मेले में एसआईएस सिक्योरिटी देहरादून, फैशन स्क्वायर, नोएडा, हिमवेन ट्रेडर्स, गाजियाबाद, पेडगेट इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड, राज कोष कंस्ट्रक्शन दिल्ली, बीआरएसटी मैप सर्विस प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली, पुखराज हेल्थ केयर, डीवीजी टेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, बालाजी मैन पॉवर फरीदाबाद, किक इंजीनियर सॉल्यूशन फरीदाबाद कंपनियों ने हिस्सा लिया।

248 युवाओं का साक्षात्कार लेकर 152 का चयन नौकरी के लिए हुआ। युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित कर मनोबल बढ़ाया गया। मेले में राजकीय आईटीआई संभल के नोडल प्रधानाचार्य राहुल कृष्ण शर्मा, डिग्री कालेज के प्राचार्य सुरजीत कौशिक, जिला कौशल प्रबंधक पवन सिंह भदौरिया, काशिफ अली, मेला प्रभारी रियाजुल हसन, महीपाल सिंह, अनुज वर्मा, जयप्रकाश जाखड़, चरन सिंह, ब्रजेश कुमार, मोनू वार्ष्णेय आदि रहे। संचालन भोजराज सिंह ने किया।



रोजगार मेले का उद्घाटन करतीं ब्लाक प्रमुख संतोष देवी। ● अमृत विचार

▸▸ नियुक्ति पत्र मिलने पर युवाओं के चेहरे खिल उठे

### जमीन के विवाद में दो पक्षों में मारपीट, चार घायल

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में जमीन के विवाद के चलते दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें दो महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर दी।

थाना क्षेत्र के गांव चमरपुरा निवासी ओमकार और हरिओम के बीच जमीन को लेकर काफी दिनों से विवाद चला आ रहा है। इसी के चलते मंगलवार को दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। कहासुनी के बाद जमकर मारपीट हुई। जिसमें एक पक्ष से ओमकार, सुनीता पत्नी सतेंद्र तथा दूसरे पक्ष से हरिओम, छोटी पत्नी उदयवीर घायल हो गए। दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल परीक्षण कराया। प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि दो पक्षों में जमीन को लेकर विवाद हुआ है। दोनों पक्षों से तहरीर मिली है।

# वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की 3 बाइक के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार

**संभल/सौंधन, अमृत विचार:** कैलादेवी थाना पुलिस ने गांव नूरपुर तिराहे के पास संभल गवां मार्ग पर वाहन चेकिंग के दौरान तीन चोरी की बाइक व तमंचा बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

थाना क्षेत्र के गांव नूरपुर तिराहे पर संभल गंवा मार्ग पर सोमवार की देर शाम पुलिस वाहन चैकिंग कर रही थी। बाइक पर अलग अलग आ रहे तीन लोगों को पुलिस ने रोक लिया और बाइक के कागजात दिखाने को कहा, लेकिन तीनों लोग कागजात नहीं दिखा सके। पुलिस के जांच पड़ताल करने पर तीनों बाइक चोरी की निकली। जिसमें एक बाइक को नोएडा से चोरी किया गया था। तलाशी लेने पर पुलिस को तमंचा बरामद भी बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में तीनों ने अपना नाम पता थाना क्षेत्र के गांव सौंधन की मिलक निवासी कैलाश व सुखवीर और रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव अमरपुर निवासी चरनसिंह बताया। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर मंगलवार को कैलाश, चरनसिंह व सुखवीर का चालान कर दिया।

### चोरी की बैटरी, चाकू और तमंचा सहित तीन गिरफ्तार

**संभल/असमोली, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव रतूपुरा निवासी कासिद उर्फ मोटा औरसरफराज मंगलवार को बस स्टैंड के नजदीक बनी गोशाला के पास स्थित पुलिया पर प्लास्टिक की बोरी लिए खड़े थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बोरी को खोला तो बैटरी बरामद हुई। तलाशी लेने पर पुलिस को सरफराज से चाकू और कासिद से तमंचा मिला। इसी के साथ पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव शहबाजपुर निवासी इसरार से चाकू बरामद कर उसे जंगल से गिरफ्तार कर लिया।



संभल में मदरसा बोर्ड की परीक्षा देते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

# पहले दिन 1311 परीक्षार्थियों ने दी मदरसा बोर्ड की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड की परीक्षा शुरू हो गई। पहले दिन कड़ी निगरानी के बीच परीक्षा केंद्रों पर 1311 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जबकि 161 गैरहाजिर रहे।

जनपद संभल में मदरसा बोर्ड की परीक्षा के लिए छह केंद्र बनाए गए। परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूरी की गईं। मंगलवार को कड़ी निगरानी के बीच केंद्रों पर परीक्षा दो पाली में हुई। जिसमें परीक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और परीक्षा दी।

संभल के मदरसा हामिदिया अशरफिया तिवारी सराय में प्रथम पाली की परीक्षा में 135 में से 127 परीक्षार्थी शामिल हुए और आठ गैरहाजिर रहे। जबकि दूसरी पारी में पंजीकृत 124 में से 107 छात्र छात्राएं उपस्थित हुए और 17 ने परीक्षा छोड़ दी। दूसरे केंद्रों पर भी कड़ी निगरानी के बीच परीक्षा हुई।

**चौकसी** जनपद के सीसीटीवी कैमरे के कंट्रोल रूम को लखनऊ व बरेली से किया कनेक्ट

# यूपी बोर्ड परीक्षा में नकल पर नकेल कसेगी तीसरी आंख

संवाददाता,बहजोई(संभल)

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा होने वाली हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में नकल पर नकेल कसने को लेकर अब लखनऊ से भी तीसरी आंख से निगरानी रखी जाएगी। 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे से शिक्षा निदेशक कार्यालय पर जनपद के 77 परीक्षा केंद्र निगरानी पर रहेंगे। वहीं क्षेत्रीय कार्यालय बरेली भी निगरानी करेगा। दोनों ही कार्यालय से जनपद के 77 परीक्षा केंद्र कनेक्ट कर दिए गए हैं।

अब तक जनपद के परीक्षा केंद्रों के सीसीटीवी कैमरा को केवल जनपद के कंट्रोल रूम से ही जोड़ा जाता था।

जनपद के कंट्रोल रूम से परीक्षा केंद्रों पर नकल पर नकेल कसने को लेकर निगरानी रखी जाती थी। लेकिन अब माध्यमिक शिक्षा विभाग ने नियमों में बदलाव किया है। नकल पर नकेल कसने को लेकर जनपद पर सभी केंद्रों को शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा विभाग लखनऊ क्षेत्रीय कार्यालय बरेली से भी जोड़ा गया है।

सभी परीक्षा केंद्र 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे वॉइस रिकॉर्डिंग के साथ जुड़े रहेंगे। जब चाहे तब लखनऊ व बरेली के कार्यालय जनपद के परीक्षा केंद्रों को देख सकेंगे। अगर कोई भी संदिग्ध गतिविधि हुई तो वहीं से सीधे कार्रवाई को लेकर निर्देश दिए जाएंगे।



डीआईओएस कार्यालय में बने कंट्रोल रूम में काम करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

> इस बार नई व्यवस्था लागू की गई है। जनपद के सीसीटीवी कैमरे के कंट्रोल रूम को लखनऊ के शिक्षा निदेशक माध्यमिक विभाग व बरेली के क्षेत्रीय कार्यालय से भी कनेक्ट किया गया है। लखनऊ बरेली से भी नकल पर नकेल कसने को लेकर परीक्षा केंद्रों पर निगरानी रहेगी।
> – वेदराम, जिला विद्यालय निरीक्षक

▸▸ सीसीटीवी कंट्रोल रूम में सभी तैयारियां हुई पूरी, शिक्षकों की हुई तैनाती

### जिला विद्यालय निरीक्षक का कार्यालय बना कंट्रोल रूम

**बहजोई, अमृत विचार :** जनपद के सभी 77 परीक्षा केन्द्रों वॉइस रिकॉर्डिंग सहित कैमरे लगाए गए हैं। सीसीटीवी कैमरा का कंट्रोल रूम जिला विद्यालय निरीक्षक बहजोई कार्यालय पर बनाया गया है। यहां पर 24 घंटे शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षा के दौरान वह यहीं से ही परीक्षा केंद्रों पर नजर रखेंगे। जैसे ही नकल जैसी स्थिति मिलती है। वैसे ही वह संबंधित परीक्षा केंद्र के केंद्र व्यवस्थापक को सूचित करेंगे और वहां पर कार्रवाई के लिए सचल दल भी भेजा जाएगा। जनपद के कंट्रोल रूम को लखनऊ व बरेली से भी कनेक्ट कर दिया गया है।

## एक नजर

### ओवरलोडिंग में सीज किए पांच वाहन

**संभल अमृत विचार :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत एआरटीओ प्रवर्तन जयप्रकाश गुप्ता और पीटीओ एम आबदीन अहमद ने प्रमुख मार्गों और चौराहों पर चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें 36 वाहनों को चेक किया गया। लोगों द्वारा सीट बेल्ट नहीं लगाने पर चार वाहनों का चालान करते हुए ओवरलोडिंग में पांच वाहन सीज किए।

### हाइवे पर पलटी सब्जी से भरी डीसीएम

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बहजोई रोड पर मॉल के पास मंगलवार की सुबह साढ़े चार बजे मंडी समिति जा रही सब्जी से भरी डीसीएम अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में चालक व परिचालक बाल-बाल गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। मंगलवार की सुबह साढ़े चार बजे बहजोई की ओर से डीसीएम चालक सब्जी को मंडी समिति ले जा रहा था। जब डीसीएम बनियाठेर थाना क्षेत्र के बहजोई रोड स्थित मॉल के पास पहुंची तो सामने से आ रहे वाहन को बचाने के प्रयास में सड़क पर पलट गई।

# विवाद के बाद छोटे भाई ने फंदा लगा दी जान

## बड़ा भाई कमरे में घायल अवस्था में मिला, दोनों के कमरे अंदर से बंद थे, दरवाजे तोड़कर निकाला

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी


घटना के बाद मौके पर जमा भीड़ व पुलिस। ● अमृत विचार



**अमृत विचार:** बनियाठेर थाना क्षेत्र के अशोक नगर में दो भाइयों के बीच विवाद हो गया। जिसमें एक भाई ने क्षुब्ध होकर कमरे में पंखे से प्लास्टिक की रस्सी के फंदे पर लटक जान दे दी। जबकि दूसरा भाई दूसरी मंजिल पर गंभीर हालत में मिला। जिसे पुलिस ने उपचार के लिए सीएचसी भेजा है। दोनों ही युवकों के कमरे अंदर से बंद थे। जिन्हें दरवाजे तोड़ बाहर निकाला।

कोतवाली क्षेत्र के गांव कैथल के मझरा नवाबपुरा निवासी राम भरोसे के चार पुत्र हैं। जिसमें तीन पुत्रों की शादी हो चुकी है। राम भरोसे ने बनियाठेर थाना क्षेत्र के अशोक नगर में आठ वर्ष पहले भूखंड खरीदकर दो मंजिल मकान बनवा लिया था।

> भाइयों के बीच विवाद होने पर छोटे भाई ने फंदा लगाकर आत्महत्या की है। घटना की जांच कराई जा रही है। मौके पर फारेंसिक टीम को बुलाया गया है। जांच के बाद ही अगली कार्रवाई की जाएगी।
>
> -डॉ. प्रदीप कुमार, सीओ

पिछले सात वर्षों से राम भरोसे का बड़ा पुत्र खुशीराम अपनी पत्नी राजबाला व बच्चों के साथ अशोक नगर वाले में मकान में रहता है। उसी के साथ उसका तीसरे नंबर का भाई सूरज भी रहता था, जो ई-रिक्शा चलाता था। करीब ढाई वर्ष पहले सूरज की पत्नी उसे छोड़कर मायके चली गई। देशराज सोमवार की रात बाहर से काम करके लौटा था। मंगलवार की सुबह देशराज व सूरज कपड़े खरीदने बाजार गए थे। दोनों भाई बाजार से लौटकर आए और दूसरी मंजिल पर बने कमरे में शराब पी। इसके बाद दोनों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। इस बीच देशराज के सिर में चोट लगने से वह घायल हो गया। इसके बाद सूरज नीचे कमरे में आ गया। दोनों ने अपने कमरों के दरवाजे बंद कर लिए। अपराह्न करीब तीन बजे दोनों युवकों की भाभी बाहर दुकान से घर में आई, तो कमरे की जाली से सूरज को पंखे से प्लास्टिक की रस्सी पर लटके देखा । यह देख महिला की चीख निकल गई। उसने आसपास के लोगों को बुलाया। लोगों ने कमरे का दरवाजा तोड़ा। मगर तब तक सूरज दम तोड़ चुका था। दूसरी मंजिल पर जाकर देखा तो देशराज का कमरा भी बंद था।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस की मौजूदगी में दूसरी मंजिल पर बने कमरे का दरवाजा तोड़ा तो देशराज घायल अवस्था में नशे की हालत में बेड पर पड़ा मिला। सूचना पर सीओ डॉ. प्रदीप कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और घटना की परिजनों से जानकारी की।

### ढाई वर्ष पहले छोड़ गई थी मृतक की पत्नी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के अशोक नगर निवासी मृतक सूरज की पत्नी कृष्णा उसको ढाई वर्ष पहले छोड़कर अपने मायके दिनौरा थाना बहजोई चली गई थी। उसके ढाई वर्ष का पुत्र भी है। पति के नशा करने से नाराज थी । पत्नी ने अपने खर्चा देने के लिए पति पर न्यायालय में वाद दायर कर रखा है। मृतक की भाभी राजबाला ने बताया कि सूरज दो बार पहले भी आत्महत्या करने की कोशिश कर चुका था। तब उसे समय रहते जानकारी होने पर बचा लिया गया था। मगर इस बार नहीं बचा सके। जबकि देशराज ने कुछ दिन पहले ही अपनी पत्नी को छोड़ दिया था।

### चाचा को फंदे पर लटका देख बेहोश हुई भतीजी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के अशोक नगर में जब भाभी राजबाला ने देवर को लटका देखा तो शोर मचा दिया। तभी शोर की आवाज सुनकर महिला की 14 वर्षीय पुत्री भी मौके पर पहुंच गई। उसने अपने चाचा को फंदे पर लटका देखा तो यह दृश्य देखकर बेहोश हो गई। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## सार-संक्षेप


एनएसएस के विद्यार्थियों को संबोधित करतीं वक्ता। ● अमृत विचार

### मतदान करने के लिए किया प्रेरित

**बहजोई, अमृत विचार :** बहजोई महाविद्यालय परिसर में एकत्रित हुए स्वयंसेवियों ने जागरूकता रैली निकाली। जिसे प्राचार्य डॉ. वीरेन्द्र कुमार गुप्ता ने झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वयंसेवियों ने वोट की चोट करने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया वहीं अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने के लिए जागरूक किया। द्वितीय सत्र में प्राइमरी पाठशाला कनेटा में आयोजित गोष्ठी में राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. रामचंद्र ने स्वयंसेवियों को वोट के महत्व को समझाया। श्री निवास सिंह ने बताया कि देश के विकास के लिए एक वोट की बहुत बड़ी कीमत होती है। प्रधानाध्यापिका विभा रानी ने भी मतदाता जागरूकता पर अपने विचार रखे। सावित्रीबाई टोली की निशा और छाया ने अपने विचार एक गीत के माध्यम से प्रस्तुत किए। इस दौरान गौरव वार्ष्णेय, श्रीनिवास सिंह यादव, गीता रानी, संजय कुमार, निधि राघव, अलका धीमान, प्रीति शर्मा, पूजा शर्मा, सलोनी रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

### पुलिस भर्ती परीक्षा नकल विहीन कराएं अधिकारी : डीएम

**बहजोई, अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर जनपद में 21 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर 9 हजार 840 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। जिसको लेकर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने नकल विहीन परीक्षा कराने को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम मनीष बंसल व एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर की गई तैयारी की समीक्षा की। जिसमें डीआईओएस वेदराम ने बताया कि सभी केंद्र व्यवस्थापक व अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक को निर्देश दिए गए हैं। डीएम ने कहा कि परीक्षा से पहले सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण कर लें। जहां भी कोई भी परेशानी हो उसे समय रहते पूरी कर ली जाए। एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि परीक्षा को नहीं नकल विहीन व शांतिपूर्ण करना ही हमारी जिम्मेदारी है। अगर कहीं भी पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर संदिग्ध परिस्थितियों पाई गई तो संबंधित केंद्र व्यवस्थापक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### महिला सशक्तिकरण की मिसाल हैं सरोजिनी नायडू

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर के खुर्जा गेट स्थित सरोजिनी नायडू जूनियर हाई स्कूल में मंगलवार को सरोजिनी नायडु की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि नगगर पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय व विशिष्ट अतिथि सभासद तरुण नीरज एवं लाला लाजपत राय प्राइमरी के प्रधानाध्यापक अभिषेक कुमार गुप्ता ने चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रधानाध्यापिका डॉ. दुर्गा टंडन ने कहा 'सशक्त नारियां ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण करती हैं। सरोजिनी नायडू महिला सशक्तिकरण की एक मिसाल हैं और यह विद्यालय उन्हीं के नाम पर है। अतः उनकी जयंती को विद्यालय में प्रत्येक वर्ष बहुत ही धूमधाम से मनाई जाती है। पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने सरोजिनी नायडू के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरोजिनी नायडू का जन्म 13 फरवरी 1879 को हुआ था। वह एक महान कवयित्री, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और एक कुशल राजनीतिज्ञ थी उन्हें भारत की प्रथम महिला राज्यपाल होने का गौरव हासिल है। हमें उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसके पश्चात सभी बच्चों में मिष्ठान वितरण किया गया।


ताइक्वांडो में मेडल जीतने वाले बच्चों का उत्साहवर्धन करती राज्यमंत्री गुलाब देवी। ● अमृत विचार

# ताइक्वांडो खिलाड़ियों को राज्य मंत्री ने किया सम्मानित

कार्यालय संवादराता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** किड्स ताइक्वांडो अकादमी के खिलाड़ियों को माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया । मुरादाबाद में हुई चैम्पियनशिप में चन्दौसी के 24 खिलाडियों ने प्रतिभाग किया।

एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल से आहिल त्यागी व सम्राट सिंह ने गोल्ड, एएम वर्ल्ड स्कूल से अंशी गुप्ता व विधि गोयल ने गोल्ड और श्रेय गोयल ने सिल्वर, सेक्रेड हार्ट कान्वेंट स्कूल से पार्थी प्रजापति व परिधि रस्तोगी, कृतिका सिंह, आरोही शंखधार, राघव अग्रवाल, अफ्फान, रोहिनी, अनुदीप सिंह यादव, अभिमन्यु सिंह यादव, पलक सैनी ने गोल्ड, आरआरके स्कूल से गौरांशि मित्तल, सायेशा त्यागी ने गोल्ड, न्यू सत्यम अकादमी से हर्षित अरोरा ने गोल्ड व माणिक अग्रवाल ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। राज्य मंत्री गुलाब देवी और ब्लॉक प्रमुख सुगंधा सिंह ने कोच अंकुश राणा को सर्टिफिकेट देकर किया सम्मानित। कार्यक्रम का आयोजन अभिनव शर्मा ने संचालन सतीश अरोरा ने किया। इस मौके पर जिला संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ अरविंद गुप्ता, नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, अभिनव शर्मा आदि रहे।

# इस्लामनगर में नाले से मिला युवक का शव

- परिजनों ने जताया हत्या का अंदेशा, शादी समारोह में शामिल होने गया था
- दुबई में अपने भाई फैजल के साथ कारपेंटर का कार्य करता था
- दो माह पहले अपने घर आया था संभल गेट निवासी शमीम

कार्यालय संवादादता, चन्दौसी



**अमृत विचार:** जनपद बदायूं के थाना इस्लामनगर में रिश्तेदारी में शादी समारोह में गए युवक का शव मंगलवार की सुबह नाले में पड़ा मिला। कपड़े से मिले आधार कार्ड से युवक की पहचान कोतवाली क्षेत्र के संभल गेट निवासी युवक के रूप में हुई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने हत्या का अंदेशा जाहिर किया है।

संभल गेट निवासी शमीम 32 वर्ष पुत्र अब्दुल मजीद दुबई में अपने भाई फैजल के साथ कारपेंटर का कार्य करता था। वह दो माह पहले अपने घर आया था। घर पर उसकी पत्नी शबनम व छोटा पुत्र हैदर अली भी परिजनों के साथ रहता है। युवक की मां रुखसाना की बहन के जेठ की पुत्री की शादी इस्लामनगर में थी। सोमवार की शाम चार बजे रुखसाना अपने पुत्र शमीम के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए इस्लामनगर चली गई। रात आठ बजे मां रुखसाना ने शमीम को शादी समारोह में घूमते हुए देखा। इसके बाद जब पुत्र नजर नहीं आया तो उसके मोबाइल पर संपर्क किया तो मोबाइल स्विच ऑफ बताने लगा। इसके बाद मां रुखसाना ने अपनी पति अब्दुल मजीद को फोन कर पूछा कि उनका पुत्र घर तो नहीं आ गया। तो उनके पति से पुत्र के घर नहीं आने की बात कही। इसके बाद मां को चिंता हुई, तो परिजनों को बताया। परिजनों ने युवक की काफी खोजबीन की मगर कोई सुराग नहीं लगा।

मंगलवार की सुबह चेयरमैन आवास रोड पर स्थित नाले में युवक का शव पड़े होने की सूचना इस्लामनगर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने नाले से शव बाहर निकाला। युवक के पास से मिले आधार कार्ड व अन्य कागजात से उसकी शिनाख्त शमीम निवासी संभल गेट चन्दौसी के रूप में हुई। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दी। मृतक की मां रुखसाना ने पुत्र की हत्या करने का शक जाहिर किया।

## टीवी ठीक करते समय करंट से युवक की मौत

**चन्दौसी, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के प्रेमनगर कॉलोनी में टीवी ठीक करते समय करंट से युवक की मौत हो गई।

कॉलोनी में ब्रजेश कुमार शर्मा अपने परिवार के साथ रहता है। उनका बड़ा पुत्र हरीश शर्मा रुड़की उत्तराखंड में नौकरी करता है। जबकि छोटा पुत्र पवन शर्मा 26 वर्ष बीटेक करने के बाद नौकरी की तलाश में कर रहा है। दोपहर को पवन टीवी ठीक करने लगा। टीवी का प्लग बिजली के बोर्ड में लगा था और स्विच आन था। युवक स्विच बंद करना भूल गया और टीवी ठीक करते समय तार पकड़ लिए।

कुछ देर बाद पिता कमरे में पहुंचे तो बेटा चीख रहा था। पिता ने बिजली का स्विच बंद किया और आसपास वालों को बुलाकर युवक को उपचार के लिए मुरादाबाद ले गए। जहां निजी अस्पताल में युवक ने उपचार के दौरान शाम सात बजे दम तोड़ दिया।

# यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



जागरुकता रैली निकालतीं रासेयो की छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** थाना बनियाठेर क्षेत्र के कस्बा नरौली के कुंवर कंचन सिंह महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन यातायात एवं सड़क सुरक्षा के तहत किया गया। स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं ने यातायात जागरुकता रैली निकाली और नारे लगाए। रैली में स्वयंसेवक व सेविकाएं हाथों में बैनर व जागरुकता के नारे लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे। चन्दौसी-संभल मार्ग पर वाहन चालकों को रोक कर जागरूक किया।

दुपहिया वाहन चालको को हेल्मेट व चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने के साथ ही यातायात नियमों का पालन करने का आह्वान किया। कहा कि शराब पीकर वाहन न चलाएं। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. रूपेश कुमार मिश्रा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योत्सना शर्मा, धन सिंह, केपी सिंह, सोमवंशी, इश्त्याक अहमद, अमोल शर्मा, खेमेंद्र सिंह राघव, आयुषी शर्मा, दानिश फात्मा, पिंकू सैनी, सतीश आदि मौजूद रहे।

### स्वयंसेवकों ने यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**संभल अमृत विचार :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय संभल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का शिविर प्राचार्य डॉ .प्रभा शर्मा की देखरेख में लगा। रासेयो की दोनों इकाइयों के स्वयंसेवकों ने करें राष्ट्र निर्माण बनाए मिट्टी से अब सोना गीत प्रस्तुत किया। प्राचार्य ने रासेयो का महत्व बताकर कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया ।प्रथम चरण में कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार और सचिन कुमार के निर्देशन में स्वयंसेवकों ने गांव घुंघावली में रैली निकालकर ग्रामीणों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। महाविद्यालय परिसर में श्रमदान किया। दूसरे चरण में भारत में मतदान अनिवार्य होना चाहिए विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता हुई। इस दौरान डॉ .जीत सिंह, डॉ .तनुज कुमार, डॉ .आसिम, सबा खान, चमन सिंह, मोहम्मद ऐजाज आदि मौजूद रहे।

# शिक्षकों ने गीत प्रस्तुत कर दी12वीं के छात्रों को विदाई

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** गोया वर्ल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल रम्पुरा जट में कक्षा 12 के छात्रों की विदाई दी गई। दीपांशु, निशांत, साक्षी आदि ने प्रधानाचार्या और शिक्षकों का आभार जताया। शिक्षकों ने छात्रों के लिए गीत प्रस्तुत किया तो उनकी आंखों में आंसू छलक आए। प्रधानाचार्या स्वाति गुप्ता ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की और आगे बढ़ने के टिप्स दिए। वहीं स्कूल में बिना आग के खाना बनाने की प्रतियोगिता हुई। कई तरह के स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए। आलिया, दर्शिका, खुशी सारस्वत, माधव तथा ओजस्वी की भूमिका सराहनीय रही। प्रधानाचार्या स्वाति गुप्ता और प्रबंधक आकाश गर्ग ने व्यंजनों का स्वाद लिया। जिससे बच्चों में उत्साह और मनोबल बढ़ा।


गोया वर्ल्ड स्कूल में सीनियर छात्राओं को विदाई देतीं जूनियर छात्राएं। ● अमृत विचार


रैली निकालतीं रासेयो की छात्राएं। ● अमृत विचार

### रैली निकाल मतदान के प्रति किया जागरुक

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एनकेबीएमजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों का दो दिवसीय शिविर का समापन खुर्जा गेट स्थित सरोजनी नायडू कंपोजिट विद्यालय में संपन्न हुआ। जिसमें स्वयंसेविकाओं ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली। रैली का आरंभ पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने झंडी दिखाकर किया। स्वयंसेविकाओं ने रैली के माध्यम से नागरिकों को मतदाता के प्रति जागरुक किया। रैली में स्वयंसेविकाएं हाथों में स्लोगन लिखी पट्टिकाएं लेकर चल रही थीं। विद्यालय से आरंभ हुई रैली ने प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया और अंत में विद्यालय आकर संपन्न हुई। रैली में महाविद्यालय की 200 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। दूसरे सत्र में विद्यालय में सरोजिनी नायडू की जयंती मनाई गई।

### युवती से छेड़छाड़ के आरोप में पुलिस कर्मी पर मुकदमा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** थाना बनियाठेर पुलिस ने युवती से छेड़छाड़ के मामले में आरोपी सिपाही के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी सिपाही का सीएचसी में मेडिकल करा कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। कोतवाली चन्दौसी क्षेत्र के गांव निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बेटी चन्दौसी के एक निजी अस्पताल में मेडिकल डिपार्टमेंट में कार्य करती है। रोजाना की तरह बेटी सोमवार की शाम करीब छह बजे ड्यूटी करके घर वापस लौट रही थी। उसी समय सेक्रेड हार्ट स्कूल के निकट बहजोई में 112 पर तैनात सिपाही तनवीर बालियान ने बाइक से बेटी का पीछा करना शुरु कर दिया। इतना ही नहीं बेटी से मोबाइल छीनने का प्रयास किया। बेटी ने जब विरोध किया तो उसके साथ मारपीट व गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए चला गया।


मेडिकल को पहुंचा आरोपी सिपाही। ● अमृत विचार

### एनडीपीएस के एक आरोपी को ढाई वर्ष की सजा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** अदालत ने एनडीपीएस के एक आरोपी को दो वर्ष छह माह के कठोर करावास व पांच हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। मामला जनपद संभल के थाना हयातनगर क्षेत्र में 2022 का है। उप निरीक्षक सुंदरलाल पांच अक्टूबर 2022 को टीम के साथ गशत पर थे। सूचना मिली कि एक व्यक्ति मोहल्ला नवादा से माली बाग पर चामुण्डा मंदिर के पास बैठा है। जिसके पास चरस है। पुलिस ने उस व्यक्ति को पकड़ लिया। पकड़े व्यक्ति ने अपना नाम दानिश पुत्र वाहिद निवासी मोहल्ला नवादा सरायतरीन थाना हयातनगर का बताया। तलाशी में आरोपी के पास से 240 ग्राम चरस बरामद हुई। साक्ष्यों को जुटा कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। अभियोजन पक्ष से विशेष लोक अभियोजक प्रेम प्रकाश मौर्य ने साक्ष्यों के आधार पर दलीलें पेश कीं। मंगलवार को न्यायाधीश रागिनी ने आरोपी दानिश को दोषी करार दते हुए दो वर्ष छह माह की अवधि के सश्रम कारावास व 5000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। जेल में बिताई गई अवधि सजा में समायोजित की जाएगी।

### भाकियू नेता की कार में डंपर ने मारी टक्कर, बाल बाल बचे

**संभल/कैलादेवी, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र भाकियू टिकैत के जिला प्रवक्ता मिथलेश शास्त्री की कार को बजरी से लदे डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में मिथलेश व उनका साथी बाल बाल बचे। गांव रुदायन निवासी जबर सिंह के निर्माणाधीन मकान को अधिकारियों ने अवैध बताते हुए दो माह पहले कार्रवाई की थी। मंगलवार को इसी मामले में मिथलेश शास्त्री व जबर सिंह कार में सवार होकर कमिश्नर से मिलने मुरादाबाद जा रहे थे। गंगा एक्सप्रेस वे पर सामने से बजरी लेकर आ रहे डंपर ने कार में टक्कर मार दी। जिला प्रवक्ता ने पीछा कर डंपर को चालक सहित पकड़ लिया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जिला प्रवक्ता ने बताया कि इसी चालक ने एक सप्ताह पहले चंदौसी चौराहे पर डंपर से कार में टक्कर मारी थी।

# बसंत पंचमी पर प्रकृति में नवजीवन का होता है संचार

कार्यालय संवाददाता,संभल



बसंत उत्सव मनाती नारी उत्थान समिति की कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- नारी उत्थान समिति की ओर से किया गया कार्यक्रम का आयोजन

**अमृत विचार:** नारी उत्थान समिति के तत्वाधान में बसंत पंचमी पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कहा गया कि बसंत पंचमी से नवजीवन का संचार होता है। इस अवसर पर श्लोक व भजन की प्रस्तुति भी दी गई।

पीला खदाना कैंप कार्यालय पर कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा आराधना के साथ की गई। समिति की अध्यक्ष सीमा आर्य ने कहा कि ज्ञान के बिना मानव का जीवन निरर्थक है। कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा बसंती रंग के परिधान पहने गये थे। इस दौरान बहुत ही सुंदर श्लोक और भजन भी प्रस्तुत किए गए। महिलाओं ने कहा कि स्वास्थ्य की दृष्टि से भी ऋतुराज बसंत का बड़ा महत्व है। इस समय प्रकृति में बदलाव के साथ ग्रीष्म ऋतु के साथ पेड़ पौधों पर नव पल्लव का आगमन होता है। इसकी छटा से नवजीवन का संचार होता है। इस दौरान तरन्नुम अकील,पूनम शुक्ला, अल्पना आर्या,पूर्वी आर्या, मंजू आर्या, मीनाक्षी सिंघल,प्रीति शर्मा,वर्षा गुप्ता,सुरभि टण्डन,शालनी अग्रवाल,बबली आर्या,ऋतु रस्तोगी,निरु चाहल,डॉ. लक्ष्मी, गरिमा गुप्ता, ममता गोला, शालिनी रस्तोगी, गायत्री आर्या ,पूजा गुप्ता आदि मौजूद रहीं।

**आयोजन** नारायण सेवा समिति ने बसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम किया

# बाल कवियों ने अपनी रचनाओं से बांधा समां

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी


कार्यक्रम में विभिन्न स्वरुपों में सजे बच्चे व मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नारायण सेवा समिति ने बसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर मंगलवार की शाम बाल कवि सम्मेलन का आयोजन किया । जिसमें नगर के विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभागिता करते हुए अपनी रचनाओं का काव्य पाठ करके श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

सर्वप्रथम मंचासीन अतिथियों ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पण करने के साथ ही वंदना प्रस्तुत की । अतिथियों के अभिनंदन के पश्चात समिति प्रबंधक हरीश कठेरिया ने प्रगति आख्या प्रस्तुत की। मुख्य वक्ता डॉ. टीएस पाल ने भी संबोधित किया। तदोपरांत बाल कवयित्री छात्रा सिया चौहान ने प्रेम क्या है ? क्या ही पता पर करना सबको होता है, प्रेम क्या है वो जाने जो राधाकृष्ण-सा होता है। आरुषि शर्मा ने एक प्यारे परिवार की है ये कहानी, जीते थे खुशी से पिता ये अपनी जिंदगानी आदि पंक्तियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। राजवंश सक्सेना ने मैकेनिक बिना टूल, मास्टर बिना स्कूल, टीवी बिना पिक्चर, सचिन बिना सिक्सर... आदि पंक्तियों से गुदगुदाया। यश शर्मा ने जीत की हवस नहीं, किसी पे कोई वश नहीं, क्या जिंदगी है, ठोकरों पे मार दो। अध्यक्षता सुभाष चंद्र ने की। इस अवसर पर केजी गुप्ता, डॉ. जयशंकर दुबे, अखिलेश सक्सेना आदि रहे।

### देवी-देवताओं के स्वरुप में सजे बच्चों ने नृत्य कर मनमोहा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** साक्षी सेवा समिति स्टार के द्वारा मंगलवार को बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में आवास विकास स्थित समिति की सचिव रेनु शर्मा के निवास पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम समिति की संयोजिका रंजना शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर सरस्वती वंदना की। तदोपरांत राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान व सरस्वती के स्वरुप में सजे बच्चों ने नृत्य की प्रस्तुति से मनमोह लिया। सभी महिलाओं को समिति की अध्यक्ष सुधा शर्मा और सचिव रेनु शर्मा ने पटका पहनाकर और उपहार देकर सम्मानित किया। बच्चों में सोना, गौरी, रुद्र, आशी, ऐनी, अवनि, सृष्टि, सिद्धि, अयान, दिव्यांश, अक्षत, सक्षम ने नृत्य कर मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर बबिता बिंदल, विजयलक्ष्मी, गीतांजलि, छवि रस्तोगी, रजनी, सलोनी, दमयंती, सुनीता शर्मा आदि रहे।

सेवितव्यो महावृक्षः फ़लच्छाया समन्वितः।
यदि देवाद फलं नास्ति, छाया केन निवार्यते।।

विशाल वृक्ष की सेवा करनी चाहिए क्योंकि वो फल और छाया दोनो से युक्त होता है। यदि दुर्भाग्य से फल नहीं हैं तो छाया को भला कौन रोक सकता है।

## संपादकीय

# गहरे हुए बहुआयामी संबंध

पिछले नौ वर्षों में व्यापार और निवेश, रक्षा, सुरक्षा, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा और शिक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ भारत का सहयोग कई गुना बढ़ा है। इसी तरह भारत और कतर के बहुआयामी संबंध सभी क्षेत्रों में गहरे हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को यूएई और कतर की यात्रा पर रवाना होने से पहले कहा कि हमारा सांस्कृतिक और लोगों से लोगों का जुड़ाव पहले से कहीं अधिक मजबूत है। वर्ष 2014 के बाद से प्रधानमंत्री मोदी की यूएई की सातवीं और कतर की दूसरी यात्रा होगी। वे बुधवार को दुबई में वैश्विक शासन शिखर सम्मेलन में विश्व नेताओं की सभा को संबोधित करेंगे। यह यात्रा दोनों देशों के बीच गहरे एवं बहुमुखी संबंधों को रेखांकित करती है। साथ ही द्विपक्षीय संबंधों के बढ़ते महत्व को दर्शाती है। संयुक्त अरब अमीरात में 3.3 मिलियन से अधिक प्रवासी भारतीय हैं। हर क्षेत्र में भारत और यूएई के बीच आर्थिक साझेदारी फली-फूली है। जहां वर्ष 2022-23 में द्विपक्षीय व्यापार 85 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। यूएई भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार और दूसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। यूएई के साथ भारत का संबंध इसके सबसे प्रमुख द्विपक्षीय संबंधों में से एक के रूप में उभरा है। यूएई न केवल एक रणनीतिक साझेदार है, बल्कि खाड़ी क्षेत्र में भारत की संलग्नता में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह दोनों देशों के प्रमुख नेताओं के बीच घनिष्ठ संबंध को भी उजागर करता है। अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक करने और सेवा व्यापार को 15 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

चूंकि भारत और यूएई अपनी असाधारण रणनीतिक साझेदारी के साथ आगे बढ़ रहे हैं, वे अभिसरण और पारस्परिक सम्मान के एक मॉडल का संकेत देते हैं जिसका भविष्य में और सुदृढ़ होना तय है। फिर भी ईरान और अरब देशों (विशेषकर यूएई) के बीच चल रहे संघर्ष के कारण भारत स्वयं को एक नाजुक राजनयिक स्थिति में पाता है। ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद, भारत ने ईरान से तेल आयात करना जारी रखा। यह भारत की ईरान और अरब दुनिया दोनों के साथ अपने संबंधों को सावधानीपूर्वक आगे बढ़ाने की आवश्यकता को उजागर करता है। इजराइल और हमास के बीच छिड़े युद्ध ने भी चुनौतियों को और बढ़ा दिया है। क्योंकि इससे प्रस्तावित भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा संकट में पड़ गया है। अमेरिका और रूस जैसे देशों के साथ भारत की टू प्लस टू वार्ता की तरह संयुक्त अरब अमीरात के साथ समान उच्च स्तरीय वार्ता की शुरुआत लाभप्रद सिद्ध होगी।

# क्या सुलझ पाएगा असम और मिजोरम का अंतर्राज्यीय सीमा विवाद


दिनकर कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

मिजोरम के तीन जिले-आइजोल, कोलासिब और ममित-असम के कछार, कर्मगंज और हैलाकांडी जिलों के साथ 164.6 किमी लंबी सीमा साझा करते हैं। दोनों पड़ोसी राज्यों के बीच सीमा विवाद एक लंबे समय से चला आ रहा मुद्दा है, जो मुख्य रूप से दो औपनिवेशिक सीमांकन से उत्पन्न हुआ है।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मिजोरम और असम 9 फरवरी को लंबे समय से लंबित अंतरराज्यीय सीमा विवाद को सुलझाने के लिए संयुक्त प्रयास करने पर सहमत हुए हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वास सरमा ने 9 फरवरी की सुबह अपने मिजोरम समकक्ष लालडुहोमा को भोजन पर आमंत्रित किया, जो इस समय गुवाहाटी में हैं और दोनों नेताओं ने सीमा मुद्दे पर चर्चा की। बैठक के दौरान लालडुहोमा और सरमा ने दोनों पूर्वोत्तर राज्यों के बीच सीमा विवाद को सुलझाने के लिए सामूहिक प्रयास करने पर सहमति व्यक्त की। दोनों नेता तब तक सीमाओं पर शांति बनाए रखने पर भी सहमत हुए जब तक दोनों पड़ोसी राज्य सीमा वार्ता करते रहेंगे। सरमा ने लालडुहोमा से कहा कि असम विधानसभा का चालू बजट सत्र समाप्त होने पर वह सीमा प्रभारी मंत्री को मिजोरम भेजेंगे।

मिजोरम के तीन जिले-आइजोल, कोलासिब और ममित-असम के कछार, कर्मगंज और हैलाकांडी जिलों के साथ 164.6 किमी लंबी सीमा साझा करते हैं। दोनों पड़ोसी राज्यों के बीच सीमा विवाद एक लंबे समय से चला आ रहा मुद्दा है, जो मुख्य रूप से दो औपनिवेशिक सीमांकन से उत्पन्न हुआ है।

मिजोरम का दावा है कि बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन (बीईएफआर) 1873 के तहत 1875 में अधिसूचित इनर लाइन आरक्षित वन का 509 वर्ग मील क्षेत्र उसके क्षेत्र में आता है। दूसरी ओर असम ने 1933 में भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा तैयार किए गए मानचित्र में दिखाई गई सीमा को अपनी संवैधानिक सीमा माना है। इनर लाइन आरक्षित वन के भीतर के विशाल क्षेत्र अब असम के अंतर्गत आते हैं। इसी तरह 1933 के सीमांकन के अनुसार क्षेत्र का एक निश्चित हिस्सा अब मिजोरम की तरफ है। दोनों राज्यों के बीच सीमाओं का कोई जमीनी सीमांकन नहीं है।

मिजोरम और असम के बीच सीमा विवाद ने जुलाई 2021 में एक बदसूरत मोड़ ले लिया था जब दोनों राज्यों के पुलिस बलों के बीच अंतर-राज्यीय सीमा पर गोलीबारी हुई, जिसमें छह पुलिसकर्मियों और असम के एक नागरिक की मौत हो गई। हालांकि, यह पहली बार नहीं था कि राज्यों के बीच टकराव हुआ। अक्टूबर-नवंबर 2020 में दोनों राज्यों के स्थानीय लोग एक-दूसरे के खिलाफ भिड़ गए थे। असम की ओर से स्थानीय लोगों ने मिज़ोरम की ओर माल ले जाने वाले ट्रकों को रोक दिया। दूसरी ओर मिज़ोरम सुरक्षा बल सीमाओं पर खाइयां खोदते और बंकर बनाते देखे गए। 17 अक्टूबर को स्थिति तब ख़राब हो गई जब 20 दुकानें जला दी गईं और दोनों पक्षों के 50 से अधिक लोग घायल हो गए।

असम का अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, नागालैंड और मिजोरम के साथ प्रमुख सीमा विवाद है। नागाओं ने सबसे पहले वृहद नागालैंड के लिए मानचित्र को फिर से बनाने की मांग की थी, और विवाद की जड़ 1963 में इसके गठन में थी। असम-नागालैंड सीमा पर बड़ी झड़पें 1968, 1979, 1985 और 2014 में हुई। असम-मिजोरम सीमा संघर्ष के बाद, असम ने पूर्वी मोर्चे पर गतिरोध को कम करने के लिए नागालैंड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए और अदालत के हस्तक्षेप के बिना सीमा विवादों को हल करने के लिए अरुणाचल प्रदेश के साथ काम कर रहा है।

दोनों राज्यों के बीच विवाद ब्रिटिश औपनिवेशिक काल से चला आ रहा है। अगस्त 1875 में अंग्रेजों ने लुशाई पहाड़ियों (अब मिजोरम) और कछार के मैदानों (अब असम का जिला) के बीच एक सीमा खींची थी। मिज़ो लोगों का मानना है कि यह एक मात्र मौका था जब ऐसा उनके प्रमुखों के परामर्श से किया गया था। बाद में 1933 में लुशाई हिल्स और तत्कालीन मणिपुर रियासत के बीच सीमा का सीमांकन किया गया। यह सीमांकन विवाद की असली जड़ बन गया है क्योंकि मिज़ो लोग इसे स्वीकार नहीं करते हैं और 1875 के सीमांकन की ओर इशारा करते हैं, जो बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन (बीईएफआर) अधिनियम, 1873 (जिसे इनर लाइन रेगुलेशन के रूप में भी जाना जाता है) से लिया गया है।

मिजोरम, जिसे 'लुशाई हिल्स' के नाम से भी जाना जाता है, असम का हिस्सा था और 1972 में केंद्र शासित प्रदेश बन गया और बाद में 1987 में पूर्ण राज्य बन गया। यह असम के साथ 164 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है। असम के कछार, हैलाकांडी और करीमगंज जिले की सीमा कोलासिब, ममित और मिजोरम के आइजोल जिले से लगती है। दोनों राज्यों ने एक दूसरे पर जमीन पर कब्ज़ा करने का आरोप लगाया है। मिजोरम के गठन के सात साल बाद 1994 में पहली झड़प हुई। केंद्र सरकार की ओर से दोनों राज्यों के बीच कई दौर की बातचीत के बावजूद तनाव बरकरार रहा।

दोनों राज्यों के बीच टकराव ने देश के भीतर राज्य की सीमाओं के निर्धारण में दोष को रेखांकित किया है। झड़प की तीव्रता को इस तथ्य से समझा जा सकता है कि दोनों राज्यों की राज्य सरकारों ने आधिकारिक तौर पर असम के मुख्यमंत्री सहित प्रत्येक पक्ष के अधिकारियों पर भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। मामले को और बदतर बनाते हुए, असम सरकार ने लोगों को मिजोरम की यात्रा न करने की सलाह भी जारी की और मिजोरम में रहने वाले अपने लोगों से अत्यधिक सावधानी बरतने को कहा। दूसरी ओर मिजोरम लगातार असम के उपद्रवियों पर राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुद्ध करने और रेलवे ट्रैक को हटाने का आरोप लगाता रहा, जिससे राज्य में आर्थिक नाकेबंदी हो रही थी। एनएच-306 को मिजोरम की जीवन रेखा माना जाता है क्योंकि यह राज्य को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ता है।

बाद में यथास्थिति बनाए रखने के लिए गृह मंत्रालय ने राज्य बलों के बीच आगे की झड़पों से बचने के लिए एक तटस्थ बल यानी सीआरपीएफ को तैनात किया। इसके बाद दोनों राज्यों ने एक संयुक्त बयान जारी किया और चर्चा के माध्यम से चल रहे अंतर-राज्य सीमा तनाव को कम करने की इच्छा जताई। संयुक्त बयान में कहा गया कि-'दोनों राज्य अपने संबंधित वन और पुलिस बलों को गश्त, प्रभुत्व, प्रवर्तन या किसी भी ऐसे क्षेत्र में नई तैनाती के लिए नहीं भेजेंगे जहां हाल ही में दोनों राज्यों के पुलिस बलों के बीच टकराव और संघर्ष हुआ हो।'

असम का अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, नागालैंड और मिजोरम के साथ प्रमुख सीमा विवाद है। नागाओं ने सबसे पहले वृहद नागालैंड के लिए मानचित्र को फिर से बनाने की मांग की थी, और विवाद की जड़ 1963 में इसके गठन में थी। असम-नागालैंड सीमा पर बड़ी झड़पें 1968, 1979, 1985 और 2014 में हुई। असम-मिजोरम सीमा संघर्ष के बाद, असम ने पूर्वी मोर्चे पर गतिरोध को कम करने के लिए नागालैंड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए और अदालत के हस्तक्षेप के बिना सीमा विवादों को हल करने के लिए अरुणाचल प्रदेश के साथ काम कर रहा है। असम की अरुणाचल प्रदेश के साथ 804.1 किमी लंबी सीमा लगती है और दोनों राज्यों के बीच सीमा विवाद है।

इसी तरह स्थानीय लोगों की सहमति के बिना असम राज्य के पुनर्गठन का नतीजा असम-मेघालय सीमा पर भी देखा जा सकता है। मेघालय 1970 में असम से अलग होकर बना और 1972 में पूर्ण राज्य बन गया। हालांकि, मेघालय ने जैंतिया पहाड़ियों के ब्लॉक I और ब्लॉक II को मिकिर पहाड़ियों (असम में) और गारो पहाड़ियों के क्षेत्रों को असम के गोवालपारा जिले में स्थानांतरित करने को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। इस प्रकार इन झड़पों का मुख्य कारण लोगों की पहचान की तलाश के इर्द-गिर्द घूमता है। पूर्वोत्तर के लोगों के मन में अलग-थलग होने का डर बहुत गहरा बैठ गया है। वे ढांचागत विकास परियोजनाओं की लालसा से अधिक अपनी पहचान, संस्कृति और पैतृक भूमि की रक्षा के लिए अपनी ऊर्जा लगाते हैं।

## प्रसंगवश

# यहां हर रंग वासंती निराला ही निराला है

वसंत ऋतुराज है। प्रकृति के सौंदर्य का चरमोत्कर्ष। जिस ओर दृष्टि जाती है उस ओर धरा का आंचल अनूठे रंगों से हरा-भरा दिखाई देता है। मान्यता है कि वसंत पंचमी के दिन पृथ्वी की अग्नि सृजन की ओर दिशा करती है जिसके कारण शरद ऋतु में शिथिल पड़ चुके पेड़-पौधे, जीव-जंतु अपनी आंतरिक अग्नि को प्रज्ज्वलित कर नवीन सृजन की ओर उन्मुख हो जाते हैं। सृजन का यह स्वर समूची सृष्टि में व्याप्त हो वसंत का उद्‌घोष करता है। यह उद्‌घोष समस्त प्राणियों में उल्लास का संचार करता है।

वसंत आध्यात्मिक भावों के सहज आगमन का समय है। मां वीणा वादिनी की आराधना का महोत्सव। मां सरस्वती, जो हमें अज्ञान के अंधेरों से ज्ञान के आलोक में ले जाती हैं, जो असत्य में सत्य का बोध कराती हैं, जो मृत्यु से अमरत्व का मार्ग सुझाती हैं। जो हमारी चेतना को सजीवता प्रदान करती हैं। मांगलिक कार्यों में शुभफल दायी वसंत पंचमी मां वाग्देवी का आशीर्वाद और वरदान है।


डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

वसंत मधुमास है। इस समय नव कुसुमों-पल्लवों से अनुपम श्रृंगार धारण किए प्रकृति की हर लय में मौजूद संगीत को सहज ही अनुभव किया जा सकता है। वसंत प्रकृति में नव गति, नव लय और ताल का अनुपम संगीत है। प्रकृति और परिवेश में नवोन्मेष का समय। प्रकृति की हर लय में वसंत अनुपम सौंदर्य और मोद बनकर उतरता है। हताश- निराश मन-प्राणों में आशा और प्रेम की पुलक भर देता है। वसंत वसुधा का सौंदर्य है। उल्लास का महापर्व है। चहूं दिश पसरी हरीतिमा और खेतों में लहराती पीली सरसों बरबस ही मन को आकर्षित करती है। शुभता का प्रतीक पीला रंग मन में असीम आनंद की अनुभूति जगाता है। वसंत मन की मौज का मौसम है। जीवन में सकारात्मकता का सशक्त संदेश है।

वसंत कामदेव का मित्र है और प्रेम का पर्व। कामदेव पुष्पों का धनुष धारण करते हैं और 'अनंग' के रूप में प्राणियों में बसते हैं। सुकुमार अनंग को 'मार' भी कहा जाता है क्योंकि इनके बाणों से बचने का कोई रास्ता नहीं है। वसंत अपने मित्र कामदेव को नव कुसुमों से

वसंत मधुमास है। इस समय नव कुसुमों-पल्लवों से अनुपम श्रृंगार धारण किए प्रकृति की हर लय में मौजूद संगीत को सहज ही अनुभव किया जा सकता है।

सज्जित धनुष बाण उपलब्ध कराता है जिसकी मार से कोई भी बच नहीं पाता और प्रेममय हो जाता है।


गुनगुनाती धूप, सरस परस करती मोदमयी वायु, नव कुसुमों-पल्लवों का संस्पर्श, वृक्षों पर झूलते-फूलते पलाश, बौर की सुगंध, कोयल की मनमोहिनी कूक, तनभावन तापमान ये सब वासंती उपकरण हैं जो वसंत को महज मौसम नहीं बल्कि प्रेम का महापर्व बना देते हैं।

वसंत और साहित्य का गहरा नाता है। साहित्याकाश के जाज्वल्यमान नक्षत्र महाप्राण सूर्यकांत त्रिपाठी निराला 'वसंत के अग्रदूत' कहे जाते हैं। यह अद्भुत संयोग ही है कि हिंदी की डाल के इस निराले पुष्प के अवतरण हेतु प्रकृति ने वसंत को चुना। वसंत सर्द मौसम के थपेड़ों के बाद आता है। यह भी संयोग ही है कि निराला जी का जीवन तमाम संघर्षों से घिरा रहा लेकिन वासंती उल्लास इन तमाम जीवन संघर्षों पर भारी रहा। उनका जीवन अभावों से घिरा रहा लेकिन मन-प्राण में वसंत चहकता महकता रहा। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व की यही विशेषता उन्हें 'महाप्राण' बनाए रही। वसंत पंचमी के साथ महाकवि निराला की याद वैसे ही जुड़ी हुई है, जैसे वे दोनों दो शरीर एक आत्मा हों। निराला ने 'हिंदी के सुमनों' को संबोधित करते हुए जो कविता लिखी है, उसमें अपने को 'वसंत दूत' ही कहा है। उन्होंने हिंदी में वसंत पर सर्वश्रेष्ठ रचनाओं द्वारा इस कथन को सिद्ध भी किया। निराला जी कहना था कि 'मैं बाहर से खाली कर दिया गया हूं लेकिन भीतर से भर दिया गया हूं'। निस्संदेह यह निराला जी के जीवन का जटिल यथार्थ था जिसे वसंत जीवंत बनाए रहा। तब ही तो वे आवाहन करते रहे-मेरे बसन्त की परी-छवि-विभावरी;सिहरो, स्वर से भर भर, अम्बर की सुन्दरी-छबि-विभावरी' वसंत निराला है और निराला वसंत।

# फिर कुत्ते कहां जाएं

देश के हर ऐसे इलाके में जहां आबादी का विस्तार हो रहा है लेकिन जमीन काम पड़ रही है वहां कुतों को खाना खिलाने वाले और कुत्तों से डरने वालों में टकराव साल-दर साल बढ़ रहा है। सवाल यह है कि आखिर कुत्ते जाएं कहां? युगीन से तो वे इंसान के साथ, बस्ती में ही रहते रहे हैं। यदि पौराणिक ग्रंथों और अतीत में झांकें तो जानकारी मिलती है कि इंसान और कुत्ते का साथ कोई बारह हज़ार साल से है। मनुष्य ने अपने धरती पर पैदा होने के बाद सबसे पहले कुत्ता पालना शुरू किया था। हमें पाषाण काल (नव पाषाण काल लगभग 4000 ईसा पूर्व से 2500 ईसा पूर्व) के मानव कंकाल के साथ कुत्ता दफनाने के साक्ष्य बुर्जहोम (जम्मू कश्मीर) से प्राप्त हुआ है। आदि काल में कुत्ता इंसान को शिकार करने में मदद करता था, फिर वह घर व फसल की सुरक्षा भी करता था, सबसे बड़ी बात कम भोजन में भी वफादार बने रहने के उसके गुण ने आज कुत्ते को इंसान द्वारा पाले जाने वाले सबसे विश्वस्त और सर्वाधिक संख्या का जानवर बना दिया।

ऐसा भी नहीं है कि शहरों में कुछ कुत्ते हिंसक नहीं हो रहे हैं, लेकिन विचार करना ही होगा कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है शहर में जमीन का संकट तो है ही फिर बहुमंजिला इमामर्तों ने कुत्तों से वह देहरी छीन ली जिस अपर बैठ कर वह बगैर पालतू बने ही चौकीदारी किया करता था। कथित सोसायटी में बगीचा, घूमने के स्थान, आदि को संकुचित किया जा रहा है और यदि वह बचे इंसान में कोई कुत्ता आ जाता है तो इंसान को लगता है कि यह उसकी जगह पर कब्जा कर रहा है। बकौल विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) दुनिया में 36 प्रतिशत


पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

ऐसे में कुत्ता देखा कर भागने वाले कुत्तों का शिकार बन जाते हैं। अगर कुत्ते को लगता है कि आप बलवान हैं, तो वो शायद आप पर हमला न करें।

कुत्ते के काटने से होने वाले रैबीज़ से मौत के मामले भारत में होते हैं। जो कि 18,000 से 20,000 है। रेबीज़ से मौतों में से 30 से 60 प्रतिशत मामलों में पीड़ित की उम्र 15 साल से कम होती है। हालांकि कुत्ता इंसान पर निर्भर रहने वाला जानवर है लेकिन समझना होगा कि कुत्तों में पीछा करने की आदत होती है। ऐसे में कुत्ता देखा कर भागने वाले कुत्तों का शिकार बन जाते हैं। अगर कुत्ते को लगता है कि आप बलवान हैं, तो वो शायद आप पर हमला न करें।

शहरीकरण के चलते शोर, ट्रेफिक, प्रदूषण, बेतरतीब पड़े कचरे से मांसाहारी खाना और फिर उसका चस्का लग जाना, वाहन और परिसरों में रोशनी की चकाचौंध भी ऐसे कारण हैं जो कुत्ते को हिंसक बना रहे हैं।

सोशल मीडिया पर यदा कदा ऐसे वीडियो दिख जाते हैं जिनमें कुत्ते किसी बच्चे या बुजुर्ग पर हमला करते दिख जाते हैं। इसके बाद बहुत से लोग आशंका में ही आवारा कुत्तों पर चिल्लाते हैं, उन्हें लात मारते हैं, उन पर पत्थर फेंकते हैं, उन पर गर्म पानी या तेजाब फेंकते हैं, उन्हें जहर देते हैं या उन्हें अन्य तरीकों से दुर्व्यवहार करते हैं, तो कुत्ते खुद को या अपने पिल्लों की रक्षा करने की आवश्यकता महसूस करते हैं। समझना होगा कि शहर में बंदर या कस्बों में आवारा सांड अधिक नुकसान और इंसान की मौत का कारक बन रहे हैं, इसके बावजूद उनके प्रति इतना रोष या नफरत दिखती नहीं।

आवारा कुत्तों की संख्या न बढ़े, उन्हें एंटीरेबीज, एंटी डिस्टेम्पर टीके सही समय पर ल-इसके लिए स्थानीय निकाय लापरवाह हैं, वहीं समाज में बहुत से लोगों के लिए ऊंची नस्ल का कुत्ता स्टेट्स सिम्बल है लेकिन वे उससे एक फीसदी कम खर्चे में पलने वाले देशी कुत्तों को पालने को राजी नहीं हैं। विदित हो केंद्र सरकार ने देशी नस्ल के कुत्तों को सुरक्षा बलों में स्थान दे कर संदेश भी दिया है कि हमारे कुत्ते किसी से कम नहीं हैं।

इंसान की कुत्तों के प्रति बढ़ रही नफरत के मद्देनज़र उत्तराखंड हाई कोर्ट का जुलाई-2018 में दिया गया वह आदेश महत्वपूर्ण है जिसमें लिखा था-'जानवरों को भी इंसान की ही तरह जीने का हक है। वे भी सुरक्षा, स्वास्थ्य और क्रूरता के विरूद्ध इंसान जैसे ही अधिकार रखते हैं।' वैसे जब तक समाज के सभी वर्गों तक यह संदेश नहीं जाता कि प्रकृति ने धरती पर इंसान, वनस्पति और जीव जंतुओं को जीने का समान अधिकार दिया, तब तक उनके संरक्षण को इंसान अपना कर्तव्य नहीं मानेगा। यह सही है कि जीव-जंतु या वनस्पति अपने साथ हुए अन्याय का ना तो प्रतिरोध कर सकते हैं और ना ही अपना दर्द कह पाते है। कुत्ता भी इंसान और प्रकृति के बीच के चक्र का अनिवार्य अंग है। उसे नए तरह के शहर और इन्संके अनुरूप ढलने में समय लगेगा लेकिन तब तक इंसान को ही उसके प्रति संवेदनशीलता दिखानी होगी।

## सोशल फोरम

# मंझलों के दुख

जब पहलौटे (पहला बच्चा) दुनिया में आते हैं, तो शहनाइयां बजती हैं। मिठाई बांटी जाती है। उनकी हर किलकार हर अदा पर मां-बाप बलिहारी जाते हैं। उन्होंने पहला शब्द क्या बोला, पहली बार वे कौन सी तारीख को पैंया पैंयां चले। दसियों श्रृंगार, सैकड़ो फोटो, हजारों चुंबन! वे राजकुमार होते हैं, जिन पर प्यार दुलार ही नहीं सारे साधन भी लुटाए जाते हैं। फिर एक दिन दूसरा बच्चा आता है। मंझला! अब तक सब कुछ एक बार हो चुका है। अब सब बासी है। महफिल में आ ही गए हो तो बैठ जाओ। मंझलों की जंग शुरू होती है। प्यार के लिए, ध्यान के लिए, साधनों के लिए। उनका मुकाबला उस बड़े भाई से है जो आकार में, दिमाग में, हुनर में बहुत बड़ा है। वे उससे जीत नहीं सकते। वे क्या करें? वे कैसे बताएं कि इस ज़मीं और आसमां के दरम्यां हम भी हैं।


संजय वर्मा
इंदौर

फिर वे तिकड़मी हो जाते हैं। या एक अलग दुनिया बसाते हैं। मोहल्ले में अपने जैसे बच्चों के साथ एक समानांतर परिवार बसा लेते हैं। जो प्यार और सम्मान घर पर नहीं मिला, वे इस नई दुनिया में ढूंढ लेते हैं। पर यह ब्लेसिंग इन डिसगाइज़ है.., आपदा में अवसर है। वे जीना, प्यार करना और देना सीखते है। उनके पास बड़कों के मुकाबले बेहतर और ज्यादा दोस्त होते हैं। पहलौटे बेशक तेज दिमाग, ज्यादा महत्वाकांक्षी, नियम अनुशासन वाले और बेहतर नेतृत्व करने वाले होते हैं। इसलिए अमेरिका के 44 राष्ट्रपतियों में से 28 पहलौटे थे। अंतरिक्ष में जाने वाले पहले 23 यात्रियों में से 21 पहलौटे थे। मंझले अंतरिक्ष नहीं गए। उन्होंने यहीं अपनी दुनिया बसाई। अपनी तिकड़मों, जुगाड़ों से अच्छे व्यापारी बने। जुगाड़ के लिए अगर कोई नोबल पुरस्कार होता तो वह किसी मंझले को ही मिलता। मगर दुनियावी सफलताओं के बावजूद मंझलों के मन में टीस उठती है। क्यों ऐसा हुआ कि बड़कों को सम्मान और छुटकों को सारा लाड़ मिला? उनके दर्द की कहानी अब कोई क्या ही लिखेगा? वैसे भी वे पृथ्वी पर कुछ आखिरी लोग बचे है। हम दो हमारे दो के बाद हम एक और हमारा एक राजकुमार की दुनिया में मंझले एक विलुप्त प्राय प्रजाति के सदस्य हैं। इसीलिए अब क्या ही फर्क पड़ता है।

-फेसबुक वॉल से

# कोई तो है


किसने बनाया यह अद्भुत मानव शरीर। दी ऐसी सुगठित काया। बेजोड़ नर तन जिसमें अहर्निश कार्य करने वाला, कभी न थकने वाला हृदय -संचरण तंत्र है, सोचने-बूझने वाला सुपर संगणक मस्तिष्क है, आपाद मस्तक नाड़ी समूह सुषुम्ना है, निरंतर सांस लेने लिए के लिए अप्रतिम श्वसन तंत्र और खान-पान पाचन के लिए अतुलनीय पाचन तंत्र तथा उत्सर्जन के लिए अद्भुत उत्सर्जन अंग-प्रत्यंग वृक्क तंत्र हैं सब कुछ ऐसा व्यवस्थित और सुनियोजित कि उसका कोई तोड़ नहीं। प्रजनन शक्ति प्रदान करता है। त्वचा जैसी सुविस्तृत, सांगोपांग सुरक्षा देता है। ऐसी अद्भुत नैसर्गिक मानव मशीन किसकी संरचना है? देखने को आंखें, सुनने को कान, सूंघने को नाक, और स्वाद के लिए जिह्वा जो वाणी का भी काम करें। महाकवि सूरदास और स्वामी रामभद्राचार्य जैसे ज्ञानी पुरुषों को जिन्हें बहिर्चक्षु नहीं थे उन्हें अन्तर्चक्षु किसने प्रदान किए? गूंगे को वाचाल किसने बनाया? दिव्यांग अरुणिमा सिन्हा एवरेस्ट के शिखर पर पहुंचने की अदम्य शक्ति कौन देता है। निषाद पुत्र महर्षि वेदव्यास को महाभारत जैसा महाकाव्य लिखने की प्रेरणा किसने दी? कौन मछुआरे की संतान एपीजे कलाम को महान वैज्ञानिक और मिसाइल पुरुष बना देता है। आज से पांच-छह सौ वर्ष पूर्व निर्धन गिरमिटिया मजदूरों को स्वदेश से सुदूर फ़िजी, मारीशस, सूरीनाम, दक्षिणी अफ्रीका आदि स्थानों में अत्यंत विकट परिस्थितियों में गीता और रामायण के सहारे जीवन यापन किया। अपनी जड़ें जमाईं। किस लीला -शक्ति के सहारे उनकी आज की पीढ़ियां बिमान प्रसाद, उप प्रधानमंत्री फ़िजी, प्रवीन जगन्नाथ, प्रधानमंत्री, मारीशस तथा चंद्रिका प्रसाद संतोखी, राष्ट्रपति सूरीनाम के रूप में प्रतिष्ठित-सुशोभित हैं। आखिर किस अदृश्य शक्ति के बल पर?


डा. श्रीधर द्विवेदी
नई दिल्ली

प्रश्न यह है कि किसने निर्माण किया ऐसे अद्वतीय प्राणि जगत की। किसने रचना की इस अखिल ब्रह्मांड की। अनंत उर्जा का स्रोत सूर्य, सुधाकर, पुथ्वीपुत्र मंगल, सौंदर्य का प्रतीक बुध, गुरू बृहस्पति, शुक्र, शनि, राहु और केतु का रचयिता आखिर कौन सी वह शक्ति है? कौन है वह अदृश्य सृष्टि का निर्माता? दिखता तो नहीं पर उसका प्रभाव सर्वत्र विद्यमान है। असंख्य प्राणी, अनगिनत योनियां, इतनी सारी वनस्पतियां, आकाश गंगा, अंतरिक्ष पिंड, अगाध तारे, पर्वत श्रेणियां, जल प्रपात और महासागर इन सबका नियंता वह कौन सत्ता है? सबके सब अतिविशिष्ट और अनूठे। कौन सी वह अलौकिक शक्ति है? आस्तिक उसे ईश्वर कहता है। नास्तिक उसे प्रकृति का नाम देता है। कोई उस निर्माता को साकार स्वरूप मानता है और विविध नाम देता है तो कुछ दूसरे उसे निराकार, अव्यक्त, अलिखित, अकल्पनीय और निरपेक्ष विराट शक्ति। आखिर कौन है वह महिमामयी शक्तिपुंज जिसने यह सब निर्मित किया? कोई तो है। संभवतः उस असीम शक्ति का साक्षात दर्शन करने वाले और छहत्तर वर्ष की अवस्था में रामायण जैसे महाकाव्य की रचना करने वाले महाकवि तुलसी ने मेरी इस जिज्ञासा का समाधान इन शब्दों में व्यक्त कर दिया जब वह लिखते हैं- 'सब कर परम प्रकासक जोई, राम अनादि अवधपति सोई'। पद बिनु चलहिं सुनहिं बिनु काना। कर बिनु करम करही विधि नाना।।' आनन रहित सकल रस भोगी। बानी बिनु बकता बड़ जोगी।।' 'तन बिनु परस नयन बिनु देखा। ग्रहहि घ्राण बिनु बास बिसेखा 'अस सब भांति अलौकिक करनी। महिमा अमित जाहि नहीं बरनी।।' इन कालजयी, शास्वत पंक्तियों को पढ़ने के पश्चात् अब किसी संदेह की संभावना ही कहां रह गई थी कि 'कोई तो है'?

# अर्थ संचय और धर्म की मर्यादा

'बजाओ ढोल स्वागत' वाला रामधुन अभी परवान चढ़ ही रहा है कि कुरूक्षेत्र वाले हुंकार और शंखनाद की आवाजें आने लगी हैं। भगवान राम, हम सभी के लिए मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप मे पूजनीय हैं। मर्यादा की रक्षा एवं लोकहित के लिए उन्होने न केवल राज्यसुख व वैभव का परित्याग किया, बल्कि अपनी अभिन्न प्रियतमा सीता का भी वियोग सहा। महाभारत मे लोकलाज व मर्यादा का कोई स्थान नही था। येन केन प्रकारेण स्वार्थ एवं राज्य लिप्सा की सिद्धि।


ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

साध्य ही सर्वोपरि रहा, एक से एक घटिया साधन अपनाए गए। परिणाम क्या रहा? गौरवशाली कुरूवंश, जिसमें कौरव और पांडव दोनों आते हैं, का लगभग समूल विनाश। एक एक करके सभी मर्यादाएं तार तार। पांचाली की बदजुबानी 'अंधे का पुत्र अंधा होता है' ने चीरहरण व महाभारत की नींव रखी। दुःशासन के रक्त से बेणी का श्रृंगार हुआ। नर व नारायण दोनों के लाडले अभिमन्यु के प्राणों की रक्षा न हो सकी। भगवान श्रीकृष्ण की, स्वयं की ही नारायणी सेना युद्धक्षेत्र में गुमनामी के अंधेरे मे खो गई। सभी पांडव पुत्र निद्रावस्था मे प्रतिशोध की हिंसा के शिकार हुए और मणिविहीन अश्वत्थामा लांछित होकर सदा के लिए दर दर भटकने को विवश हुआ। स्वर्गारोहण के समय सभी पांडव एक एक करके काल के ग्रास बने और धर्मराज युधिष्ठिर जब अकेले जीवित स्वर्ग पहुंचे तो सबसे पहले क्षण भर के लिए ही सही, नरक ही भोगना पड़ा। द्वापर का पलायन हुआ और कलिकाल का आधिपत्य। भगवान राम का जीवन हमें सीख लेने व उनका अनुकरण करने को प्रेरित करता है, महाभारत परोक्ष रूप से यह बताता है कि सर्वनाश से बचने के लिए हमें किन दोषों से दूर रहना चाहिए। काम और अर्थ का संचय धर्म की मर्यादा के अनुसार ही स्थायी और आनंददायी होता है।

# 14 फरवरी

## आपका बलिदान सदैव याद रखेगा हिंदुस्तान 14 फरवरी पुलवामा में आतंकी हमले में शहीद हुए भारतीय वीर सैना के जावानों को शत् शत् नमन एवं आदर्शपूर्ण श्रद्धांजलि




पुलवामा हमले के वार्षिक स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि

शहीदों ने जान दी है
अपने इस वतन के लिए
भूल ना जाओ कुर्बानी उनकी
एक खुशी के पल के लिए

अंशुल गुप्ता
नगर पंचायत अगवानपुर, मुरादाबाद

पुलवामा आंतकी हमले में शहीद हुए अमर जवानों को सादर नमन् एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि

गुलरेज़ ख़ान
नगर अध्यक्ष
अगवानपुर

14 फरवरी
पुलवामा
आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को शत् शत् नमन व भावपूर्ण श्रद्धांजलि

गार्गी चौधरी
बॉलक अध्यक्ष प्रधान संघ डिलारी

पुलवामा में आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को शत् शत् नमन व भावपूर्ण श्रद्धांजलि

पारस खन्ना
व्यापारी एवं समाजसेवी

पुलवामा में आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को शत् शत् नमन व भावपूर्ण श्रद्धांजलि

भरत पोरवाल
वरिष्ठ अधिवक्ता

पुलवामा में आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को शत् शत् नमन व भावपूर्ण श्रद्धांजलि

आपका अपना
दानिश सैफी
जिला अध्यक्ष
नगर पंचायत अगवानपुर मो0 9639424072

पुलवामा में आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को शत् शत् नमन व भावपूर्ण श्रद्धांजलि

अनिल चौधरी
प्रदेश उपाध्यक्ष जाट महासभा

पुलवामा में आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को शत् शत् नमन व भावपूर्ण श्रद्धांजलि

अमर
जवान

रावेंद्र चौधरी
प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रधान संघ

पुलवामा में आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को शत् शत् नमन व भावपूर्ण श्रद्धांजलि

राकेश सिंह
पूर्व जिलाध्यक्ष, मुरादाबाद
लोकसभा प्रभारी भाजपा
सम्भल

राहुल कुमार सिंह
मैनेजर

मनीष कुमार सिंह
ब्लॉक प्रमुख, मुरादाबाद सदर
भाजपा

SHRI RAMKANTI GURUKUL SEN. SEC. SCHOOL
Vill. Bhoora, Sirsi-Bilari Road, Teh. Bilari Moradabad.
Contact : 9548975730, 7060270662

पुलवामा में आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को शत् शत् नमन व भावपूर्ण श्रद्धांजलि

नवनीत प्रताप सिंह
सी.एम.डी.

ठाकुर राहुल सिंह
एम.डी.

हरपाल सिंह
एम.डी.

संजू सिंह
एम.डी.

नवतप परिवार

पुलवामा में आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को शत् शत् नमन व भावपूर्ण श्रद्धांजलि

डॉ० मयंक शर्मा
चिकित्सक

अमृत विचार
www.amritvichar.com






































## एक नजर

### स्कूल की ईमेल आईडी पर क्रियाशील किए जाएं टैबलेट

**हल्दौर, अमृत विचार** : मंगलवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष गुलशन सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी को संबोधित ज्ञापन कार्यालय लिपिक को दिया। ज्ञापन में कहा गया कि विद्यालयों में बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली के अनुसार विद्यालय खोलने तथा बंद होने के समय शिक्षकों को छात्र-छात्राओं की उपस्थिति अंकित करने तथा विद्यालय में पंजिकाओं के डिजिटाइजेशन करने का प्रावधान है। विभाग ने टैबलेट तो दे दिए परंतु उन्हें क्रियाशील करने के लिए सिम नहीं दिए। शिक्षकों को अपनी आईडी से सिम खरीदने तथा अपनी ईमेल आईडी से इंटरनेट सुविधा का लाभ लेने हेतु बाध्य करना न्यायोचित नहीं है। अगर विद्यालयों को टैबलेट तथा सिम तथा विद्यालय की ईमेल आईडी बनाकर नहीं दिया जाता और ऐसा करने के लिए शिक्षकों पर अनावश्यक दबाव बनाया जाता है तो शिक्षक धरने के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में ब्लॉक मंत्री अंकित कुमार, सुरेखा, रितु सिंह, प्रियंका मलिक, प्रभाष कुमार, अमित कुमार आदि शामिल रहे।

### एसपी ने सिपाही को किया लाइन हाजिर

**हीमपुर दीपा, अमृत विचार** : आचरण के विपरीत प्रतिकूल तथ्य संज्ञान में आने पर पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने आरक्षी देवेन्द्र कुमार को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को चेतावनी दी है कि ऐसा कोई कृत्य न करें जो कानून के प्रतिकूल हो। ऐसे करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### शिविर में हुई 10 महिलाओं की नसबंदी

**नगीना, अमृत विचार** : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित महिला नसबंदी शिविर में 10 महिलाओं के नसबंदी आप्रेशन किए गए। मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डा. नवीन चौहान की देखरेख में आयोजित महिला नसबंदी शिविर में बिजनौर से आई महिला चिकिसकों की टीम ने आशाओं के सहयोग से 10 महिलाओं के नसबंदी आप्रेशन किए। ऑपरेशन के बाद सभी महिलाओं को चिकित्सा विभाग की एंबुलेंस से घर पहुंचाया गया।

# गुल्ली-डंडा खेलने के विवाद में की गई थी बिजेंद्र की हत्या

## पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर किया घटना का खुलासा

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार** : पुलिस ने 12 घंटे के भीतर युवक की हत्या कर आम के बाग में फेंकने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्याकांड का खुलासा कर दिया है।

सोमवार की रात ग्राम पेदा निवासी बिजेन्द्र पुत्र बुद्ध सिंह (21) का शव गांव के ही पास एक बाग में लहूलुहान अवस्था में गले में बेल्ट में बंधा हुआ मिला था। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने घटना के खुलासे के लिए सर्विलांस टीम, फील्ड यूनिट व स्क्वायड को संयुक्त रूप से लगाया था। विवेचना में शाहिद व आकिब निवासी गांव पेदा थाना कोतवाली शहर का नाम प्रकाश में आने पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आरीनुमा चाकू,


सदर कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में बिजेंद्र के हत्यारोपी। ● अमृत विचार

मृतक का मोबाइल व कपड़े बरामद किए हैं। पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि उनका दो दिन पहले बिजेन्द्र से गुल्ली डंडा खेलने के दौरान विवाद हुआ था। बाद में शाहिद के पास बिजेंद्र का फोन आया तथा दोनों में गाली-गलौज हुई थी। इसके बाद शाहिद व आकिब बिजेन्द्र के पास आम के बाग में पहुंचे। वहां उनके बीच गाली-गलौज व हाथापाई हुई। इस बीच शाहिद व आकिब ने बिजेन्द्र के गले पर आरीनुमा चाकू से वार कर घायल कर दिया। फिर बिजेन्द्र की वेल्ट से ही उसके गले में फंदा लगा कर मौत के घाट उतार दिया। आरोपियों ने बिजेन्द्र की जेब से मोबाइल निकालकर बाग में फेंक दिया था। पुलिस ने दोनों का चालान कर दिया है।

# संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत, बच्चे घायल

संवाददाता, किरतपुर

**अमृत विचार** : दवा लेने जा रही एक महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। अज्ञात राहगीर उसके घायल बच्चों को सीएससी में भर्ती कराकर फरार हो गया।

मांगलवार को ग्राम पाडला निवासी गजराज की पत्नी रचना (25) अपने दोनों बच्चों के साथ दवा लेने के लिए गांव सिसौना जा रही थी। रास्ते में ग्राम गुनियापुर निवासी एक परिचित ने उसे दोनों बच्चों के साथ बाइक पर बैठा लिया। रास्ते में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर खड़े ट्रक से जा टकरा गई। इसमें रचना व उसके बच्चे बाइक से उछल कर सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे बाद बाइक चालक मौके से भाग गया। घटनास्थल पर इकट्ठा हुए राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। इस बीच राहगीर घायल महिला और उसके दोनों बच्चों को निजी चिकित्सक के ले गये। चिकित्सक द्वारा मना करने पर एक व्यक्ति ने अपनी कार से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरतपुर में भर्ती कराया। चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। उसके सिर में चोट लगी थी। हल्का दरोगा विक्रांत यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### नशे की 220 टेबलेट व 360 कैप्सूल के साथ गिरफ्तार

**नगीना देहात, अमृत विचार** : जनपद में नशीली दवाओं का धंधा बड़े स्तर पर फैला हुआ है। बड़ी संख्या में छात्र इसकी गिरफ्त में फंसे हैं। इसके अलावा अफीम डोडा, चरस का धंधा भी बड़े स्तर पर किया जा रहा है। जानकारों की माने तो हाईवे पर स्थित ढाबों के द्वारा यह धंधा खूब फल-फूल रहा है। मेडिकल स्टोरों पर भी नशीली दवा तथा इंजेक्शन बेचे जा रहे हैं। पुलिस ने चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के गांव हरगनपुर निवासी रवि कुमार को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से नशे की 220 टेबलेट तथा 360 कैप्सूल मिले हैं। आरोपी का चालान कर दिया गया है।

## सार संक्षेप

### सऊदी अरब से वीडियो वारयल कर मांगी मदद

**धामपुर, अमृत विचार** : नगर निवासी एक व्यक्ति का सऊदी अरब से वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वह खुद को मोहल्ला पक्का बाग निवासी बताते हुए कह रहा है कि वह छह साल से यहां फंसा हुआ है। उसे बेल्डिंग का काम बताकर लाया गया था, लेकिन ऊंटों को चराने का काम कराया जा रहा है। पीड़ित का कहना है कि छह वर्ष में उसे कोई पैसा नहीं दिया गया। उसके परिजनों से बात भी नहीं कराई जा रही है। पीड़ित के भाई शहनवाज ने बताया की उसके भाई शेर अली करीब 10 साल से सऊदी में है। पहले वह घर आते रहते थे लेकिन करीब छह साल पूर्व शादी के बाद वह सऊदी चले गए। इसके बाद नहीं लौटे। बताया गया है कि वह सऊदी के सलैया गांव में हैं। वार्ड सभासद नदीम अहमद ने बताया कि पीड़ित की मदद के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय और विदेशमंत्री के पोर्टल पर भी इस विडियो को भेजकर मदद मांगी है।

### मदरसे से 13 वर्षीय छात्र लापता, गुमशुदगी दर्ज

**नहटौर, अमृत विचार** : मदरसे में पढ़ने आया छात्र अचानक लापता हो गया। छात्र के पिता ने पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई है। नजीबाबाद थानाक्षेत्र के गांव मौहम्मदपुरा अलीपुर अलीमुद्दीन निवासी कमरुद्दीन का 13 वर्षीय जिरयान क्षेत्र के गांव ताहरपुर सैद उर्फ तरकोला के मदरसे में पढ़ता था। कमरुद्दीन ने बताया कि उसका पुत्र जिरयान पढ़ाई में मन न लगने के कारण पहले भी दो बार घर से चला गया था। लेकिन शाम तक घर भी आ जाता था। इसके चलते उसे आठ फरवरी को नहटौर के गांव ताहरपुर सैद उर्फ तरकोला के मदरसे में पढ़ने के लिए छोड़ दिया था। रविवार की सुबह करीब आठ बजे मदरसे से लघुशंका का बहाना बनाकर लापता हो गया। काफी तलाशने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला। छात्र की तलाश के लिए पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

### आंगनबाड़ी केंद्रों को किया बर्तनों का वितरण

**नहटौर, अमृत विचार** : नगर पालिका परिसर में अधिशासी अधिकारी ओम गिरि ने 30 आंगनबाड़ी केंद्रों पर पढ़ने वाले तीन से छह वर्ष के बच्चों को हॉट कुक्ड मील योजना के तहत गर्म व ताजा भोजन के लिए रसोई में इस्तेमाल होने वाले सभी प्रकार के बर्तनों का वितरण किया गया। इसमें पालिका स्टाफ के वरिष्ट लिपिक विशेष कुमार, लिपिक रमेश चंद, अतुल कुमार, शाहजेब आलम, कपिल कुमार, गजेंद्र, अकरम, सलीम, हर्ष, अमित, फरमान, रशीद आदि मौजूद रहे।

### पॉलिथीन की पोटली में विस्फोट से युवक के हाथ के चिथड़े उड़े

**शेरकोट, अमृत विचार** : गांव महमदाबाद से लगभग एक किलोमीटर दूर जंगल में पशुओं की हड्डियां एकत्र करने गया युवक वहां पड़ी पन्नी की पोटली खोलने लगा। इस दौरान उसमें विस्फोट हाने से युवक के हाथ के चिथड़े उड़ गए। गंभीर रूप से घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्योहारा के मोहल्ला शेखान निवासी फहीम अहमद मृत पशुओं की हड्डी एकत्र का काम करता है। मंगलवार को वह शेरकोट थाना क्षेत्र के गांव में महमदाबाद के जंगल में हड्डी एकत्र करने गया था। वहां हड्डी पड़ी थीं। पास में ही पॉलिथीन की एक पोटली भी पड़ी थी। इस दौरान फहीम उस पोटली को खोलने लगा। तभी अचानक पोटली में विस्फोट हो गया। इसमें उसके हाथ के चिथड़े उड़ गए। गंभीर रूप से घायल होने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सीओ सर्वम सिंह ने बताया है कि जंगल में पशुओं को भागने के लिए रखे गए पटाखों में यह विस्फोट हुआ है। मामले में की जांच की जा रही हैं।

### छापेमारी कर 1790 लीटर कच्ची शराब पकड़ी

**बढ़ापुर, अमृत विचार** : पुलिस तथा आबकारी विभाग ने छापेमारी कर बढ़ापुर के जंगल में ग्राम मधुपुरी, भोगपुर, वीरभान वाला में दो रबर ट्यूबों से 1790 लीटर कच्ची शराब पकड़ी। इस दौरान 25000 लीटर लाहन भी नष्ट किया गया। छापेमारी में एक जगह से ट्यूब में भरी 930 लीटर कच्ची शराब तथा शराब बनाने के उपकरण बरामद मिले। यहां चार भट्ठियों को नष्ट किया गया। अवैध शराब बना रहे मंगल सिंह उर्फ मांगी, सोनू निवासी ग्राम भोगपुर थाना बढ़ापुर फरार हो गए। दूसरी जगह से ट्यूब में भरी 860 लीटर कच्ची शराब तथा शराब बनाने के उपकरण बरामद किए। तीन भट्ठियां नष्ट की गई। यहां शराब बना रहे बूटा सिंह निवासी ग्राम भोगपुर, पहलवान सिंह उर्फ पल्लू निवासी ग्राम वीरभान वाला भी घने जंगल का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहे।

### युवती के परिजनों ने की दहेज वापस दिलाने की मांग

**किरतपुर, अमृत विचार** : उत्तराखंड निवासी युवती का विवाह निकटवर्ती ग्राम सिसौना निवासी युवक से हुआ था। बीमारी के चलते युवती की मौत हो गई। उसके परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर विवाह में दिए सामान व नकदी वापस दिलाने की मांग की है। मंगलवार को दिए गए प्रार्थना पत्र में सलमान निवासी ग्राम धनपुरा उत्तराखंड ने बताया कि 10 माह पूर्व उसने अपनी बहन फरीन का निकाह सरफराज पुत्र अब्दुल अजीज निवासी ग्राम सिकरी के साथ किया था। लंबी बीमारी के चलते फरीन ने की मौत हो गई। विवाह में दिए गए सामान व 10,00,00 रुपये वापस दिलाने की मांग की।

### सभासदों ने धरने पर बैठकर किया बहिष्कार

**गजरौला, अमृत विचार** : नगर पालिका चेयरमैन से सभासदों की नाराजगी बढ़ती जा रही है। इसका असर मंगलवार की शाम हुई बोर्ड की बैठक में दिखाई दिया। शाम तीन बजे बैठक होनी थी। पालिकाध्यक्ष राजेंद्र उर्फ उमा देवी के अलावा पूर्व विधायक हरपाल सिंह व ईओ गार्गी त्यागी समेत लेखकार व अन्य क्लर्क सभागार में पहुंच गए। इसके बाद छह सभासद भी वहां पहुंचे, लेकिन 19 सभासदों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया। इनमें से कोई भी सभासद बैठक में नहीं पहुंचा। इसके चलते कोरम पूरा नहीं होने पर बैठक स्थगित करनी पड़ी। पालिकाध्यक्ष ने 19 फरवरी को बोर्ड की बैठक करने का एजेंडा जारी कर दिया। शाम को सभासद इकट्ठा होकर इंदिरा चौक पर धरने पर बैठ गए। एक सभासद का पति रोने लगा। उसने पालिका पर विकास कार्य नहीं करवाने तथा भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप भी लगाया। एसडीएम चंद्रकांता ने सभासदों को वार्ता के लिए थाने में बुलाया। धरना देने वालों में सभासद के पति अशोक कुमार दिले, देवेश शर्मा, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

### भागीरथी देवी महाविद्यालय में मनाया राष्ट्रीय महिला दिवस

**मंडी धनौरा, अमृत विचार** : भागीरथी देवी महाविद्यालय में कर्नल रजनीश जोशी के निर्देशन में एनसीसी कैडेट्स ने राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। इस दौरान कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। प्राचार्य डॉ. अभय कुमार ने बताया कि नारी का समाज में महत्वपूर्ण स्थान है। नारियों ने स्वतंत्रता संग्राम में भी अहम भूमिका निभाई थी। समाजशास्त्र विभाग की प्रवक्ता डॉ. सुधा राजपूत ने बताया कि हर नारी सम्मान की पात्र है। एक नारी तीन पीढियों को मजबूत बनाती है। इस अवसर पर डॉ. ममता अग्रवाल, लेफ्टिनेंट संजीव कुमार, सोनाक्षी, अदिति, अलीशा खातून आदि मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**हीमपुर दीपा, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव झोंपड़ी में फंदे से लटका मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के ग्राम अजुपुरा जट निवासी 19 वर्षीय नवीन गांव के ही गन्ना कोल्हू पर काम करता था। कोल्हू स्वामी के परिवार में शादी होने के चलते कोल्हू तीन दिन से बंद था। घना जंगल होने के कारण गन्ना कोल्हू में काम करने वाले यहां स्थित कमरे में सोते हैं। मंगलवार सुबह किसी समय गन्ना बेचने आए किसान ने नवीन का शव पास में बनी झोपड़ी में फंदे से लटका हुआ देखा। इसके बाद उसने कमरे में सो रहे मजदूरों को बताया।

# दायित्वों का जिम्मेदारी से पालन करें अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार** : कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह ने पीएम स्वनिधि योजना की निकायवार समीक्षा की। उन्होंने ऋण वितरण की समीक्षा में सभी नगर पालिकाओं के अधिशासी अधिकारियों स्वीकृत आवेदनों पर ऋण वितरण की कार्रवाई जल्द करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीओ डूडा को नियमित पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा करने के निर्देश दिए।

कहा कि जो आवेदन स्वीकृत हो गये हैं, उन्हें दो-तीन दिन में बैंक में प्रस्तुत कराकर पथ विक्रेताओं को ऋण वितरण कराएं। अधिशासी अधिकारियों को बैंकों द्वारा ऋण वितरण की समस्या पर अग्रणी बैंक प्रबंधक से बात करके उन्हें


बैठक करते अपर जिला अधिकारी विनय कुमार सिंह। ● अमृत विचार

बताने को कहा। कहा कि योजनाओं की प्रगति में शिथिलता बरतने पर जिले की रैंकिंग में प्रभाव पड़ता है। इसलिए अधिकारी किसी भी स्तर पर लापरवाही न करें और अपने दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी से पालन करें। परियोजना अधिकारी डूडा को पीएम आवास योजना के अंतर्गत जांच रिपोर्ट प्रमाण सहित की संबंधित उपजिलाधिकारी को वेरिफिकेशन के लिए भेजने के निर्देश दिए ताकि सत्यापन के बाद पात्र लाभार्थी को आवास का आवंटन किया जा सके।

इस अवसर पर परियोजना अधिकारी डूडा पवन कुमार, समस्त अधिशासी अधिकारी तथा अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## दो दिन में कुत्तों ने 95 लोगों को किया घायल

**नगीना, अमृत विचार** : नगर में दो दिन में कुत्तों ने 95 लोगों को काटकर घायल कर दिया। सभी घायलों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाई।

सर्दी के मौसम में कुत्ते हिंसक हो रहे हैं। इसके चलते कुत्ते राहगीरों को काटकर घायल कर रहे हैं। इस तरह की घटनाओं में बढ़ोत्तरी हो रही है। रोजाना कुत्ते दर्जनों लोगों को घायल कर रहे हैं। कुत्तों के काटे से घायल हुए लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एंटी रेबीज वैक्सीन लगवा रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डा.नवीन चौहान ने बताया कि सोमवार को 55 और मंगलवार को 40 कुत्ते के काटने से घायल रोगी इलाज के लिए आए। सभी को एंटी रेबिज वैक्सीन लगाकर सावधानी बरतने की सलाह दी गई।

## अमरोहा

# दिल्ली जा रहे किसानों को पुलिस ने रोका

संवाददाता मंडी, धनौरा

**अमृत विचार** : मंगलवार को संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर मांगों को लेकर दिल्ली जा रहे किसानों को पुलिस ने रोक दिया। इसे लेकर भाकियू कार्यकर्ताओं की पुलिस से नोकझोंक भी हुई। इसके बावजूद पुलिस ने किसानों को दिल्ली नहीं जाने दिया।

भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने मांगों को लेकर मंगलवार को ट्रैक्टरों से दिल्ली जाने की बात कही थी। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर मंडल अध्यक्ष डूंगर सिंह के नेतृत्व में दिल्ली जाने के लिए सैकड़ों किसान रामलीला मैदान मे एकत्र हुए। इसकी भनक लगते ही क्षेत्राधिकारी स्वेताभ भास्कर, उपजिलाधिकारी चंद्रकांता फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये। किसानों ने जैसे ही दिल्ली जाने के लिए ट्रैक्टर रामलीला मैदान


किसानों को रोकती पुलिस। ● अमृत विचार

से निकाले तभी पुलिस-प्रशासन ने अपने वाहन रास्ते में लगाकर उनका रास्ता रोक दिया। इससे यूनियन के कार्यकर्ता भड़क गये। कार्यकर्ताओं की दिल्ली जाने को लेकर उच्चाधिकारियों से बहस भी हुई। लेकिन पुलिस-प्रशासन ने उन्हें दिल्ली नहीं जाने दिया।

मंडल अध्यक्ष डूंगर सिंह ने कहा कि प्रशासन ने उन्हें अब तो रोक लिया है लेकिन वह दिल्ली जरूर जाएंगे। कहा कि संभल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम है। इसमें किसानों का एक मांग पत्र प्रधानमंत्री को सौंपा जाएगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डूंगर सिंह, नरेश कुमार, प्रदीप कुमार, जयपाल सिंह, खचेड़ू सिंह, जनम सिंह, पहलवान सिंह, सुरेंद्र यादव, जावेद मालिक, जगदीश यादव, रामवीर सिंह, नन्हे सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

## पुलिस ने भाकियू चढूनी के जिलाध्यक्ष को किया नजरबंद

**गजरौला, अमृत विचार** : मंगलवार को दिल्ली में किसानों के धरना-प्रदर्शन में स्थानीय किसान संगठन के पदाधिकारियों के शामिल होने के ऐलान पर हरकत में आए अधिकारियों ने किसान नेताओं की घेराबंदी शुरू कर दी।

मंगलवार को जिले से 200 से अधिक ट्रैक्टर-ट्रालियों से हजारों किसानों को दिल्ली में चल रहे धरना-प्रदर्शन में शामिल होना था। सोमवार देर रात ही पुलिस ने किसान नेताओं की घेराबंदी शुरू कर दी। चौधरी चरण सिंह नगर निवासी भाकियू चढूनी के जिलाध्यक्ष नरेश चौधरी को उनके आवास पर सोमवार देर रात ही पुलिस ने नजरबंद कर लिया। इसके अलावा संगठन के जिला प्रभारी चौधरी जगदेव सिंह, संरक्षक चरण सिंह, रवि चौधरी, सोमपाल सिंह, सचिन चौधरी, मयंक कुमार, जयंत कुमार, हिमांशु वर्मा को भी नजरबंद किया गया।


अमरोहा महोत्सव में प्रस्तुति देते साधो बैंड के कलाकार। ● अमृत विचार

# अमरोहा महोत्सव में दूसरे दिन साधो बैंड ने समां बांधा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार** : जिले में पहली बार आयोजित अमरोहा महोत्सव के दूसरे दिन साधो बैंड ने समां बांध दिया। इस दौरान एडीएम सुरेंद्र सिंह, सीओ अरुण कुमार व ईओ ब्रजेश कुमार ने पालिका के कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। बच्चों ने झूलों का लुत्फ उठाया और घोड़े की सवारी भी की।

मंगलवार को अमरोहा महोत्सव के दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। दिल्ली के साधो बैंड ने अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया। लोग झूमने पर मजबूर हो गए। यह महोत्सव 20 फरवरी तक चलेगा। रोजाना अलग-अलग कार्यक्रम होंगे। इमें कई और हस्तियां भी हिस्सा लेंगी। 18 फरवरी को मुशायरा व कवि सम्मेलन होगा। इसमें प्रमुख प्रस्तुति मशहूर कवि विष्णु सक्सेना की होगी। वहीं महोत्सव में विकास प्रदर्शनी के साथ झूले, खान-पान की दुकान, बच्चों के मनोरंजन के लिए ऊंट व घोड़े के सवारी आदि की व्यवस्था भी की गई है।

# एसओजी प्रभारी, एसएसआई और चौकी प्रभारी बदले

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- पवन कुमार को सौंपी रज्जाक पुलिस चौकी की कमान
- आदेश कुमार राठी को पीठखेड़ा पुलिस चौकी का प्रभारी बनाया

**अमृत विचार** : एसपी ने सोमवार की देर रात एसओजी प्रभारी रमेश सहरावत समेत नौ चौकी प्रभारियों के कार्य क्षेत्र में फेरबदल किया है।

हसनपुर कस्बा चौकी प्रभारी विकास कुमार को एसओजी का प्रभारी बनाया है। एसओजी प्रभारी रमेश शेरावत को अमरोहा देहात थाने में एसएसआई बनाया गया है। मूंढ़ा चौकी प्रभारी महेंद्र शर्मा को अमरोहा शहर की मच्छरट्टा पुलिस चौकी का प्रभारी, नरेंद्र सिंह को गजरौला थाने से न्यायालय सुरक्षा भेजा गया है।

नौगावां थाने के एसएसआई शौकेन्द्र पाल को हसनपुर और हसनपुर से बृजमोहन सिंह को मूंढा पुलिस चौकी का प्रभारी बनाया है। कोट चौकी से अजेंद्र तोमर को रजबपुर की पपसरा चौकी का प्रभारी तैनात किय गया है। कंचन तोलिया को कोट चौकी प्रभारी और कैलसा चौकी प्रभारी सलीम अहमद को शहर कोतवाली में तैनाती दी है।

हसनपुर कोतवाली से पवन कुमार को रज्जाक पुलिस चौकी प्रभारी बनाया गया है। थाना गजरौला में पवन कुमार गोला को कैलसा चौकी प्रभारी और बछरायूं में तैनात आदेश कुमार राठी को पीठखेड़ा पुलिस चौकी प्रभारी बनाया गया है। अमरोहा देहात थाने में तैनात संजय कुमार का गजरौला तबादला किया गया है।

# बैठक में 99.06 करोड़ का बजट पास

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार** : नगर पालिका बोर्ड बजट की बैठक मंगलवार को संपन्न हो गई। इसमें 40 सदस्यों ने बजट को लेकर अपनी सहमति दी। बजट पास होने से शहर में विकास कार्यों को गति मिल सकेगी।

मंगलवार दोपहर चार बजे नगर पालिका अध्यक्ष शशि जैन की मौजूदगी में कई बिंदुओं पर 99.06 करोड़ का बजट पास करने को लेकर कार्रवाई शुरू हुई। इस दौरान बजट को पढ़कर सुनाया गया।

बैठक में मौजूद 40 सदस्यों ने ध्वनिमत से बजट पास करने को लेकर अनुमति दी। इसके बाद बजट पास कर दिया गया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष शशि जैन, अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश सिंह व सभी सभासद मौजूद रहे। कर्मचारियों को किया


बैठक में बजट को लेकर चर्चा करतीं पालिकाध्यक्ष शशि जैन व ईओ। ● अमृत विचार

सम्मानित बजट पास होने के बाद पालिकाध्यक्ष व ईओ ने पालिका के कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस दौरान जलकल विभाग, टैक्स, निर्माण, सेनेटरी आदि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। ईओ ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में पालिका ने स्थान प्राप्त किया है। यह सब कर्मचारियों के सहयोग से हुआ है।

> सदस्यों ने बोर्ड की बैठक में बजट को लेकर अपनी सहमति दी है। इसके बाद बजट पास हो गया है। शीघ्र ही शहर में जरूरी विकास कार्य कराए जाएंगे। जनता के लिए पानी और सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।
>
> -शशि जैन, पालिकाध्यक्ष

## जमीन के विवाद में दो भाइयों में मारपीट

**हसनपुर, अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में जमीन के विवाद में दो भाइयों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। इस दौरान देवर ने ईंट से हमला कर महिला को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल महिला परिजनों के साथ कोतवाली पहुंची और आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव चक की मैढया का है। यहां रहने वाले प्रीतम अपनी पत्नी लक्ष्मी के साथ मंगलवार को खेत पर छुट्टा पशुओं से बचाव के लिए चारों तरफ रस्सी बांध रहा था। तभी उसका छोटा भाई वहां आया और रस्सी बांधने से मना करने लगा। इसी को लेकर दोनों भाइयों में कहासुनी और मारपीट होने लगी। इस दौरान दौरान प्रीतम के भाई ने ईंट उठाकर लक्ष्मी पर वार कर दिया। इसमें लक्ष्मी गंभीर रूप से घायल हो गई।

# टीएमयू की बस में छात्रों के साथ मारपीट, पांच पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार** : छात्रों के दो गुटों में कालेज परिसर में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। गाली-गलौज के बाद झगड़ा तो निपट गया, लेकिन बाद में एक गुट के छात्रों ने बस को रास्ते में रोक लिया और दो छात्रों के साथ जमकर मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित छात्र की तहरीर पर एक नामजद और चार-पांच अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

मामला अमरोहा देहात थाना क्षेत्र में बाईपास रोड का है। जनपद बिजनौर के नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव कुंडा खुर्द निवासी प्रशांत कुमार पाकबड़ा स्थित टीएमयू में बीएससी का छात्र है। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले प्रशांत का कालेज परिसर में छात्र जयंत चौहान से विवाद हो गया था। सोमवार को प्रशांत कालेज परिसर में अपने साथी प्रिंस कटारिया, तुषार कटारिया व आदित्य यादव के साथ खड़ा था। आरोप है कि इस बीच जयंत चौहान वहां पहुंचा और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने लगा। दोनों में विवाद बढ़ता देख छात्रों ने मामला निपटा दिया।

कॉलेज की छुट्टी होने के बाद प्रशांत विश्वविद्यालय की बस से अन्य छात्रों के साथ घर लौट रहा था। छात्र का आरोप है कि बाईपास पर जयंत चौहान अपने तीन अन्य साथियों के साथ बाइक पर सवार होकर आया और ओवरटेक करके बस रुकवा ली। युवकों ने बस से उतारकर प्रशांत के साथ मारपीट शुरू कर दी। साथी प्रिंस व तुषार बचाने आए तो उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया। बाकी छात्रों के विरोध करने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

## एक नजर

### जिला बदर आरोपी गिरफ्तार, चाकू बरामद

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में मुरादाबाद चंदौसी बाईपास पर मंगलवार को जिला बदर के आरोपी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मंडी किशनदास सराय निवासी एजाज उर्फ येजाम के खड़े होने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एजाज को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर एजाज के पास पुलिस को चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने एजाज उर्फ येजाम का चालान कर दिया।

### शांति भंग की आशंका में दो भाई गिरफ्तार

**धनारी,अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के धनारी पट्टी लाल सिंह में मंगलवार दो युवक एक महिला के साथ मारपीट कर रहे थे। महिला ने पुलिस से शिकायत तो पुलिस मौके पर पहुंची और झगड़ा कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास किया। यह लोग नहीं माने तो पुलिस ने दो सगे भाइयों हाकिम व अजय कुमार पुत्र छोटे निवासी धनारी पट्टी लाल सिंह को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल नरेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार दोनों लोगों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री के आने के बाद तेज हुईं प्रधानमंत्री के दौरे की तैयारियां

## भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया भी पहुंचे तैयारियां देखने

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरे के बाद ऐंचोड़ा कम्बोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की तैयारियां तेज हो गई हैं। भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने भी मंगलवार को कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया।

कल्कि धाम शिलान्यास के लिए 19 फरवरी को संभल जनपद के ऐंचोड़ा कम्बोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आने वाले हैं। सोमवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आयोजन स्थल पर पहुंचकर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर की जा रही तैयारियों को परखा था। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया भी दोपहर को आयोजन स्थल पर पहुंचे। उन्होंने भाजपा नेताओं व आयोजन की तैयारियों में लगे अफसरों से जाना कि पंडाल में किसे कहां बैठाने की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही कल्कि धाम शिलान्यास स्थल को भी देखा। इस दौरान भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल,जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह व अंजू चौधरी आदि मौजूद रहे। दूसरी तरफ जिलाधिकारी मनीष बंसल ने भी आयोजन की व्यवस्थाओं में जुटे अधिकारियों के साथ बैठक कर काम की प्रगति के बारे में जाना।



कार्यक्रम को लेकर की गई तैयारियों को देखते भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष। ● अमृत विचार

### 12वीं के छात्रों को दी फेयरवेल पार्टी

**हापुड़, अमृत विचार :** जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में 12वीं के छात्रों को फेयरवेल पार्टी दी गई। इस अवसर पर 11वीं के छात्रों ने तिलक लगाकर सीनियर्स का परम्परागत तरीके से स्वागत किया ।

कार्यक्रम की शुरुआत जेएमएस निदेशक डॉ० आयुष सिंघल तथा प्रधानाचार्य डॉ० निधि मलिक ने सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके की। इस दौरान छात्रों ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं और यादों को एक दूसरे से शेयर किया। छात्र-छात्राओं व स्कूल के अध्यापकों के साथ प्रधानाचार्या डॉ० निधि मलिक भी मौजूद रहीं। फेयरवेल पार्टी के दौरान रैम्प पर कैटवाक, डांस, स्पीच और अपने हुनर के जादू से विद्यार्थियो ने सबका खूब मनोरंजन किया। 12वीं के छात्रों ने इस दौरान अपने विषयों के शिक्षकों को भी याद किया। इस दौरान कई छात्रों ने मंच से अपने उस अनुभव को भी शेयर किया जो पढ़ने के दौरान स्कूल से उन्होंने ग्रहण किया था। छात्रों के मनोरंजन के लिए कई सवाल भी पूछे गए। सही जवाब देने पर उनको पुरस्कृत भी किया गया। विद्यालय के शिक्षकों ने सभी को शुभकामनाओं के साथ विदा किया।



बच्चों को लेकर अलीगढ़ अस्पताल के लिए रवाना होती एंबुलेंस। ● अमृत विचार

# दिल में छेद की बीमारी से ग्रसित 5 बच्चों को इलाज के लिए भेजा

संवाददाता, हापुड़

▸▸ सीएमओ ने झंडी दिखाकर एंबुलेंस को अलीगढ़ किया रवाना

**अमृत विचार :** दिल में छेद की बीमारी से ग्रसित पांच बच्चों को स्वास्थ्य विभाग की ओर से सर्जरी के लिए डिस्ट्रिक्ट अर्ली इंटरवेंशन सेंटर (डीईआईसी) व मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ भेजा गया। जिसमें से चार बालिकाएं और एक बालक शामिल हैं। सभी छह वर्ष से कम आयु के हैं और गरीब परिवारों से हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत इन बच्चों की सर्जरी पूरी तरह निशुल्क होगी। आरबीएसके की मोबाइल टीम की ओर से चिन्हित किए गए सभी बच्चे सिंभावली ब्लॉक से हैं।

मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार त्यागी ने अपने कार्यालय से इन बच्चों को लेकर गई सरकारी एंबुलेंस को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ० प्रवीण शर्मा, डॉ० प्रेरणा श्रीवास्तव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) सतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

### पूर्व सांसद ने कराया सरकार की योजनाओं से अवगत

**छजलैट, अमृत विचार :** पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश कुमार ने गांव चलो अभियान के तहत तहसील क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं से अवगत कराया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गांव चलो अभियान की शुरुआत की गई थी। जिसके अंतर्गत सभी भाजपा नेता एवं जनप्रतिनिधि विभिन्न ग्रामों में जाकर ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं से अवगत कराएंगे। इसी के तहत पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह ने तहसील क्षेत्र के ग्राम मढ़ैय्यो, इस्माइलपुर, रजपुरा, बगिया सागर, मूंढा खेड़ी आदि ग्रामों में भ्रमण कर ग्रामीणों की सरकार की योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार सबका साथ एवं सबका विकास के लक्ष्य को लेकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से गरीबों, किसानों, व्यापारियों, दलित सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा नेता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



ट्रॉफी के साथ विजेता टीम व अतिथि। ● अमृत विचार

# एफआर इंटर कॉलेज ने जीता फाइनल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** चन्दौसी इंटर कॉलेज (सीआईसी) के क्रीड़ा मैदान में सीआईसी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला सीआईसी व एफआर इंटर कॉलेज के बीच खेला गया। जिसमें एफआर इंटर कॉलेज से 83 रन से जीत दर्ज कर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अर्श खान व मैन ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार प्रशात को दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय मौजूद रहीं।

मंगलवार को फाइनल मुकाबले में एफआर इंटर कॉलेज ने टॉस जीतकर पहले खेलते हुए निर्धारित 16 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 137 रन बनाए। सीआईसी के गेंदबाज प्रशांत ने 3, पवन व आदित्य ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीआईसी की पूरी टीम 14 ओवर में केवल 54 रनों पर ऑलआउट हो गई। एफआर इंटर कॉलेज के गेंदबाज अर्शखान व अनस 3-3 व रागिब ने दो विकेट लिए। एफआर इंटर कॉलेज ने 83 रनों से मैच जीत ट्राफी अपने नाम कर ली। मैन ऑफ द मैच अर्शखान व मैन ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार प्रशांत को पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय द्वारा दिया गया। विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। अम्पायरिंग राजू बनर्जी व बंटी राणा ने की।

स्कोरर की भूमिका मनीष दिवाकर व आनंद ने निभाई। कमेंट्री विनोद व वेंकट कुमार ने की। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक प्रेम किशोर गुप्ता, प्रबंध समिति के महीपाल आर्य, चिंतामणि गुप्ता, प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार, एफआर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य वसीमुद्दीन, अश्वनी शर्मा, कमल शर्मा, मोहम्मद हनीफ आदि मौजूद रहे।

### पुलिस भर्ती परीक्षा को संपन्न कराने को बैठक

**हापुड़, अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा 2024 के दृष्टिगत जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा व पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों संग बैठक कर पुलिस भर्ती परीक्षा 2024 सकुशल संपन्न कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।


## सम्बन्ध-विच्छेद

मेरा पुत्र रवि गलत संगत में पड़ गया है। वह आये दिन शराब पी कर गाली-गलौच व मारपीट करता रहता है। मैं स्वेच्छा से अपने पुत्र रवि से सम्बन्ध विच्छेद करते हुए चल-अचल सम्पत्ती से बेदखल करता हूँ। उसके द्वार किये गये लेन-देन एवं कुकृत्यों का वह स्वयं उत्तरदायी होगा। किशोर कुमार पुत्र झुन्ना सिंह ग्राम मुजफ्फरपुर टाण्डा तहसील व थाना-कांठ, जिला-मुरादाबाद।


## कार्यालय जिला पंचायत, मुरादाबाद

पृ0सं0:- 1087/हड्डीखाल/2023-24 दिनांक:- 13.02.24

**मृत पशु शव निस्तारण टेण्डर सूचना वर्ष 2024-25**

शासनादेश सं0-2232/33-2-2020-420 जी / 2020 दिनांक 20.10.2020 के अनुपालन में मृत पशु शव निस्तारण के पेशें अथवा अन्य व्यवसाय से जुड़े व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जनपद मुरादाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास खण्डवार मृत पशु शव निस्तारण का ठेका दिये जाने हेतु निविदा दिनांक 05.03.2024 को समय अपरान्ह 2:00 बजे तक मोहरबन्द लिफाफे में कार्य अधिकारी के कार्यालय कक्ष में रखे टेण्डर बाक्स में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म निर्धारित शुल्क जमा कर दिनांक 04.03.2024 को कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदादाता को निविदा प्रपत्र के साथ 20000/-रू० की एफ०डी०आर० जमानत के रूप में जो अपर मुख्य अधिकारी के पद नाम से बंधक हो निविदा फार्म के साथ संलग्न करनी होगी। निविदा फार्म के साथ एफ०डी०आर० की मूल प्रति न होने पर निविदा मान्य नही होगी। निविदा उसी दिन कार्यालय में अपरान्ह 2:30 बजे निविदादाताओ के सामने सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जायेगी। तद्दिनांक को संतोषजनक निविदा प्राप्त नही होने पर प्रत्येक सप्ताह के बुद्धवार को निविदा उक्तानुसार पुनः आमंत्रित की जाती रहेगी। शेष शर्ते किसी भी दिन कार्यालय दिवस में देखी व पढ़ी जा सकती है।

अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत मुरादाबाद

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, रामपुर

संख्या - 4257/H.o दिनांक :- 13/02/2024

**निविदा सूचना द्वारा ई-टैण्डर**

समस्त / ठेकेदारों/सप्लायर/फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, रामपुर द्वारा 15वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के अर्न्तगत प्राप्त धनराशि से नगर के विकास कार्यों हेतु दिनांक 01/03/2024 को दोपहर 02:00 बजे तक वैबसाईट www.etender.ip.nic.in पर निविदाएं समस्त ठेकेदारों/फर्मों से शर्तो के आधार पर आमंत्रित की जाती है। निविदा अभिलेख व शर्त वैबसाईट www.etender.ip.nic.in पर दिनांक 14/02/2024 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 01/03/2024 को दोपहर 2.00 बजे तक उपलब्ध रहेगे। जहाँ से इसे डाउनलोड किया जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांक 14/02/2024 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 01/03/2024 को दोपहर 02:00 बजे तक वैबसाईट www.etender.ip.nic.in पर ऑनलाईन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते है तथा दिनांक 01/03/2024 को अपरान्ह 04:00 बजे कार्यालय में निविदाएं खोली जायेगी। निविदा खोले जाने के दिनांक को अवकाश की स्थिति में अगला कार्य दिवस माना जाये।

| | |
|---|---|
| Publish Date and Time for RFP | 14/02/2024 को प्रातः 10:00 बजे से |
| Last Date and Time for submmission of E-Tender | 01/03/2024 को दोपहर 02:00 बजे तक |
| Date and Time of Opening Tender | 01/03/2024 को अपरान्ह 04:00 बजे तक |
| Place of Openinhg of E-Tender | Executive Officer, Office Rampur |
| E-Tender Security | 02% of Tender Valve |
| E-Tender document processing | As per tender List |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, रामपुर।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, रामपुर।


## रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल

RMC BAREILLY Excellence towards profession

सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें

(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में)

मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें*
मुफ्त भर्ती एवं पलंग*
मुफ्त फेफड़ों के टी.बी. की दवा*
मुफ्त टीकाकरण*
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन*
मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा*

विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक

हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग

रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें

ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रू. मात्र
भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे*
जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक

**हड्डी रोग विभाग** एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।

**स्त्री रोग विभाग** स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।

**शल्य रोग (सर्जरी) विभाग** अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।

**बाल रोग विभाग** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।

**छाती एवं क्षय रोग विभाग** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।

**मेडिसिन विभाग** अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।

फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत दिनांक 10 से 28 फरवरी 2024 तक रोहिलखंड हॉस्पिटल के कमरा नं. 1167 में फाईलेरिया की दवाई मुफ्त में मिलेगी।

रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें

इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)

इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड

केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*

हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965

एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल


### संशोधित परीक्षा कार्यक्रम किया जारी

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने पुलिस भर्ती परीक्षा की वजह से 17 फरवरी को होने वाले परीक्षा के कार्यक्रम में बदलाव किया है। बीएससी कृषि ऑनर्स चतुर्थ और षष्टम सेमेस्टर की 17 फरवरी को होने वाली परीक्षा अब 20 फरवरी को दूसरी पाली में 2:30 से 5:30 बजे में होगी। इसके अलावा परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा में भी कुछ बदलाव किए गए हैं। छात्र नया परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

## कार्यालय आदर्श नगर पंचायत केमरी जनपद-रामपुर

पत्रांक/ 304/1 / न०प० के०/ 2024 दिनांक:- 12/02/2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत केमरी द्वारा दिनांक-10.01.2024 को कार्यालय सभागार में बैठक आहूत की गई थी जिसमें समस्म सभासदगणों के द्वारा विभिन्न मदों में आय बढ़ाने सम्बन्धित प्रस्ताव पारित किये गये। प्रस्ताव पारित के उपरान्त नगर पंचायत केमरी द्वारा विभिन्न मदों में दरों की सूचि आपत्ति हेतु अमर उजाला समाचार पत्र में दिनांक-12.01.2024 को प्रकाशित की गई, उक्त दरों पे किसी की कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई इसलिये नगर पंचायत केमरी द्वारा अन्तिम प्रकाशन कराया जा रहा है। अन्तिम प्रकाशन के उपरान्त वर्ष 2024-25 दिनांक 01.04.2024 से निम्न दरें लागू होंगी।

| क्र०सं० | मद का नाम | धनराशि |
|---|---|---|
| 1 | सम्पत्ति हस्तान्तरण (मकान व दुकान) | 2,000.0 |
| 2 | अवैध कनेक्शन (जल) | 500.00 |
| 3 | पेट्रोल पम्प | 15,000.00 साल |
| 4 | भट्टे | 15,000.00 साल |
| 5 | मील | 15,000.00 साल |
| 6 | निकाय की बिना अनुमति के होर्डिंग बैनर, फ्लैक्सी आदि | 2,000.00 |
| 7 | निकाय क्षेत्र में बिना अनुमति के किसी भी संस्था द्वारा होडिंग व फ्लैक्सी द्वारा प्रचार-प्रसार करने पर | 2,000.00 |
| 8 | किसी भी विभाग अथवा ठेकेदार व फर्म के द्वारा निकाय क्षेत्र में बिना अनुमति के कार्य करने पर | 5,000.00 |
| 9 | नया जल-मूल्य कनेक्शन | 800. |
| 10 | आरा मशीन | 10,000.00 साल |
| 11 | प्राईवेट क्लीनिक व लैव | 2,000.00 साल |
| 12 | टावर | 10,000.00 साल |
| 13 | प्राईवेट कम्पनी | 5,000.00 साल |
| 14 | मेडिकल स्टोर | 2,000.00 साल |
| 15 | मैरिज हॉल | 10,000.00 साल |
| 16 | मोटर साईकिल एजेन्सी | 10,000.00 साल |
| 17 | पुरानी मोटर साईकिल व पुरानी गाड़ी सेलर | 5,000.00 साल |
| 18 | शराब की दुकान देशी व विदेशी | 15,000.00 |
| 19 | नगरीय क्षेत्र में समस्त थोक विक्रेता | 5,000.00 साल |
| 20 | सोने चाँदी की दुकान | 3,000.00 साल |
| 21 | निकाय क्षेत्र में समस्त प्रकार की ऐजेन्सियों पर | 5,000.00 साल |
| 22 | निकाय की दुकानो में बिना अनुमति के कार्य कराये जाने पर | 5,000.00 |
| 23 | दुकान निर्माण फीस | 10,000.00 प्रति दुकान |
| 24 | कबाड़ी की दुकान | 3,000.00 |
| 25 | अवैध प्लाटिंग | 50,000.00 |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत केमरी
जनपद-रामपुर

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, गजरौला, जनपद-अमरोहा

पत्रांक :- 2995/ई-निविदा/भूसा/2023-24 दिनांक :- 13 फरवरी, 2024

**ई- निविदा सूचना**

निविदा सूचना शासकीय व्यवस्था के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद, गजरौला में गौवंशीय पशुओं के चारे हेतु भूसे की आपूर्ति कार्य प्रति कुन्टल की दर (माहवार) के अनुसार "शासन / रा०वि० आयोग/बोर्ड फंड से प्राप्त धनराशि से किये जाने हेतु ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित करती है। अतः इच्छुक निविदादाता अपनी-अपनी ऑन लाईन निविदायें दिनाँक 14/02/2024 को दोपहर 12.00 बजे से दिनॉक 24/02/ 2024 को अपरान्ह 12:00 बजे तक बेवसाईट https://etender.up.nic.in पर अपलोड कर सकते है, जो कि उसी दिनॉक 24/02/2024 को ही अपरान्ह 03.00 बजे गठित समिति तथा इच्छुक निविदादाताओं की उपस्थिति में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गजरौला के कार्यालय में खोली जायेगीं। निविदा के साथ संलग्न समस्त दस्तावेज दिनॉक 24/02/2024 को दोपहर 02:00 बजे तक कार्यालय में जमा किये जा सकते है। ई-निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है जो कि बेवसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदा स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का समस्त अधिकार अध्यक्ष महोदय / अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गजरौला में निहित है, तथा लिये गये निर्णय पर किसी भी न्यायालय में जाने का अधिकार नही होगा।

| | |
|---|---|
| E-bid reference No. | 2995/NPP GAJRAULA/2023-24 |
| Publish date and Time | 14/02/2024 12:00 Hrs |
| Last date and time for submission of E-bids | 24/02/2024 12:00 Hrs |
| Date and time of opening of On line TE-Bids | 24/02/2024 15:00 Hrs |
| Place of opening of E-Bids | EXECUTIVE OFFICER NPP GAJRAULA |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद गजरौला

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद गजरौला

### राज्यसभा के लिए सपा को अपना तीसरा प्रत्याशी जिताने को रहेगी एक वोट की आवश्यकता

# जया बच्चन समेत सपा के तीनों प्रत्याशियों ने किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्यसभा के लिए समाजवादी पार्टी के तीनों उम्मीदवारों जया बच्चन, रामजी लाल सुमन और आलोक रंजन ने मंगलवार को नामांकन किया। विधानभवन के कमरा नंबर 48 में इस दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव, पार्टी महासचिव शिवपाल यादव, समेत अन्य विधायक मौजूद रहे।

मंगलवार को विधानभवन में निर्वाचन अधिकारी ब्रजभूषण दुबे के समक्ष सपा के तीनों उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दस-दस प्रस्तावकों के हस्ताक्षर के साथ दाखिल किया। निर्वाचन अधिकारी व विधानसभा के विशेष सचिव ने बताया कि तीनों प्रत्याशियों ने दो-दो सेट में अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। सभी उम्मीदवारों ने दोपहर 12 बजे नामांकन दाखिल किये।



राज्यसभा चुनाव के लिए सपा प्रत्याशी आलोक रंजन, जया बच्चन व रामजीलाल सुमन नामांकन पत्र दाखिल करने के उपरान्त अखिलेश यादव के साथ। ● अमृत विचार

**नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख कल :** राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 15 फरवरी है। नामांकन पत्रों की समीक्षा 16 फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे से की जाएगी। मतदान 27 फरवरी को होगा और नतीजे उसी दिन घोषित किए जाएंगे।

**तीसरे उम्मीदवार को जिताने को चाहिए एक वोट :** राज्यसभा सदस्य चुने जाने के लिए 37 विधायकों के वोट चाहिए। सपा के वर्तमान में 108 विधायक हैं, उसे तीन सीटों पर जीत के लिए 111 विधायकों की जरूरत है। चूंकि विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए में सपा भी शामिल है, ऐसे में उसे कांग्रेस के दो विधायकों का समर्थन मिल जाएगा। उसे सिर्फ एक वोट की और जरूरत पड़ेगी।

**तीनों उम्मीदवारों को जिता सकती है सपा :** सपा के वरिष्ठ प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने कहा कि रालोद के एनडीए में जाने से राज्यसभा चुनाव के नतीजे पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सपा गठबंधन के पास इतना संख्या बल है कि वह अपने तीनों उम्मीदवारों को जिता सकती है।

#### 5 साल में 6 गुना बढ़ी जया की संपत्ति

**लखनऊ।** सपा की ओर से एक बार फिर राज्यसभा जाने को तैयार जया बच्चन ने मंगलवार को जो नामांकन फार्म भरा उसके मुताबिक उनके पास कुल 1001 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति है। उनकी संपत्ति 5 साल में 6 गुना बढ़ गई है। इनकम टैक्स रिटर्न के मुताबिक, जया बच्चन ने वित्त वर्ष 2022-23 में 1,63,56,190 रुपये की कमाई की थी। जबकि पांच साल पहले यानी 2018-19 में उनकी कमाई 25,54,410 रुपये थी। जया बच्चन ने नामांकन पत्र में अपने पति और दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन की संपत्ति का ब्योरा भी दिया है। जिसके मुताबिक वित्तीय वर्ष 2022-23 में अमिताभ बच्चन की कमाई 273,74,96,590 रुपये थी।

#### आलोक-पत्नी के पास 12.50 करोड़ की संपत्ति

लखनऊ। पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन ने राज्यसभा के लिए जो नामांकन फार्म भरा उसके मुताबिक, उनके पास नकदी 20,000 रुपये की नकदी है। जबकि पत्नी के पास भी नकदी के रूप में इतने ही रुपये हैं। वहीं, विभिन्न बैंकों में कुल जमा राशि 1,42,77,924.11 रुपये हैं। पत्नी के नाम बैंकों में जमा 27,27,752.86 रुपये जमा हैं। पूर्व मुख्य सचिव का शेयर आदि में निवेश का मूल्य 2,67,26,526.31 रुपये जबकि पत्नी द्वारा शेयर आदि में निवेश का मूल्य 1,09,70,670.00 रुपये का है। आलोक रंजन के नाम से एक होण्डा सिटी और पत्नी के पास के महिन्द्रा केयूवी कार है। उनके स्वयं के पास ज्वेलरी है जिसकी कीमत करीब 4,00,000 रुपये है।

#### रामजी लाल सुमन के पास 60 हजार की नकदी

लखनऊ। सपा के राज्यसभा उम्मीदवारों में से एक रामजी लाल सुमन के नामांकन फार्म से संबद्ध हलफनामे के मुताबिक, उनके पास मात्र 60 हजार की नकदी है। जबकि उनके कोई आश्रित भी नहीं हैं। उनके पास बैंक में डिपॉजिट एलआईसी और तीन लाख की ज्वेलरी समेत कुल स्थायी संपत्ति 37,18 हजार 189 रुपये हैं। जबकि लॉ ग्रेजुएट सुमन के पास 1 करोड़ 85 लाख कीमत की संपत्ति है।

# 36 हजार से अधिक छात्रों ने छोड़ी मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं

### मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल, फाजिल के परीक्षार्थी हुए सम्मिलित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र मदरसा शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रदेश के 73 जनपदों में परीक्षाओं के आयोजन किये गए। दो पालियों में आयोजित परीक्षाओं में 36 हजार से अधिक परीक्षार्थियों ने अपनी परीक्षाएं छोड़ी। परीक्षा में सीसीटीवी और सचल दस्तों द्वारा नजर रखी गई।

उप्र मदरसा बोर्ड की परीक्षा सोमवार से दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली में 24 हजार 353 छात्रों ने विभिन्न विषयों से जुड़ी अपनी परीक्षाएं छोड़ दी। दूसरी पाली 12 हजार के करीब छात्र अनुपस्थित रहे। दो पालियों में आयोजित परीक्षाओं में कुल 36 हजार 353 छात्रो अनुपस्थित रहे। दो पालियों में आयोजित परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले 1 लाख 41 हजार 115 छात्रों में से 1 लाख 47 हजार 62 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। 73 जनपदों के 509 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित परीक्षाओं के दौरान गड़बड़ी की बात सामने नहीं आई हैं। बोर्ड रजिस्ट्रार प्रियंका अवस्थी का कहना है कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी लगे थे। जिन्हें राज्य मुख्यालय के कंट्रोल रूम से जोड़ा गया था। छिटपुट समस्या को छोड़कर कहीं कोई बड़ी समस्या सामने आने की सूचना नहीं मिली है।



▸▸ प्रदेश के 73 जनपदों में आयोजित हुई परीक्षाएं

#### जिम्मेदार लेते रहे जानकारियां

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक जे. रीभा और मदरसा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. इफ्तिखार अहमद जावेद संयुक्त रूप से इंदिरा भवन में स्थापित किये गए कंट्रोल रूम के सहारे दोनों पालियों की परीक्षाओं पर नजर रखते रहे। इस दौरान रजिस्ट्रार प्रियंका अवस्थी, बोर्ड सदस्य कमर अली सहित अन्य मौजूद रहे।

#### दिव्यांग छात्रों ने भी दी बोर्ड की परीक्षा

मदरसा बोर्ड की परीक्षाओं में दिव्यांग छात्र भी उपस्थित रहे। श्रुति लेखकों द्वारा इनकी मदद की गईं। अलीगढ़, गोण्डा और प्रयागराज में छात्रों ने अपनी अपनी परीक्षाएं दीं।

## अखिलेश को लिखे पत्र में स्वामी ने दिखायी नाराजगी

**लखनऊ, अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा देते हुए पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव को संबोधित पत्र में स्वामी प्रसाद मौर्य ने एक राजनीतिक सुझाव का खुलासा करते हुए लिखा है कि, बीते साल जनवरी-फरवरी 2023 में मैंने आपके (अखिलेश) समक्ष सुझाव रखा कि जातिवार जनगणना कराने, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ों के आरक्षण को बचाने, बेरोजगारी व बढ़ी हुई महंगाई, किसानों की समस्याओं व लाभकारी मूल्य दिलाने, लोकतंत्र व संविधान को बचाने, देश की राष्ट्रीय संपत्तियों को निजी हाथ में बेचे जाने के विरोध में प्रदेशव्यापी भ्रमण कार्यक्रम के लिए रथ यात्रा निकाली जानी चाहिए। इस पर आश्वासन के बाद भी कोई सकारात्मक परिणाम नहीं आया। स्वामी प्रसाद मौर्य ने इस पत्र में अपने हिंदू धर्म एवं साहित्य को लेकर की गई विवादित टिप्पणियों के कारण भी बताए। उन्होंने लिखा कि, मैंने पाखंड व आडंबर पर प्रहार किया, तो भी कुछ पार्टीजनों ने मुझे निशाना बनाया।

# शिक्षकों के पद खाली, कैसे संवरेगा छात्रों का भविष्य

राजीव शुक्ला, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग के अधीन प्रदेश में संचालित 94 आश्रम पद्धति विद्यालय में शिक्षकों के 653 पद खाली हैं। स्थायी तौर पर नियुक्ति न होने के कारण संविदा पर कार्यरत शिक्षक छात्रों को पढ़ा रहे हैं।

बता दें कि आश्रम पद्धति विद्यालय में एक भी प्रधानाचार्य कार्यरत नहीं थे। हाल ही में पांच वर्षों से प्रवक्ता के पद पर कार्यरत शिक्षकों को पदोन्नति देकर प्रधानाचार्य बनाया गया। 13 प्रधानाचार्य बनने के बाद उम्मीद जगी है कि शेष विद्यालयों को भी जल्द ही प्रधानाचार्य मिल जाएंगे। प्रवक्ताओं को पदोन्नति देकर प्रधानाचार्य बनाने के लिए 2004 की नियमावली का सहारा लिया गया। आश्रम पद्धति विद्यालय में 32 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं कार्यरत हैं। विद्यालय में 60 प्रतिशत अनुसूचित जाति/जनजाति, 25 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग और 15 प्रतिशत सामान्य वर्ग के छात्रों को प्रवेश दिया जाता है। न्यायालय ने आदेश दिया था कि संविदा पर शिक्षकों को नहीं रखा जाएगा। विद्यालयों में स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति की जाए। समाज कल्याण विभाग की ओर से आयोग को नियुक्त को लेकर अध्याचन भेजा जा रहा है। इसके बाद भी शिक्षकों की कमी है और संविदा पर तैनात शिक्षक बच्चों को पढ़ा रहे हैं। सूत्रों की मानें तो संविदा पर कार्यरत शिक्षक मनमानी तरीके से पढ़ा रहे हैं। कुछ शिक्षक उपस्थिति लगाकर गायब हो जा रहे हैं।

▸▸ प्रवक्ता और सहायक अध्यापकों क 653 पद खाली

## सार-संक्षेप

### नहीं रहीं अभिनेत्री और सिंगर मलिका राजपूत



**सुलतानपुर, अमृत विचार :** मशहूर सिंगर और अभिनेत्री विजय लक्ष्मी उर्फ मलिका राजपूत की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। पुलिस के अनुसार कोतवाली नगर के सीताकुंड मोहल्ले में मंगलवार को गायिका व अभिनेत्री का शव घर के अंदर कमरे में पंखे से लटका मिला। उनके परिवार के सदस्य सदमे में हैं। मलिका काफी दिनों से अवसादग्रस्त थी। मलिका की मां सुमित्रा सिंह ने बताया कि सोमवार रात पूरा परिवार घर में सो रहा था। उसने अपने कमरे का दरवाजा बंद कर रखा था। रात दो बजे कमरे में लाइट जल रही थी। इस पर मां ने दो-तीन बार आवाज दी तो मलिका ने दरवाजा नहीं खोला। कोतवाली प्रभारी श्रीराम पांडेय ने बताया कि रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। मलिका ने कंगना राणावत के साथ फिल्म रिवाल्वर रानी में काम किया था। इसके अलावा कई शार्ट फिल्में भी कर चुकी हैं।

### शादी के 6 दिन बाद ही दुल्हन जेवर-नकदी लेकर फरार

**सहारनपुर, एजेंसी :** जिले के जनकपुरी थाना इलाके में शादी के 6 दिन बाद ही नई नवेली दुल्हन अपने पति को दूध में बेहोशी की दवा पिलाकर ससुराल से सोने-चांदी के आभूषण और डेढ़ लाख रुपये की नकदी लेकर फरार हो गयी। पीड़ित पति की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने तहरीर के हवाले से बताया कि जनकपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम सड़क दूधली निवासी विनोद उर्फ बिट्टू की शादी 6 फरवरी को ग्राम दाबकी गुर्जर निवासी ओमप्रकाश की बेटी शिवानी से हुई थी। एसपी ने बताया कि शादी के 6 दिन बाद दुल्हन ने 11 फरवरी की रात अपने पति विनोद को दूध पीने को दिया जिसे पीते ही वह बेहोश हो गया। जैन ने शिकायत के हवाले से बताया कि शिवानी ने दूध में कोई दवा मिला दी थी। जैन ने बताया कि दुल्हन अलमारी से सोने चांदी के जेवर और डेढ़ लाख रुपये की नकदी लेकर भाग गयी। देर रात जब विनोद को होश आया तो उसने शिवानी को कमरे में नहीं पाया। अलमारी में सारा सामान बिखरा पड़ा था और सोने चांदी के आभूषण और डेढ़ लाख की नकदी गायब थी। जैन ने बताया कि विनोद ने अपनी ससुराल फोन किया तो ससुराल वालों ने भी अनभिज्ञता जाहिर की। इसके बाद पुलिस में तहरीर देकर मामला दर्ज कराया गया। जैन ने बताया कि पुलिस शिवानी के मोबाइल फोन का ब्यौरा जुटा रही है और आगे की कार्रवाई जारी है।

### छात्र का दिनदहाड़े अपहरण, कार पलटने से भागे बदमाश

**इटावा, अमृत विचार :** बीहड़ांचल के गांव से स्कूल जा रहे साइकिल सवार कक्षा पांच के छात्र को कार सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े अगवा कर लिया। पुलिस और गांव वालों के पीछा करने पर हड़बड़ाहट में बदमाशों की कार अनियंत्रित होकर खाई में पलट गयी, जिससे बदमाश कार और छात्र को छोड़कर भाग निकले। कार में फंसे छात्र को पुलिस ने निकालकर अस्पताल पहुंचाया। कस्बा चकरनगर के प्रमुख किराना व्यवसायी योगेश कुमार गुप्ता का 11 साल का बेटा कर्तव्य गुप्ता मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे साइकिल से घर से एक किमी की दूरी पर सेंट जोसियर स्कूल जा रहा था। रास्ते में कार सवार दो बदमाशों ने उसे रोक लिया और जबरन साइकिल से खींचकर कार में डालकर भागने लगे। सिकरोड़ी रोड की ओर भाग रहे बदमाशों को देखकर खेतों में काम करने वाले लोगों ने कार का पीछा शुरू कर दिया और पुलिस को घटना की सूचना दे दी। मौके पर पुलिस भी पहुंच गयी और बदमाशों को दोनों ओर से घेर लिया गया। भरेह पुलिस ने थाने के पास कार को रोकने का किया प्रयास लेकिन बदमाश कार की रफ्तार तेज करके चंबल पुल की ओर भाग निकले। थाने के सिपाही सुमित कुमार ने अपाचे बाइक से कार का पीछा जारी रखा। बदमाश चंबल पुल पार करके भाग रहे थे तभी उनकी कार अनियंत्रित होकर खाई में पलट गयी। कार के पलटते ही बदमाश कार से कूदकर भाग निकले। कार में फंसे बच्चे को सिपाही सुमित कुमार ने जैसे तैसे निकाला। तब तक गांव के लोग भी पहुंच गये। छात्र को कार पलटने से चोटें आयी हैं।

# फर्जीवाड़ा करने वाले सहायक अध्यापकों पर 5 हजार का जुर्माना

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वर्ष 2018 में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 68,500 सहायक अध्यापकों की भर्ती परीक्षा में अनियमितता के मामले में कहा कि निष्पक्षता किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की आत्मा है। योग्यता के साथ कोई भी समझौता मेधावी उम्मीदवारों के विश्वास को हिला देता है और अगर परीक्षा प्रक्रिया में कुछ अनियमितता मिलती है तो न्याय के हित में तथा निष्पक्षता बनाए रखने को उसे ठीक करने का प्रयास करना चाहिए।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की पीठ ने उर्वशी व अन्य की याचिका को खारिज करते हुए याचियों को पांच हजार रुपए का जुर्माना उच्च न्यायालय कानूनी सेवा समिति के पक्ष में जमा करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने आगे कहा के मेधावी उम्मीदवारों की कीमत पर कम मेधावी उम्मीदवारों को सेवा में बने रहने की अनुमति नहीं है और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए विभाग द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया को अवैध नहीं कहा जा सकता है। दरअसल याचियों को सितंबर 2018 में परीक्षा परिणाम के आधार पर सहायक अध्यापक के पद पर नियुक्त किया गया था और 1 वर्ष बाद यानी सितंबर 2019 में शासनादेश के तहत उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। जिसे वर्तमान याचिका में चुनौती दी गई है। मामले के अनुसार याचियों की उत्तर पुस्तिका और पुनर्मूल्यांकन तथा सारणीबद्ध चार्ट में अलग-अलग अंक प्रदान किए गए। कोर्ट ने मामले के तथ्यों को देखते हुए निष्कर्ष निकाला कि याचियों को अनुचित लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से बड़े स्तर पर धोखाधड़ी की गई है। उत्तर पुस्तिकाओं का प्रथम मूल्यांकन और पुनर्मूल्यांकन दोनों असंगत है।

# पहली बार महल में अबीर गुलाल खेलेंगे रामलला

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्राण-प्रतिष्ठा के बाद रामनगरी में मनाए जा रहे रामोत्सव का रंग पवित्र पावन बसंत पंचमी के अवसर पर और गहरा होने जा रहा है। 500 वर्षों के बाद पहली बार रामलला अपने भव्य मंदिर में रंगोत्सव में अबीर और गुलाल खेलेंगे। इसे लेकर ट्रस्ट की ओर से व्यापक तैयारियां भी की गर्इं हैं। रामलला द्वारा पहली बार अपने महल में रंगोत्सव मनाए जाने को लेकर यहां आने श्रद्धालु भी अह्लादित हैं।

बसंत पंचमी पर अयोध्या धाम के मठ-मंदिरों में रंगोत्सव का परंपरागत आयोजित होता आ रहा है। 22 जनवरी को हुई प्राण-प्रतिष्ठा के बाद यह पहला मौका होगा जब टेंट और अस्थाई मंदिर से निकलकर भव्य मंदिर में विराजमान हुए रामलला अपने खुद के भव्य महल में रंगोत्सव की परंपरा के तहत अबीर और गुलाल खेलेंगे।



इसके अलावा सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी समेत अयोध्या धाम के पाचं हजार मंदिरों में भी रंगोत्सव का बुधवार से प्रारंभ हो जाएगा, जो होली उत्सव तक अनवरत जारी रहेगा। बसंत पंचमी से अयोध्या के मंदिरों में भगवान व भक्तों के बीच अबीर-गुलाल के साथ जमकर होली खेलने की परंपरा शुरू होती है। 40 दिन तक मठ-मंदिरों में आरती पूजन के बाद भगवान को अबीर और गुलाल लगाते हैं। पुजारी भगवान के इस गुलाल का प्रसाद रंगोत्सव में शामिल भक्तों को देते हैं। पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास के अनुसार इस दिन रामलला को प्रातः स्नान के बाद सुंदर वस्त्र और आकर्षक विशेष वस्त्र धारण कराए जाएंगे। आरती पूजन के बाद उन्हें अबीर गुलाल भी लगाए जाने के साथ विशेष व्यंजनों का भोग भी लगाया जाएगा।

#### मंगला आरती के साथ प्रारंभ होगा रंगोत्सव

अयोध्या धाम में रामलला के भव्य मंदिर के साथ बसंत पंचमी पर शुरू हो रहे रंगोत्सव में इस बार खास दृश्य रहेंगे। एक ओर जहां बड़ी संख्या में रामनगरी में मौजूद श्रद्धालु रामलला रंगोत्सव के साक्षी बनेंगे। वहीं हनुमानगढ़ी पर भी पारंपरिक ढंग से रंगोत्सव का विशेष कार्यक्रम होगा। बुधवार भोर में चार बजे मंगला आरती होगी। उसके बाद रामलला के श्रृंगार पूजन और अबीर गुलाल लगाए जाने के साथ रंगोत्सव विधिवत रूप से होली तक के लिए प्रारंभ हो जाएगा।

## वर्ग पहेली-342

**बाएं से दाएं**

4. मेंढक।

5. आरोपित, कथित, जिसपर अभियोग लगा हो।

6. 1. मनोभाव, मन 2. मन में उत्पन्न संकल्प 3. मन में सोचा या विचारा हुआ।, मन से, मन के द्वारा।

7. जीरा।


**ऊपर से नीचे**

1. 1. बहादुरी, वीरता 2. रणकौशल।

2. 1. पहने हुए आभूषणों के परस्पर टकराने से उत्पन्न होने वाली ध्वनि 2. घुंघरू की आवाज़।

3. 1. पुराना धर्म या परंपरागत धर्म 2. वर्तमान हिंदू धर्म जिसके संबंध में उसके अनुयायियों का विश्वास है कि यह बहुत प्राचीन काल से चला आ रहा है तथा विभिन्न देवी-देवताओं की पूजा-उपासना, मूर्तिपूजा, पुराण, तंत्र, तीर्थ, श्राद्ध तथा तर्पण आदि इसके प्रमुख अंग हैं, पारंपरिक हिंदू धर्म।

6. 1. पीटना 2. जान लेना, हत्या करना, प्राण लेना 3. प्रहार करना, चोट पहुंचाना 4. पछाड़ना 5. पकड़ना, हराना 6. कूटना, ठोंकना 7. प्रभावहीन कर देना।





### वर्ग पहेली - 341 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ह | ■ | ■ | 2 ख | ■ | 3 अ |
| र | ■ | ■ | ट | ■ | यो |
| 4 म | हा | वी | र | ■ | गि |
| ल | ■ | ■ | 5 प | 6 द | क |
| ■ | 7 मॉ | नी | ट | र | ■ |
| 8 झा | ■ | ■ | र | ■ | 9 जी |
| 10 वा | इ | न | ■ | 11 खा | जा |

## सुडोकू -59

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | 4 | | 7 | |
| | | | | 3 | | | | 5 |
| 2 | | | | | 9 | | | |
| 6 | 5 | | | 7 | | | 8 | |
| | | | 1 | | 8 | | | |
| | 1 | | | 6 | | | 9 | 2 |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 9 | | | | 4 | | 3 | | |
| | 8 | | 3 | | | 1 | | |

### सुडोकू - 58 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 4 | 7 | 3 | 8 |
| 7 | 2 | 4 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 5 |
| 3 | 5 | 8 | 1 | 9 | 7 | 6 | 2 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 8 | 9 | 5 | 1 |
| 8 | 9 | 5 | 4 | 2 | 1 | 3 | 6 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 8 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 5 | 2 | 4 | 3 |
| 5 | 7 | 2 | 9 | 4 | 3 | 8 | 1 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 फरवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 12.09 तक तत्पश्चात पष्ठी।

### आज का पंचांग





त्योहार/व्रत/दिवस- वसंत पंचमी।

दिशाशूल- उत्तर। ऋतु-शिशिर।

चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-रेवती 10.43 तक तत्पश्चात उत्तर अश्विनी।

**मेष:** आज जीवनसाथी से अपने मन की भावनाओं को शेयर कर सकते हैं। व्यवसाय में आपको बड़ा धन लाभ होगा। कुछ नया सीखने और जानने की जिज्ञासा मन में रहेगी। स्वास्थ्य समस्या का समाधान होगा।

**वृष:** आज अपना मनोबल ऊंचा रखें। जॉब में उच्चाधिकारी आपसे नाराज हो सकते हैं। दूसरों की जवाबदारी लेने से बचें। राजनीतिक मामलों के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी। अनावश्यक कार्यों में धन का अपव्यय हो सकता है। तनाव जैसी परिस्थितियाँ निर्मित हो सकती हैं।

**मिथुन:** आज आप उत्सव कार्यों में व्यस्त हो सकते हैं। आज आपको अपनी प्रतिभा दिखाने के भरपूर अवसर मिलेंगे। नया व्यवसाय शुरू करने के लिये दिन उत्तम है। आपके सहयोगात्मक व्यवहार के कारण लोग आपका काफी सम्मान करेंगे।

**कर्क:** आज कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव करना चाह रहे हैं, तो आज का दिन उत्तम है। मित्रों के साथ की अनबन आज दूर होगी। परिवार में शान्ति का माहौल रहेगा। परिवार को लेकर आप कुछ महत्वपूर्ण निर्णय भी आज ले सकते हैं।

**सिंह:** आज विदेशी कम्पनियों से जॉब के ऑफर मिल सकते हैं। किसी ऑनलाइन सेमीनार आदि में सम्मिलित हो सकते हैं। रिश्तेदारों के साथ आपने संबंध मधुर रहेंगे। कला जगत से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**कन्या:** आज जोखिम युक्त निवेश करने से बचें। आपको कुछ अध्यात्मिक अनुभव हो सकते हैं। बुरी संगत के कारण आपका सम्मान बुरी तरह से प्रभावित हो सकता है। घर में अप्रसन्नता का माहौल रहेगा। बोलचाल के दौरान अपनी वाणी पर संयम रखें।

**तुला:** आज आप स्वास्थ्य को लेकर काफी सतर्क रहने वाले हैं। आपको किसी शुभ सूचना को लेकर प्रतीक्षा रहेगी। आर्थिक मामलों को लेकर दिन भाग्यशाली रहेगा। जीवनसाथी को प्रसन्न रखने के लिए उन्हें उपहार दे सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज कारोबार की परेशानियों का निदान होगा। परिस्थितियां आपके नियंत्रण में रहने वाली हैं। घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। मित्र और शुभचिन्तक आपको प्रेरित कर सकते हैं। म्यूचूअल फण्ड या किसी पुरानी पॉलिसी से आपको धन लाभ हो सकता है।

**धनु:** आज प्रेम संबंधों के प्रति आप समर्पित रहेंगे। नशे और बुरी आदतों से दूरी बना लें। वरना आपकी छवि खराब हो सकती है। घर के बुजुर्ग लोगों का ध्यान रखें। सर्वाइकल और हड्डियों में दर्द की शिकायत हो सकती है। छोटी-छोटी बातों को ज्यादा महत्व न दें।

**मकर:** आज कुछ समय एकान्त में अपनी मजबूती और कमजोरियों का मूल्याङ्कन अवश्य करें। अजनबी लोगों से आपको धोखा मिल सकता है। गैस और अपच की समस्या से परेशान हो सकते हैं। इसीलिये, सन्तुलित भोजन और जीवनशैली को अपनाना लाभप्रद होगा।

**कुंभ:** आज व्यापार में कुछ प्रभावी सुधार करने के लिए दिन अच्छा है। परिजन आपका मनोबल बढ़ाने में मदद करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। जीवनसाथी के साथ पर्यटन का आनन्द ले सकते हैं। धर्म-कर्म में भी आप अपनी सक्रियता बढ़ा सकते हैं।

**मीन:** आज का दिन आपके लिए बहुत शुभ नहीं है। घर से दूर रह रहे लोगों को परिजनों की चिन्ता रहेगी। पारिवारिक मामलों में बाहर के लोगों का हस्तक्षेप न होने दें। किसी बड़े काम को लेकर फण्ड की समस्या हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ा पद दिया जा सकता है।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
हम साथ साथ है — सुबह : 09.00
हाफ गर्लफ्रेंड — रात : 09.00

**Sony Max**
हे बेबी — दोपहर : 12.53
तू झूठी मैं मक्कार — रात : 07.02

**Utsav Gold**
हमशक्ल — सुबह : 09.15
दिलवाले दुल्हनिया ले जायेंगे — शाम : 06.00

**Zee Cinema**
सोचा न था — सुबह :09.25
कहो ना प्यार है — रात : 07.00

**Colors Cineplex**
दोस्ताना — दोपहर : 12.34
दिल है तुम्हारा — शाम : 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म





जी सिनेमा पर रात-07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

वैलेंटाइन डे पर मां-पापा के बाहर जाने के बाद लड़की अपने ब्वॉयफ्रेंड को फोनकर बोली...

गर्लफ्रेंड - जानू मेरे घर आ जाओ ना,

लड़का- नहीं टाइम नहीं है,

गर्लफ्रेंड-अरे मेरे मम्मी पापा घर में नहीं हैं,

लड़का-झूठ मत बोल, पिछली बार यही बोल कर शॉपिंग पे ले गयी थी।

परीक्षा शुरू होने से पहले चिंटू अपने दोस्त बंटी को ज्ञान दे रहा था...

अगर परीक्षा में सवाल बहुत कठिन हो तो आंखें बंद करना,

गहरी सांस लेना और जोर से बोलना- ये सब्जेक्ट बहुत मजेदार है,

इसलिए इसे अगले साल फिर पढ़ूंगा।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 71,555.19 | 21,743.25 |
| बढ़त | 482.70 | 127.20 |
| प्रतिशत में | 0.68 | 0.59 |

अमृत विचार
www.amritvichar.com
मुरादाबाद, बुधवार, 14 फरवरी 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 970 फ्लेग 1095 डीएमओ 815 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1000 फ्लेग 1125 बोल्ड 1155 डीएमओ 900।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**–दाल चना: 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मटर: 82 से 85 रुपये अरहर: 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द: 110 से 120 रुपये मूंग धोआ: 104 – 106 रुपये मूंग छिलका: 102 रुपये मूंग साबुत: 100 चना देसी: 80 चना काबली: 145 से 160 राजमा लाल: 155 राजमा चित्रा: 145 लोबिया लाल: 94 लोबिया सफेद 98 रुपये।

## एक नजर

### भारत का कोयला आयात 27 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारत का कोयला आयात दिसंबर 2023 में सालाना आधार पर 27.2 प्रतिशत बढ़कर 2.335 करोड़ टन हो गया। कोयला मंत्रालय वित्त वर्ष 2026 तक शून्य तापीय कोयला आयात का लक्ष्य लेकर चल रहा है। बी2बी (कंपनियों के बीच) ई–वाणिज्य कंपनी एमजंक्शन सर्विसेज के आंकड़ों के अनुसार, देश का कोयला आयात दिसंबर 2022 में एक करोड़ 83.5 लाख टन था। एमजंक्शन सर्विसेज के अनुसार–दिसंबर 2023 में कोयले का आयात करीब 2.335 करोड़ टन था... दिसंबर 2022 की तुलना में 27.25 प्रतिशत अधिक रहा।

### एनबीसीसी का शुद्ध लाभ 59% उछला

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की एनबीसीसी (इंडिया) लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर–दिसंबर तिमाही में 59 प्रतिशत बढ़कर 113.56 करोड़ रुपये रहा। एनबीसीसी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एक साल पहले इसी तिमाही में उसे 71.49 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

# चावल की कुछ किस्मों के लिए एचएसएन कोड विकसित करने पर विचार कर रही है सरकार

## वाणिज्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल ने दी जानकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार चावल की कुछ किस्मों के लिए नए एचएसएन कोड विकसित करने पर विचार कर रही है ताकि उन किस्मों का निर्यात किया जा सके जिनका पारंपरिक रूप से देश में लोग उपभोग नहीं करते हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

वर्तमान में गैर-बासमती सफेद चावल की सभी किस्मों के निर्यात पर प्रतिबंध है। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) की प्रस्तुति के अनुसार, लाल चावल, काले चावल और कालानमक चावल जैसी जीआई



(भौगोलिक संकेतक) दर्जे वाले चावल की किस्मों के लिए अलग-अलग एचएसएन कोड पर काम जारी है। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की भाषा में प्रत्येक उत्पाद को एचएसएन कोड (हारमोनाइज्ड सिस्टम ऑफ नोमेनक्लेचर) के तहत वर्गीकृत किया जाता है। यह दुनिया भर में वस्तुओं के व्यवस्थित वर्गीकरण में मदद करता है।

वाणिज्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि गैर-बासमती चावल की करीब 40-50 किस्में होती हैं। सरकार जब उसके निर्यात पर प्रतिबंध लगाती है, तो सोना मसूरी, गोविंद भोग, कालानमक या सामान्य सफेद गैर-बासमती चावल जैसी सभी किस्मों का निर्यात बंद हो जाता है। उन्होंने कहा कि चावल की कुछ अन्य किस्मों के लिए नया एचएसएन कोड उद्योग की मांग है, इसमें अंतर कैसे करें यह आंतरिक बहस का मुद्दा है। कहा-हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं ऐसा करने की जरूरत है या नहीं।

### संबंधित पक्षों से परामर्श के बाद निर्णय लेगा मंत्रालय

सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि इसमें संतुलन बनाने की जरूरत है और यह निर्णय मंत्रालय संबंधित पक्षों से परामर्श के बाद लेगा। वर्तमान में गैर–बासमती चावल के लिए छह एचएसएन कोड और बासमती चावल के लिए एक कोड है। चावल, चीनी और गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध के कारण कृषि–निर्यात में नौ प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एपीडा की पहल के बारे में उन्होंने कहा कि इससे निर्यात किए जाने वाले कृषि उत्पाद तथा उनके गंतव्यों का विस्तार हुआ है। भारत ने सिंघाड़े और मखाने जैसी वस्तुओं का निर्यात भी शुरू कर दिया है। अतिरिक्त सचिव ने कहा–यह कृषि क्षेत्र को काफी मजबूती देता है।

## गोल्ड ईटीएफ की चमक जारी, जनवरी में 657 करोड़ रुपये का निवेश

**नई दिल्ली।** सोने में निवेश को लेकर आकर्षण बना हुआ है। इसका पता इस बात से चलता है कि गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में जनवरी में 657 करोड़ रुपये निवेश किए गए, जो इससे पिछले महीने की तुलना में सात गुना है। उद्योग संगठन एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) ने यह जानकारी दी।

विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक स्तर पर जारी तनाव और अमेरिका में उच्च मुद्रास्फीति के बीच निवेश के लिए सोना एक सुरक्षित विकल्प रहेगा। उद्योग संगठन के आंकड़ों से पता चलता है कि इस निवेश के साथ जनवरी के अंत तक गोल्ड फंड की प्रबंधन के तहत संपत्ति (एयूएम) 1.6 प्रतिशत बढ़कर 27,778 करोड़ रुपये हो गई। यह राशि दिसंबर 2023 के अंत में 27,336 करोड़ रुपये थी।

# शेयर बाजारों में रौनक लौटी सेंसेक्स 483 अंक उछला

**मुंबई, एजेंसी**

- निफ्टी भी 127 अंक बढ़कर 21,743.25 अंक पर बंद



वैश्विक बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच बैंक, वित्तीय सेवाओं और आईटी क्षेत्र के शेयरों में खरीदारी से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में रौनक लौट आई और बीएसई सेंसेक्स 482 अंक से अधिक बढ़त में रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 482.70 अंक यानी 0.68 प्रतिशत बढ़कर 71,555.19 अंक पर बंद हुआ। उतार-चढ़ाव से कारोबार के दौरान सेंसेक्स 71,662.74 अंक के ऊपरी और 70,924.30 अंक के निचले स्तर तक भी गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 127.20 अंक यानी 0.59 प्रतिशत बढ़कर 21,743.25 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 में से 25 शेयर बढ़त लेने में सफल रहे जबकि निफ्टी के 50 में से 11 को छोड़कर बाकी सभी शेयरों में तेजी दर्ज की गई। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से आईसीआईसीआई बैंक में सर्वाधिक 2.46 प्रतिशत की तेजी रही। एक्सिस बैंक, विप्रो, कोटक महिंद्रा बैंक और एनटीपीसी भी प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-घरेलू बाजार काफी हद तक पिछले सत्र की गिरावट से उबर गए। इसके पीछे बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन की अहम भूमिका रही। जनवरी में कारोबारी धारणा को बल मिला है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,100 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,100 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,800–48,000 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,200 |
| चांदी तैयार | 74,300 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 64,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,000 |
| चांदी पक्की | 720(अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 64,150 |
| चांदी आभूषण | 73,200। |

# एनसीएलटी ने गो फर्स्ट के दिवाला प्रक्रिया की समय सीमा बढ़ाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बंद पड़ी एयरलाइन गो फर्स्ट के समाधान की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए समय सीमा 60 दिनों के लिए बढ़ा दी गई है। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने मंगलवार को यह फैसला किया।

एनसीएलटी की दिल्ली स्थित दो सदस्यीय पीठ ने गो फर्स्ट के समाधान पेशेवर (आरपी) की याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) को पूरा करने के लिए समयसीमा बढ़ाने की मांग की गई थी। समाधान पेशेवर की ओर से पेश दिवाकर माहेश्वरी ने तर्क दिया कि अब तक तीन पक्षों ने गो फर्स्ट के लिए अपनी रुचि दिखाई है और बयाना राशि जमा की है। इन कंपनियों से गो फर्स्ट के लिए समाधान योजनाएं मिलने की उम्मीद है। कंपनी 10 मई, 2023 से समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है। एनसीएलटी ने इससे पहले पिछले साल 23 नवंबर को 90 दिनों का विस्तार दिया था, जो 4 फरवरी को खत्म हो गया। वहीं स्पाइसजेट, शारजाह स्थित स्काई वन और अफ्रीकी महाद्वीप में केंद्रित कंपनी सैफ्रिक इन्वेस्टमेंट्स ने गो फर्स्ट को खरीदने में रुचि दिखाई है।

## 20 लाख करोड़ का बाजार पूंजीकरण हासिल करने वाली पहली कंपनी रिलायंस

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. (आरआईएल) मंगलवार को 20 लाख करोड़ रुपये का बाजार पूंजीकरण हासिल करने वाली देश की पहली कंपनी बन गई। शेयर बाजार में मजबूती के बीच मुकेश अंबानी की कंपनी का शेयर भी कारोबार के दौरान 52 सप्ताह के उच्च स्तर पर पहुंच गया। आरआईएल का शेयर बीएसई में 1.88 प्रतिशत उछलकर रिकॉर्ड 2957.80 रुपये प्रति इक्विटी पर पहुंच गया। बाद में यह 0.90 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,928.95 रुपये प्रति इक्विटी पर बंद हुआ।

# विकसित देश बनने के लिए 7–8% की वृद्धि दर जरूरी

**हैदराबाद, एजेंसी**

- आरबीआई के पूर्व गवर्नर सी रंगराजन ने कही बात



भारत को 2047 तक 13,000 अमेरिकी डॉलर की प्रति व्यक्ति आय के साथ विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सालाना सात से आठ प्रतिशत की वृद्धि दर जरूरी है। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर सी रंगराजन ने मंगलवार को यह बात कही।

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के पूर्व चेयरमैन ने यह भी कहा कि असमानता या गरीबी को कम करने के लिए नवाचार एकमात्र समाधान नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि तेज वृद्धि के अलावा, देश को नकदी और न्यूनतम आय जैसी सब्सिडी के रूप में सामाजिक सुरक्षा जाल की भी जरूरत हो सकती है। रंगराजन ने कहा-मेरे हिसाब से 7-8 प्रतिशत के बीच की वास्तविक वृद्धि इसे विकसित अर्थव्यवस्था के करीब ले जाएगी। विकसित अर्थव्यवस्था की परिभाषा के अनुसार प्रति व्यक्ति आय 13,000 अमेरिकी डॉलर या उससे अधिक है। भारत की प्रति व्यक्ति आय इस वक्त 2700 अमेरिकी डॉलर है। इसका मतलब है कि प्रति व्यक्ति आय बढ़ाकर पांच गुनी करनी होगी। रंगराजन ने कहा कि इसलिए भारतीय अर्थव्यवस्था की डॉलर के मूल्य में गणना वास्तविक वृद्धि, मुद्रास्फीति के स्तर और विनिमय दर पर निर्भर करती है। वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के पूर्व महानिदेशक रघुनाथ अनंत माशेलकर ने आज आईसीएफएआई के 13वें स्थापना दिवस पर व्याख्यान दिया। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति रंगराजन ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए जुड़कर समारोह की अध्यक्षता की।



## एक नजर

### हिंदू विरोधी टिप्पणी के लिए शिक्षिका बर्खास्त

**मंगलुरु (कर्नाटक)।** मंगलुरु के एक निजी स्कूल में छात्रों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में एक शिक्षिका को बर्खास्त कर दिया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सेंट गेरोसा हायर प्राइमरी स्कूल के प्रबंधन ने सातवीं कक्षा के छात्र के माता–पिता की शिकायत और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं के हंगामे के बाद यह कार्रवाई की। छात्र के माता–पिता ने सोमवार को मंगलुरु दक्षिण पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई कि शिक्षिका ने 'कार्य ही पूजा है' विषय पर कक्षा के दौरान हिंदू देवताओं के बारे में कथित रूप से आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया।

### दिल्ली में ट्रेन के डिब्बे में अचानक लगी आग

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली के पटेल नगर रेलवे स्टेशन पर खड़ी एक खाली यात्री ट्रेन के एक डिब्बे में मंगलवार को दोपहर में अचानक आग लग गई। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि विभाग को दोपहर एक बजकर 33 मिनट पर सूचना मिली और दमकल की पांच गाड़ियों को वहां भेजा गया। हालांकि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग (डीएफएस) के एक अधिकारी ने कहा कि आग पर दोपहर दो बजकर 25 मिनट पर काबू पा लिया गया।

# कोर्ट की जमीन पर 'आप' का दफ्तर हटाने का निर्देश

## न्यायालय की जमीन पर सियासी दफ्तर होने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राउज़ एवेन्यू स्थित आम आदमी पार्टी के दफ्तर की जमीन पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई है। उच्चतम न्यायालय ने इस मुद्दे पर हैरानी जताते हुए कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट की जमीन पर एक राजनीतिक दल का दफ्तर चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी का कार्यालय बनाए जाने को संज्ञान में लेते हुए मंगलवार को नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि सत्ताधारी पार्टी को अपना कार्यालय यहां से हटाना होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दिल्ली हाईकोर्ट को ये जमीन लौटाई जाए. दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव, पीडब्ल्यूडी सचिव और वित्त सचिव अगली तारीख से पहले हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल



के साथ एक बैठक हो और मामले का समाधान निकले। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि कोई भी कानून अपने हाथ में नहीं ले सकता है और कोई राजनीतिक दल किसी जमीन पर अपना कब्जा कैसे सकता है। जबकि हाईकोर्ट को जमीन कब्जा दिया जाना चाहिए। हाईकोर्ट इसका उपयोग केवल जनता और नागरिकों के लिए करेगा। हम निर्देश देते हैं कि दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव, पीडब्ल्यूडी सचिव और वित्त सचिव अगली तारीख से पहले हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल के साथ एक बैठक बुलाएं। ताकि सभी मुद्दों का समाधान सुनिश्चित हो सके। सभी अतिक्रमण हटाए जाएंगे इस मामले को आगे के निर्देशों के लिए सोमवार को सुनवाई करेंगे।

**क्या है पूरा मामला:** दरअसल एमिकस क्यूरी के परमेश्वर ने बेंच को सूचित किया कि सरकार को एक पार्टी से कब्ज़ा लेना था और इसे हमें देना था। अधिकारी कब्जा लेने गए तो उन्हें बताया गया कि यह कब्जा आम आदमी पार्टी के हाथ में है। अदालत ने देश भर में न्यायिक बुनियादी ढांचे से संबंधित एक मामले से निपटने के दौरान इस मुद्दे पर ध्यान दिया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ को एमिकस क्यूरी के परमेश्वर ने सूचित किया कि एक राजनीतिक दल का कार्यालय वहां बनाया गया है और वे जमीन वापस नहीं ले सके।

### मुख्य न्यायाधीश ने दी चेतावनी

उच्चतम न्यायालय के नाराज मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने आप के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार की ओर से पेश वकील को चेतावनी दी कि जमीन उच्च न्यायालय को वापस कर दी जानी चाहिए। पिछली सुनवाई में, शीर्ष अदालत ने दिल्ली जिला न्यायपालिका में बुनियादी ढांचे के लिए धन उपलब्ध कराने के प्रति उदासीन रवैये के लिए दिल्ली सरकार की आलोचना की थी। उस समय, सीजेआई ने कहा था कि मार्च 2021 तक चार में से तीन परियोजनाओं के लिए मंजूरी दे दी गई थी। हालांकि, इन परियोजनाओं के लिए धन जारी किया जाना बाकी था।

## आप ने दिल्ली में कांग्रेस के लिए एक लोकसभा सीट की पेशकश की

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को कहा कि वह 2024 के लोकसभा चुनाव में दिल्ली में छह सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है और कांग्रेस को सिर्फ एक सीट देने की इच्छुक है। पार्टी ने दावा किया विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में उसकी वरिष्ठ सहयोगी कांग्रेस राष्ट्रीय राजधानी में पिछले चुनावों में अपने प्रदर्शन को देखते हुए एक सीट की भी हकदार नहीं है।

आम आदमी पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक के बाद यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) संदीप पाठक ने कहा कि वे दिल्ली के लिए सीट बंटवारे पर बातचीत फिर से शुरू होने के वास्ते एक महीने से अधिक समय से इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अभीत तक कोई संवाद नहीं हुआ है।

# उत्तर प्रदेश में केजरीवाल के खिलाफ कार्यवाही पर रोक की अवधि बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**भाजपा-कांग्रेस पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला**

उच्चतम न्यायालय ने 2014 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान उत्तर प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस पर कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कार्यवाही पर अंतरिम रोक की अवधि मंगलवार को बढ़ा दी।

केजरीवाल ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के उस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया है, जिसने सुलतानपुर की एक अधीनस्थ अदालत के समक्ष लंबित आपराधिक मामले में उन्हें आरोप मुक्त करने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ केजरीवाल द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के लिए राजी हो गई। पीठ ने कहा-अंतरिम आदेश बरकरार





रहने दीजिए। यह सब क्या है? ये सभी अप्रासंगिक मामले हैं। यह ऐसा मामला नहीं है जिस पर हम गौर करें। केजरीवाल पर जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 125 के तहत चुनावों के संबंध में वर्गों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया है। केजरीवाल ने दो मई 2014 को प्रचार अभियान में कहा था, जो कांग्रेस को वोट देगा, .देश के साथ गद्दारी होगी... जो भाजपा को वोट देगा उसे खुदा भी माफ नहीं करेगा।

## मणिपुर में फिर गोलीबारी, एक ग्रामीण की मौत

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले में दो समुदायों के बीच मंगलवार को हुई गोलीबारी में 25 वर्षीय ग्रामीण की मौत हो गयी जबकि दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी की यह घटना कांगपोकपी जिले की सीमा से लगे पुखाओ शांतिपुर में हुई। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान सगोलसेम लोया के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि उसे इंफाल के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। रविवार रात से पुखाओ और आसपास के पहाड़ी इलाकों में रुक-रुक कर गोलीबारी की घटनाएं सामने आ रही हैं। मणिपुर में पिछले साल तीन मई से कुकी और मेइती समुदाय के बीच भिड़की हिंसा में अब तक 180 लोगों की जान जा चुकी है।

## कैदियों को भागने में मदद करने के आरोप में चार गिरफ्तार

**जयपुर, एजेंसी**

**जयपुर के बाल सुधार गृह से फरार होने का मामला**

राजस्थान पुलिस ने बाल सुधार गृह से किशोर कैदियों के फरार होने के मामले में सुधार गृह के दो केयरटेकर (देखभाल करने वाले) और दो सुरक्षा कर्मियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने मंगलवार को बताया कि फरार हुए एक कैदी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है जो इस महीने बालिग हो गया है। जयपुर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित बाल सुधार गृह से सोमवार को 23 किशोर कैदी खिड़की तोड़कर फरार हो गये थे। ट्रांसपोर्ट नगर थानाधिकारी जुल्फिकार ने बताया कि किशोर कैदियों को बाल सुधार गृह से भगाने में मदद करने के आरोप में दो केयरटेकर और दो सुरक्षा कर्मियों को गिरफ्तार किया गया है। जुल्फिकार ने कहा-सीसीटीवी फुटेज से घटना में दो सुरक्षा कर्मियों और दो केयरटेकर की संलिप्तता का पता चला है। चारों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## सेंथिल बालाजी ने मंत्री पद से इस्तीफा दिया

**चेन्नई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद कई महीनों तक बिना विभाग के मंत्री रहे वी. सेंथिल बालाजी ने एम. के. स्टालिन के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। राजभवन की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्यपाल आर. एन. रवि ने इस संबंध में स्टालिन की सिफारिश स्वीकार कर ली है। राज्यपाल ने पहले बालाजी के मंत्रिमंडल में बने रहने का विरोध किया था। विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्य मंत्रिमंडल से सेंथिल बालाजी के इस्तीफे को स्वीकार करने की सिफारिश से संबंधित मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन के 12 फरवरी के एक पत्र के आधार पर राज्यपाल आर. एन. रवि ने इसे मंजूरी दे दी। करूर से द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के वरिष्ठ नेता बालाजी को 14 जून, 2023 को ईडी ने नौकरी के बदले नकदी घोटाले में गिरफ्तार किया था।

# शत्रुघ्न-सनी लोस की किसी बहस में नहीं आए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- पांच साल में सभी 274 बैठकों में मौजूद रहे भाजपा के कांकेर और अजमेर सांसद



भारतीय जनता पार्टी के मोहन मंडावी और भागीरथ चौधरी 17वीं लोकसभा में ऐसे दो सदस्य रहे, जिन्होंने पांच साल की अवधि के दौरान कुल 274 बैठकों में 100 प्रतिशत उपस्थिति का गौरव हासिल किया। यह संयोग की कहा जाएगा कि पहली बार लोकसभा पहुंचे इन दोनों सदस्यों को सदन में एक-दूसरे के बगल वाली सीटें आवंटित की गई थीं। दूसरी तरफ, अभिनेता-राजनेता सनी देओल (भाजपा) और शत्रुघ्न सिन्हा (टीएमसी) उन नौ लोकसभा सदस्यों में से थे, जिन्होंने किसी भी चर्चा में भाग नहीं लिया। मंडावी ने कहा कि मुझे जो काम सौंपा गया है, मैं उसे पूरी जिम्मेदारी के साथ करता हूं। मैं छत्तीसगढ़ के आदिवासी क्षेत्र कांकेर का प्रतिनिधित्व करता हूं और मैंने कोविड-19 महामारी के दौरान भी सदन में भाग लिया था।'

'पीआरएस लेजिस्लेटिव' नामक संस्था द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, राजस्थान के अजमेर लोकसभा क्षेत्र से सांसद चौधरी और मंडावी की उपस्थिति 17वीं लोकसभा के दौरान 100 प्रतिशत रही। इस पांच वर्षों के कार्यकाल के दौरान औसतन 79 प्रतिशत की उपस्थिति देखी गई।

यूपी के हमीरपुर से भाजपा सदस्य पुष्पेंद्र सिंह चंदेल संसद में सबसे सक्रिय सदस्य थे, जिन्होंने 17वीं लोकसभा में 1,194 चर्चाओं में भाग लिया था, उनके बाद अंडमान और निकोबार द्वीप समूह से कुलदीप राय शर्मा थे। यह संस्था किसी सदस्य द्वारा विधेयकों पर चर्चा में भाग लेने, शून्यकाल के दौरान मुद्दे उठाने, विशेष उल्लेख और अन्य सदस्यों द्वारा उठाए गए मुद्दों से खुद को जोड़ने को 'चर्चा में भागीदारी' की श्रेणी में मानती है। वहीं बसपा सांसद मलूक नागर (बिजनौर) ने कुल 582 चर्चाओं में भाग लिया।

## समीर वानखेड़े के खिलाफ जारी जांच दिल्ली स्थानांतरित

**मुंबई।** ईडी ने मंगलवार को बंबई उच्च न्यायालय को सूचित किया कि उसने स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के मुंबई जोन के पूर्व निदेशक समीर वानखेड़े के खिलाफ धनशोधन के मामले में जांच अपने दिल्ली कार्यालय को स्थानांतरित कर दी है। ईडी ने कहा कि वानखेड़े को उनके खिलाफ मामले को रद्द कराने के लिये बंबई उच्च न्यायालय की जगह दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख करना चाहिए। अपने खिलाफ मामले को रद्द कराने के लिये पिछले हफ्ते बंबई उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने वाले वानखेड़े ने अपनी याचिका पर फैसला होने तक जांच पर अस्थायी रोक लगाने और दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा की मांग की है।

# ईडी ने कोलकाता में कई स्थानों पर छापे मारे

**कोलकाता, एजेंसी**

- राशन घोटाले की जांच के संबंध में हुई कार्रवाई





प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के राशन घोटाले की जांच के सिलसिले में मंगलवार को सुबह कोलकाता में कई स्थानों पर छापेमारी शुरू की। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय बलों के साथ आए ईडी के दलों ने सॉल्ट लेक, कइखाली, मिर्जा गालिब स्ट्रीट, हावड़ा और कुछ अन्य स्थानों पर छापे मारे। उन्होंने बताया कि जिन लोगों से पूछताछ की जा रही है उनमें कारोबारी और घोटाले में पहले गिरफ्तार किए गए आरोपियों के करीबी लोग शामिल हैं।

ईडी के एक अधिकारी ने कहा-ये छापे राशन वितरण घोटाले से जुड़े हैं। हमें मामले में पहले ही गिरफ्तार हुए लोगों से पूछताछ करने के बाद इन लोगों की संलिप्तता के बारे में जानकारी मिली है। उन्होंने बताया कि उत्तर 24 परगना जिले के एक विदेशी मुद्रा कारोबारी समेत तीन लोगों के परिसरों पर तलाशी ली जा रही है। उन्होंने बताया-इस घोटाले में पैसा विदेश में अलग-अलग खातों में भेजा गया। यह कारोबारी बनगांव से है और गिरफ्तार टीएमसी नेता शंकर आध्या से उसके अच्छे संबंध हैं।

आध्या बनगांव नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष हैं और केंद्रीय जांच एजेंसी ने पहले दावा किया था कि वह अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर पंजीकृत कम से कम 90 विदेशी मुद्रा व्यापार कंपनियों के मालिक हैं। अधिकारी ने बताया कि कारोबारी के सॉल्ट लेक के सेक्टर 5 में स्थित कार्यालय और ईएम बाईपास पर उसके दो फ्लैट में तलाशी ली जा रही है।

### कर्नाटक, आंध्र प्रदेश में 31 लाख रुपये जब्त

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि उसने एक धनशोधन मामले के सिलसिले में कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में कई स्थानों पर तलाशी के दौरान 31 लाख रुपये की 'बेहिसाब' नकदी जब्त की है। ईडी ने एक बयान में कहा कि सूर्य नारायण रेड्डी और भरत रेड्डी नामक दो व्यक्तियों के खिलाफ धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था। बयान के अनुसार, धनशोधन का यह मामला कर्नाटक के बेल्लारी में दर्ज एक प्राथमिकी से उत्पन्न हुआ है और तलाशी 10 फरवरी को ली गई थी। इसमें कहा गया है कि एजेंसी को 'आपत्तिजनक साक्ष्य' मिले हैं, जो दर्शाते हैं कि भरत रेड्डी ने कथित तौर पर विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कुछ ही महीनों में लगभग 42 करोड़ रुपये नकद जुटाए और इस धन का इस्तेमाल 'गैरकानूनी लेनदेन' के लिए किया।

# यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने निलंबन हटाया, 1 जुलाई तक कराए चुनाव

## चुनाव न होने पर 23 अगस्त को डब्ल्यूएफआई को किया था निलंबित, प्रदर्शनकारी पहलवानों से भेदभाव नहीं करने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

विश्व कुश्ती की संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने भारत पर लगाया अस्थाई निलंबन हटा दिया है, लेकिन राष्ट्रीय महासंघ को निर्देश दिया है कि वह प्रदर्शनकारी पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक के खिलाफ भेदभावपूर्ण कार्रवाई नहीं करे। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के समय पर चुनाव नहीं कराने पर गत वर्ष 23 अगस्त को उसे निलंबित किया था।

संस्था ने कहा कि यूडब्ल्यूडब्ल्यू ब्यूरो की निलंबन की समीक्षा और अन्य विषयों पर चर्चा के लिए 9 फरवरी को बैठक हुई तथा तथ्यों पर गौर करने के बाद निलंबन हटाने का फैसला किया गया। डब्ल्यूएफआई को यूडब्ल्यूडब्ल्यू को गारंटी देनी होगी कि डब्ल्यूएफआई की सभी स्पर्धाओं विशेष कर ओलंपिक खेलों के ट्रायल्स तथा अन्य प्रमुख राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में भाग लेने के लिए बिना किसी भेदभाव के पहलवानों का चयन करेगा, जिनसे भेदभाव नहीं होगा उनमें वह तीन पहलवान भी है जिन्होंने पूर्व अध्यक्ष (बृजभूषण शरण सिंह) के कथित गलत कामों के खिलाफ प्रदर्शन किया था। पिछले साल दिसंबर में डब्ल्यूएफआई के चुनाव हुए थे, जिसमें पूर्व अध्यक्ष के करीबी संजय सिंह को नया प्रमुख चुना गया था। खेल मंत्रालय ने हालांकि राष्ट्रीय खेल संहिता के उल्लंघन का हवाला देकर कुछ दिन बाद महासंघ को निलंबित कर दिया था। देश में कुश्ती के संचालन के लिए तदर्थ समिति गठित हुई थी। डब्ल्यूएफआई ने हालांकि खेल मंत्रालय के फैसले को नामंजूर कर दिया था। उसने मंगलवार को विश्व संस्था के फैसले का स्वागत किया।

### चुनाव में केवल खिलाड़ी ही होंगे मतदाता

विश्व संस्था ने डब्ल्यूएफआई से अपने एथलीट आयोग के चुनाव फिर से कराने के लिए कहा। संस्था ने बयान में कहा है कि इस आयोग में सक्रिय खिलाड़ी या फिर वे खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं, जिनको संन्यास लिए हुए 4 साल से अधिक का समय नहीं हुआ है। मतदाता केवल खिलाड़ी ही होंगे। इन चुनाव का आयोजन किसी भी सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान किया जा सकता है, लेकिन चुनाव 1 जुलाई 2024 से तक कराने होंगे। विश्व संस्था ने कहा कि वह पहलवानों के संपर्क में रहेगी और आगामी दिनों के घटनाक्रम पर उनसे बात करेगी।

### जल्द आयोजित किए जाएंगे ट्रायलः संजय

संजय सिंह ने कहा कि तदर्थ समिति का अब कोई महत्व नहीं रह गया है क्योंकि हमें विश्व संस्था से मान्यता मिल गई है। यह ओलंपिक वर्ष है तथा हम जल्द ही ट्रायल्स आयोजित करेंगे। मैं यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हूं कि किसी भी पहलवान का भविष्य खराब ना हो। डब्ल्यूएफआई के एक सूत्र ने बताया कि किसी भी पहलवान से भेदभाव नहीं किया जाएगा तथा संजय सिंह सुलह करने के लिए प्रदर्शनकारी तीनों पहलवानों को जल्द पत्र लिखेंगे। उन्होंने कहा कि हमें इन तीनों पहलवानों से कोई शिकायत नहीं है। पहलवानों ने डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ यौन उत्पीड़न और भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर विरोध प्रदर्शन किया था। इसके बाद भारतीय महासंघ को निलंबित कर दिया गया था। प्रतिबंध हटाने का मतलब है कि भारतीय पहलवान अब विश्व संस्था की अगली प्रतियोगिता में देश के ध्वज तले खेल पाएंगे।

# रविंद्र ने 3 विकेट लेकर अंतिम टेस्ट के पहले दिन द. अफ्रीका पर बनाया दबाव

हैमिल्टन (न्यूजीलैंड), एजेंसी

न्यूजीलैंड-द. अफ्रीका टेस्ट श्रृंखला



हरफनमौला रचिन रविंद्र के 3 विकेट से न्यूजीलैंड दो मैचों की श्रृंखला के अंतिम टेस्ट के पहले दिन 220 रन पर 6 विकेट लेकर द. अफ्रीका पर दबाव बनाने में सफल रहा।

बाए हाथ का स्पिनर रविंद्र ने मध्यक्रम में जुबैर हमजा (20), कीगन पीटरसन (दो) और डेविड बेडिघम (39) के विकेट चटकाए। उन्होंने 21 ओवर में केवल 33 रन दिए। रुआन डी स्वार्ड्ट ने अपना पहला अर्धशतक लगाकर हालांकि मैच में न्यूजीलैंड की वापसी करवाई। उन्होंने 37 साल की उम्र में टेस्ट पदार्पण कर रहे ऑलराउंडर शॉन वॉन बर्ग के साथ सातवें विकेट के लिए 70 रन की अटूट साझेदारी की। स्टंप्स के समय डी स्वार्डट 55 रन और वॉन बर्ग 34 रन बनाकर क्रीज पर थे। न्यूजीलैंड ने श्रृंखला के पहले मैच में 6 विकेट चटकाने वाले मिशेल सैंटनर को अंतिम एकादश में मौका नहीं दिया। टीम चार मुख्य तेज गेंदबाजों के साथ मैदान में उतरी, जिससे उसे स्पिन गेंदबाजी विभाग में रविंद्र पर बहुत ज्यादा निर्भर रहना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान नील ब्रांड ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। वह यहां के सेडॉन पार्क में 11 टेस्ट मैचों में ऐसा करने वाले दूसरे कप्तान बन गए। पिच पर घास होने का फायदा उठाते हुए तेज गेंदबाज मैट हेनरी, विल ओ'रूर्के और नील वैगनर ने पहले सत्र में एक-एक विकेट लिए। लंच के समय दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 3 विकेट पर 64 रन था। लंच के बाद रविंद्र ने अफ्रीका की रन गति पर अंकुश लगाया। उन्होंने 13 ओवर में 6 मेडन के साथ 15 रन दिए।

## खेल डायरी

### आज राजधानी पहुंचेगी यूपी टीम, 16 से 19 फरवरी तक इकाना स्टेडियम में होगा रणजी मुकाबला

**लखनऊ, अमृत विचार।** यूपी टीम बुधवार सुबह लीग का आखिरी मुकाबला खेलने को लखनऊ पहुंचेगी। हालाकि रणजी ट्रॉफी में यूपी टीम नाकआउट चरण से बाहर हो चुकी है। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में 16 से 19 फरवरी तक होने वाले मुकाबले के लिए छत्तीसगढ़ टीम के भी बुधवार देर शाम तक आने की संभावना है। आयोजकों के अनुसार यूपी टीम दोपहर के सत्र में बी ग्राउंड में अभ्यास करेंगी, जबकि छत्तीसगढ़ टीम का अभ्यास सत्र गुरुवार सुबह होगा। नीतीश राणा को कप्तान और भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर व मुख्य चयनकर्ता रहे सुनील जोशी को कोच बनाने के बावजूद यूपी टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। पिछले दो मुकाबलों में तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को आराम देना समझ से परे रहा। आंध्र प्रदेश के खिलाफ मंगलवार को खत्म हुए मुकाबले में यूपी की टीम पहली पारी में पिछड़ने से ड्रॉ मैच में मात्र एक अंक ही पा सकी। लखनऊ में यूपी टीम का आखिरी मैच मात्र औपचारिकता है। 1934 से खेली जा रही रणजी ट्रॉफी में यूपी की टीम मात्र एक बार वर्ष 2005-06 में मो. कैफ की कप्तानी में खिताब जीत सकी है। 2007-08 तथा 2008-09 में यूपी टीम फाइनल तक पहुंचने में कामयाब हुई थी।

### अर्जुन प्रसाद पहले दौर के बाद एकल बढ़त पर

**कोलकाता, एजेंसी।** दिल्ली के गोल्फर अर्जुन प्रसाद ने मंगलवार को यहां एक करोड रुपए इनामी पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप के पहले दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ अंडर 62 का कार्ड खेला। सोमवार को अपना 25वां जन्मदिन मनाने वाले अर्जुन प्रसाद पहले दौर के बाद एकल बढ़त पर हैं। उनके बाद दिल्ली के एक अन्य गोल्फर और मौजूदा चैंपियन सचिन बैसोया (63) का नंबर आता है। वह अर्जुन से एक शॉट पीछे हैं। चेक गणराज्य की स्टीपन दानेक तथा भारत के उदयन माने, करण प्रताप सिंह और मोहम्मद संजू ने 64 का कार्ड खेला। यह चारों खिलाड़ी संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। पीजीटीआई ऑर्डर का मेरिट के 2022 के चैंपियन मनु गंडास ने 65 का स्कोर बनाया तथा वह राहिल गंगजी और चार अन्य के साथ संयुक्त सातवें स्थान पर हैं।

### एसयूएफसी ने पुणे में 3 प्रशिक्षण केंद्र खोले

**पुणे, एजेंसी।** बेंगलुरु के निजी प्रोफेशनल फुटबॉल क्लब साउथ यूनाइटेड फुटबॉल क्लब (एसयूएफसी) ने पुणे में अकादमी के विस्तार की घोषणा की है। एसयूएफसी की प्रतिष्ठित अकादमी साउथ यूनाइटेड फुटबॉल अकादमी (एसयूएफए) ने हाल ही में पुणे में बावधन, खराड़ी और उंद्री में तीन केंद्रों का उद्घाटन किया है। पुणे में एसयूएफ तीन साल की उम्र से ही बच्चों को फुटबॉल यात्रा शुरू करने के लिए स्वागत करेगा। साउथ यूनाइटेड केंद्रों पर 3 कार्यक्रम चलाएगा, जिसमें उनका अद्वितीय शिशु विकास कार्यक्रम (3-5 वर्ष), उनका प्रमुख युवा विकास (5-18 वर्ष), और उनकी विशिष्ट युवा टीमें (अंडर 13, 15 और 17)) होंगी। जिसमें एथलीटों को क्लब से छात्रवृत्ति दी जाएगी।

### यूपी की तीन बालिकायें क्वार्टर फाइनल में

**लखनऊ, एजेंसी।** एसआरजीआई अंडर-12 बालक व बालिका ऑल इंडिया आइटा टेनिस चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की शुभी रंजन, लावण्या सिंह व सौंदर्या जायसवाल ने जीत के साथ बालिका वर्ग के क्वार्टर फाइनल में स्थान सुरक्षित किया। बालक वर्ग में उत्तर प्रदेश के कृष्णा सिंह, तेजस सिंह, अणर्व श्रीवास्तव ने अपने-अपने प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीते। गोमतीनगर स्थित कमलेश शुक्ला टेनिस अकादमी में आयोजित चैंपियनशिप में बालिका प्री क्वार्टर फाइनल में शुभी रंजन ने मध्य प्रदेश की अनाया खान को हराया। लावण्या सिंह ने मध्य प्रदेश की अहाना दोषी को और सौंदर्या जायसवाल ने यूपी की शिवान्या गौतम को मात दी। बालिका वर्ग के अन्य प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में मध्य प्रदेश की अनाया राठी ने मप्र की गीतिका बोथरा को, उप्र की अदित्रि सिंह ने उप्र की वाही पी.कौर को, उप्र की सिद्धि सिंह ने उप्र रीत पी. सिंह को, उप्र की आशी किरन ने उप्र की प्रणवी कश्यप को हराया। बालक वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में उप्र के कृष्णा सिंह ने उप्र के आरव पटेल को, उप्र के अणर्व श्रीवास्तव ने दिल्ली के सात्विक सिंह को, उप्र के तेजस सिंह ने उप्र के प्रणव शर्मा को, उप्र के आयुष्मान पाठक ने उप्र के शिवांश सिंह को, प. बंगाल के कबीर पारेख ने उप्र के अथर्व श्रीवास्तव को, उप्र के पविथ सिंह ने उप्र के आरव शुक्ला को, उप्र के कबीर शर्मा ने उप्र के अथर्व गोयल को और दिल्ली के रेयांश भल्ला ने निकुंज अरोड़ा को मात दी।

# जुरेल और सरफराज को मिल सकता है पदार्पण का मौका

## गिल ने अभ्यास सत्र में नहीं लिया हिस्सा, दाहिने हाथ की अंगुली में लगी थी चोट

राजकोट, एजेंसी



खिलाड़ियों के चोटिल होने से परेशान भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की श्रृंखला के तीसरे मुकाबले में घरेलू दिग्गज सरफराज खान और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को पदार्पण का मौका दे सकती है। श्रृंखला का तीसरा मैच 15 फरवरी से यहां खेला जाएगा। मैच से पहले टीम के अभ्यास सत्र को देखे तो सरफराज ने स्लिप और गली क्षेत्र में क्षेत्ररक्षण का अभ्यास किया जबकि जुरेल ने विकेटकीपिंग का। पिछले मैच की दूसरी पारी में शतक जड़ने वाले शुभमन गिल ने टीम के इस वैकल्पिक अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं लिया।

गिल को विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में क्षेत्ररक्षण के दौरान दाहिने हाथ की तर्जनी अंगुली में चोट लग गई थी। उन्होंने इंग्लैंड की दूसरी पारी के दौरान क्षेत्ररक्षण नहीं की लेकिन यह भी कहा कि उनकी चोट ज्यादा गंभीर नहीं है। श्रेयस अय्यर के बाहर होने और केएल राहुल के चोट से उबरने में नाकाम रहने से सरफराज के लिए दरवाजे खुल गए हैं, जो कुछ वर्षों से रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करने वालों में से हैं। जुरेल को बेहतर बल्लेबाज होने के तमगे के कारण तरजीह मिल सकती है। भरत लगातार 7 टेस्ट मैचों में एक भी अर्धशतक बनाने में असफल रहे हैं। रजत पाटीदार, सरफराज और जुरेल चौथे से सातवें क्रम के बीच बल्लेबाजी करेंगे। मध्य क्रम के 4 खिलाड़ियों में से 3 (रविंद्र जडेजा को छोड़कर) कुल मिला कर एक टेस्ट के सामूहिक अनुभव के साथ मैच में उतरेंगे। पाटीदार ने विशाखापत्तनम में पदार्पण किया था। भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजरने को तैयार है, ऐसे में इस मैच को टीम के भविष्य की झलक देखने को मिलेगी। टीम के अभ्यास सत्र में पाटीदार और सरफराज दोनों को स्लिप क्षेत्ररक्षण में अभ्यास करते देखा गया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ यहां पिच का मुआयना करने के बाद लंबे समय तक गुफ्तगू करते दिखे। रोहित इसके बाद क्षेत्ररक्षण अभ्यास के लिए चले गए, लेकिन द्रविड़ मैदानकर्मियों से बात करते दिखे। पिछले मैच में शतक जड़ने वाले जडेजा ने अभ्यास करते हुए सबसे ज्यादा समय बिताया। टीम के चारों स्पिनर भारतीय बल्लेबाजों के साथ अभ्यास करते दिखे।

### जीवंत विकेट क्रिकेट के लिए अच्छा, लेकिन आगे टर्निंग विकेट देखने को मिल सकते हैं: कुलदीप

**राजकोट, एजेंसी।** भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ वर्तमान टेस्ट श्रृंखला के मैचों में टर्निंग विकेट देखने को मिल सकते हैं, इसके साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि पहले दो टेस्ट मैचों के लिए तैयार किए गए जीवंत विकेट क्रिकेट के लिए अच्छा है। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट मैचों की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबरी पर है। तीसरा टेस्ट मैच गुरुवार से सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) स्टेडियम में खेला जाएगा। कुलदीप ने भारतीय टीम के अभ्यास सत्र से पूर्व कहा कि कुल मिलाकर सभी चीज महत्वपूर्ण हैं। तेज गेंदबाज अपनी भूमिका निभा रहे हैं जैसे कि पिछले मैच में देखा होगा। इसलिए जीवंत विकेट क्रिकेट के लिए अच्छा होता है। लेकिन ऐसा नहीं है की आपको आगे टर्निंग विकेट देखने को नहीं मिलेंगे। उम्मीद है कि आपको आगे इस तरह के विकेट देखने को मिलेंगे। भारतीय टीम को अभी तक इंग्लैंड के आक्रामक खेल का सामना करना पड़ा है।

# बेन स्टोक्स ने कई मामलों में क्रिकेट को बदल दियाः पोप

राजकोट, एजेंसी



इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप ने 100वां टेस्ट खेलने की तैयारी कर रहे कप्तान बेन स्टोक्स की तारीफ में कहा कि उन्होंने कई मामलों में क्रिकेट खेलने के तरीके को बदल दिया है। अपने खेल से बल्लेबाजी और गेंदबाजी में प्रभाव छोड़ने वाले स्टोक्स ने कप्तानी मिलने के बाद 'बैजबॉल' रणनीति से टेस्ट क्रिकेट खेलने का नजरिया बदल दिया। स्टोक्स 15 फरवरी को राजकोट में तीसरे टेस्ट मैच के लिए मैदान में उतरते ही इंग्लैंड के लिए 100 टेस्ट खेलने वाले चुनिंदा खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो जाएंगे।

पोप ने एससीए स्टेडियम में मंगलवार को इंग्लैंड के अभ्यास सत्र के इतर कहा कि उन्होंने शायद खेल को कई मायनों में बदल दिया है। उनके पास वह तरीका है, जिससे वह जरूरत पड़ने पर टीम से उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवा सकते हैं। एशेज श्रृंखला के उस लॉर्ड्स टेस्ट को कौन भूल सकता है जब पूरी तरह से दबाव में होने के बाद भी उन्होंने टीम को जीत दिलाई।

पोप ने कहा कि अपने 99 टेस्ट के अब तक के कॅरियर में उन्होंने कई बार ऐसा किया है और यह अविश्वसनीय है। किसी के लिए भी 100 टेस्ट मैच खेलना शानदार है। जाहिर तौर पर उनके कॅरियर में उतार-चढ़ाव आए, लेकिन जब से वह कप्तान बने हैं तब से उनका प्रदर्शन अद्भुत रहा है। खिलाड़ियों का प्रबंध करने का स्टोक्स का तरीका उन्हें दूसरों से अलग बनाता है।




# क्रिकेट में हजारे को टक्कर देने वाले बल्लेबाज थे दत्ताजीराव

नई दिल्ली, एजेंसी

उम्रदराज भारतीय टेस्ट क्रिकेटर

- दत्ताजीराव का 95 वर्ष की आयु में गृहनगर बड़ौदा में हुआ निधन



किस्मत से भारतीय कप्तान बने दत्ताजीराव गायकवाड़ कवर ड्राइव के साथ अन्य शॉट खेलने के मामले में विजय हजारे को टक्कर देते थे लेकिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वह अपनी प्रतिभा के साथ न्याय करने में विफल रहे। बड़ौदा के इस बल्लेबाज को 11 से अधिक टेस्ट खेलने चाहिए थे। दत्ताजीराव का मंगलवार को 95 वर्ष की आयु में उनके गृहनगर बड़ौदा में निधन हो गया। वह 2016 में दीपक शोधन की मृत्यु के बाद सबसे उम्रदराज जीवित भारतीय टेस्ट क्रिकेटर थे। अपने शानदार कवर ड्राइव से 1950 के दशक की बॉम्बे (अब मुंबई) की मजबूत टीम को परेशान करने वाले दत्ताजीराव का अंतर्राष्ट्रीय करियर घरेलू क्रिकेट जितना परवान नहीं चढ़ा। उन्हें 1952 से 1961 तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वैसी सफलता नहीं मिली। उनके बेटे अंशुमान ने 1970 से 80 के दशक तक 40 टेस्ट खेले।

# महिला वनडे रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंचीं मंधाना

दुबई, एजेंसी




भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में दो पायदान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। मुंबई की 27 वर्षीय खिलाड़ी ने दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट का स्थान लिया जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला में लचर प्रदर्शन से पांचवें स्थान पर खिसक गई हैं। इंग्लैंड की नेट साइवर ब्रंट, श्रीलंका की चमारी अटापट्टू और ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी बल्लेबाजी रैंकिंग में पहले तीन स्थान पर काबिज हैं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर दसवें स्थान पर बनी हुई हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में भारतीय स्पिनर दीप्ति शर्मा एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गई हैं, लेकिन ऑलराउंडर की सूची में वह एक पायदान ऊपर पांचवें स्थान पर पहुंच गई हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में इंग्लैंड की सोफी एक्लेसटोन शीर्ष पर बनी हुई हैं।

### जोसेफ, एमी हंटर आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**दुबई, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में शानदार गेंदबाजी करने वाले वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शामर जोसेफ मंगलवार को आईसीसी मासिक पुरस्कार को जीतने वाले वेस्टइंडीज के पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए। आयरलैंड की आक्रामक युवा बल्लेबाज एमी हंटर जिम्बाब्वे के खिलाफ प्रदर्शन के बाद महिला वर्ग में यह खिताब जीतने में सफल रहीं। पिछले सप्ताह खिलाड़ियों की सूची की घोषणा के बाद आईसीसी ने जनवरी के लिए पुरस्कार विजेताओं की घोषणा की।

## बॉलीवुड हलचल

### 'सेक्शन 108' में वकील बनेंगे नवाजुद्दीन



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपनी आने वाली फिल्म 'सेक्शन 108' में वकील की भूमिका में नजर आएंगे। 'सेक्शन 108' का निर्देशन रसिख खान ने किया है और यह फिल्म सिनेमावाला प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित है। इस फिल्म में नवाजुद्दीन ने बीमा क्लेम करने वाले वकील ताहूर खान की भूमिका निभाई है। 'सेक्शन 108' के निर्माताओं ने बताया कि यह फिल्म एक मनोरम सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है, जिसमें नवाजुद्दीन एक बार फिर प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ अपने बहुमुखी अभिनय कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इस फिल्म में अरबाज खान, रेजिना कैसेंड्रा, आसिफ खान, रूमी खान, सानंद वर्मा, अलीशा ओहरी और सहर्ष कुमार शुक्ला भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

### सोरारई पोटरु का हिंदी रीमेक 'सरफिरा' में नजर आएंगे अक्षय



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार फिल्म 'सरफिरा' में दिखाई देंगे। ये फिल्म दक्षिण भारतीय फिल्म सोरारई पोटरु का हिंदी रीमेक है। इस फिल्म में तमिल स्टारर सूर्या ने लीड रोल निभाया था। अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर फिल्म 'सरफिरा' का अनाउंसमेंट वीडियो जारी किया है। अक्षय कुमार ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर 'सरफिरा' का वीडियो शेयर किया है। इसके साथ ही उन्होंने रिलीज डेट की जानकारी देते हुए कैप्शन में लिखा, इतना बड़ा सपना देखो, वो तुम्हें पागल बुलाए 'सरफिरा' सिनेमाघरों में 12 जुलाई, 2024 को रिलीज हो रही है।

### लाहौर 1947 में सनी देओल संग काम करेंगी प्रीति जिंटा



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा फिल्म निर्देशक राजकुमार संतोषी की फिल्म लाहौर 1947 में नजर आएंगी। आमिर खान फिल्म लाहौर 1947 का निर्माण कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन राजकुमार संतोषी कर रहे है। लाहौर 1947 में सनी देओल की अहम भूमिका है। लाहौर 1947 मे अब प्रीति जिंटा का नाम भी जुड़ गया है। राजकुमार संतोषी ने बताया कि लंबे समय के बाद, प्रीति जिंटा फिर से सिल्वर स्क्रीन पर लाहौर 1947 के साथ एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वह वास्तव में हमारे इंडस्ट्री के एक बेहद प्रतिभाशाली बेहतरीन और सबसे स्वाभाविक अभिनेत्री हैं। प्रीति जो भी किरदार निभाती हैं, उसमें खुद को पूरी तरह से निवेश कर देती हैं और दर्शकों को यह महसूस कराती हैं कि वह उस किरदार के लिए ही बनी हैं। फिल्म 1947 की स्क्रिप्ट एक ऐसी जोड़ी की मांग करती है जो सनी और प्रीति की तरह सटीक हो।

### भूल-भुलैया 3 में हुई विद्या की एंट्री



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन फिल्म 'भूल-भुलैया 3' में नजर आएंगी। फिल्म भूल भुलैया में विद्या बालन ने अहम भूमिका निभाई थी। भूल भुलैया 2 में विद्या बालन ने काम नहीं किया। 'भूल-भुलैया 3' में विद्या बालन की एंट्री हो गई है। कार्तिक आर्यन ने सोशल मीडिया पर बताया कि भूल भुलैया 3 में विद्या बालन की एंट्री हो गई है। कार्तिक आर्यन ने कैप्शन में लिखा, 'और ये हो रहा है... ऑरिजनल मंजुलिका की दोबारा भूल भुलैया की दुनिया में एंट्री हो चुकी है। विद्या बालन का स्वागत करते हुए सुपर थ्रिल महसूस कर रहा हूं।' कार्तिक आर्यन के इस पोस्ट के बाद विद्या बालन ने सोशल मीडिया पर लिखा, मेरे ढोलना... आ रही है वापस, आपकी मंजुलिका, इस बार रूह बाबा कार्तिक आर्यन के साथ।

### रश्मिका ने पुष्पा 2 के सेट से की तस्वीरें साझा



अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना अपनी आगामी फिल्म पुष्पा 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म का निर्माण जोरों पर है और टीम इसकी सफलता में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। इस दौरान मंदाना ने सेट से फिल्म निर्माता सुकुमार की तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की है। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर ये तस्वीर साझा की। मेकर्स ने हाल ही में फिल्म की रिलीज से पहले ओटीटी रिलीज की घोषणा की है। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इसकी जानकारी खुद ओटीटी प्लेटफॉर्म ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की है कि जल्द ही पुष्पा 2 नेटफ्लिक्स पर हिंदी, तमिल और तेलुगु में आएगी। हालांकि, फिल्म की ओटीटी रिलीज डेट अभी तय नहीं हुई है। ये फिल्म दुनिया भर के सिनेमाघरों में कई भाषाओं में रिलीज होगी। सुकुमार द्वारा निर्देशित और माइथरी मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित, पुष्पा 2 में अल्लू अर्जुन, रश्मिका और फहद फासिल मुख्य भूमिका में हैं। संगीत राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता देवी श्री प्रसाद ने दिया है।

### माही और गोल्डी का गाना मरद बनाइब रंगदरवा के रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री माही श्रीवास्तव और गायिका गोल्डी यादव का गाना मरद बनाइब रंगदरवा के रिलीज हो गया है। 'मरद बनाइब रंगदरवा के' गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्डस भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। गाने में माही श्रीवास्तव कहती हैं कि 'तू ही कहा केहू से डेराई केहु के, खात बानी आपन लजाई काहे के... ढील देले बानी इयारवा के, राखेला सवख हथियरवा के, जाईब खिलाफ भले घरवा के, बाकी मरद बनाइब रंगदरवा के...' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत मरद बनाइब रंगदरवा के' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने की सिंगर गोल्डी यादव हैं। इसके वीडियो में माही श्रीवास्तव हैं। गीतकार आशुतोष तिवारी हैं और संगीतकार प्रियांशु सिंह हैं। वीडियो डायरेक्टर विझेल, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, डीओपी राजन वर्मा हैं। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के पास है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।



तमिलनाडु के किसानों ने प्रदर्शन कर पंजाब के किसानों को अपना समर्थन दिया है। किसानों की 'दिल्ली चलो' यात्रा को समर्थन देते हुए त्रिची के किसान सड़कों पर लेट गए। मांगो को लेकर कई किसान मोबाइल टावर पर चढ़ गए।



मंगलवार को टिकरी बॉर्डर पर लगे बैरिकेड्स और कंसर्टिना तार को हटाते किसान।

# किसानों ने लोहे और कंक्रीट के लगे बैरिकेड्स तोड़े, चक्का जाम

नई दिल्ली, एजेंसी

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी को लेकर कानून बनाने समेत विभिन्न मांगों के लिए पंजाब-हरियाणा और उत्तर प्रदेश समेत देश के कई हिस्सों में किसानों ने राष्ट्रव्यापी विरोध-प्रदर्शन किया। सड़कों पर प्रदर्शनकारियों के आंदोलन के चलते आम लोगों को भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

दिल्ली से जुड़े सोनीपत के कुंडली और बहादुरगढ़ के टीकरी बॉर्डर को दिल्ली पुलिस ने पूरी तरह से सील कर दिया है। हरियाणा के सात जिलों में 15 फरवरी तक इंटरनेट बंद हैं। दिल्ली पुलिस ने कई लेयर में बैरिकेड लगाकर दिल्ली की तरफ आने-जाने वाले दोनों रास्तों को बंद कर दिया है। टिकरी बॉर्डर से दिल्ली की तरफ जाने वाले अन्य रास्तों को भी बंद कर दिया गया है। सोनीपत में कुंडली बॉर्डर पर वाहनों की आवाजाही पूर्ण रूप से बंद करने के बाद केएमपी-केजीपी एक्सप्रेस वे के जीरो प्वाइंट से वाहनों को निकाला जा रहा है।

प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए दिल्ली-एनसीआर की सीमाओं पर बैरिकेडिंग की गई, लेकिन किसानों ने उन्हें भी तहस-नहस कर दिया। पुलिस और किसानों के बीच हुई इस झड़प में कई घायल हुए। तमिलनाडु के किसानों ने भी पंजाब-हरियाणा और उत्तर प्रदेश के किसानों को अपना समर्थन दिया। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी को लेकर कानून बनाने समेत अपनी और कई मांगों को स्वीकार कराने के लिए विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था।



शंभू बॉर्डर पर उग्र किसानों को काबू करने के लिए पुलिस ने छोड़े आंसू गैस के गोले।

### किसान नेता नजरबंद

पुलिस ने हरियाणा के किसान नेताओं के घर पर दबिश दी और करीब एक दर्जन किसान नेताओं को उनके घरों में ही नजरबंद कर दिया गया। बापौली थाना पुलिस मंगलवार सुबह गांव गढ़ी भलौर में किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष सूरजभान रावल के घर पहुंची। पुलिस ने उनको घर पर ही नजरबंद कर दिया है। इसके अलावा कई किसान नेता पुलिस की पकड़ से बचने अपने मोबाइल फोन बंद करके भूमिगत हो गए हैं।



मंगलवार को किसान आंदोलन की बजह से चक्का जाम हो गया, दिल्ली-एनसीआर में वाहन घंटों तक कतार में खड़े रहे। वहीं गाजीपुर बॉर्डर पर फंसे वाहन।

### अन्य राज्यों से साधा संपर्क

गुरुग्राम, फरीदाबाद, मेवात, राजस्थान, नोएडा, फरीदाबाद व हरियाणा के पुलिस अधिकारियों से बात कर सहयोग लिया जा रहा है। हर वाहन को चेक करने के बाद ही दिल्ली में प्रवेश दिया जा रहा है। वहीं, पुलिस ने कुछ थानों में 15 से ज्यादा डिटेंशन सेंटर बनाए हैं। जिस जगह पर किसान हिरासत में लिए जाएंगे, उस जगह के विपरीत उन्हें डिटेंशन सेंटर में बंद किया जाएगा।

### वार्ता में फिर शामिल हों, तोड़फोड़ समस्याओं का हल नहीं



नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को प्रदर्शनकारी किसानों से अपनी मांगों को लेकर सरकार के साथ फिर से बातचीत में शामिल होने का आग्रह किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि किसी भी तरह की हिंसा या टकराव उनकी समस्याओं का समाधान नहीं है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि सरकार ने उन किसान संगठनों की कुछ मांगें मान ली हैं, जो बड़ी संख्या में नई दिल्ली की ओर मार्च कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत के विश्व व्यापार संगठन से बाहर निकलने और मुक्त व्यापार समझौतों को रद करने जैसे मुद्दों पर व्यापक विचार-विमर्श की आवश्यकता होगी।

## एक नजर

### अमेरिकाः न्यूयॉर्क में गोलीबारी एक की मौत, पांच लोग घायल

न्यूयॉर्क सिटी। अमेरिका के न्यूयॉर्क में सोमवार को ब्रॉक्स के एक सबवे स्टेशन पर छह लोगों को गोली मार दी गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और अन्य पांच घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि ये घटना शाम करीब 4:38 बजे हुई। सबवे स्टेशन पर गोलीबारी करने के बाद हमलावर भी फरार हो गया है। पुलिस ने कहा कि करीब 30 साल के एक व्यक्ति की फायरिंग में मौत हो गई है। स्थानीय मीडिया ने पुलिस सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि गोलीबारी में घायल हुए पांच लोगों को गंभीर रूप से चोटें आई है। न्यूयॉर्क पुलिस विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस गोलीबारी की घटना में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट नहीं बताया है कि गोलीबारी में घायल हुए लोगों की हालत कैसी है।

### अमेरिकाः दो भारतवंशियों पर वीजा धोखाधड़ी में लगाया अभियोग

न्यूयॉर्क। भारतीय मूल के दो युवकों पर फर्जी सशस्त्र डकैती करने और वीजा धोखाधड़ी की साजिश के लिए अभियोग लगाया गया है। रामभाई पटेल (36) और बलविंदर सिंह (39) पर धोखाधड़ी की साजिश रचने के आरोप है। रामभाई को पिछले साल दिसंबर में सिएटल में गिरफ्तार कर, मुकदमा लंबित रहने तक हिरासत में रखा गया था। बलविंदर सिंह को उसी समय यहां क्वींस में गिरफ्तार किया गया था और दिसंबर 2023 में प्रारंभिक उपस्थिति के बाद कुछ शर्तों पर रिहा कर दिया गया था।

### श्रीनगरः पंजाब के दो श्रमिकों की हत्या करने वाला आतंकी गिरफ्तार

श्रीनगर। पिछले सप्ताह पंजाब के दो मजदूरों की हत्या करने वाले आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जम्मू-कश्मीर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने बताया कि आतंकी के पास से एक पिस्तौल बरामद की गई है। उन्होंने कहा सात फरवरी को शहर के हब्बा कदल इलाके में पंजाब के दो मजदूरों पर गोलियां चलाने वाले आतंकवादी आदिल मंजूर लंगू को गिरफ्तार कर लिया गया है। कुमार ने कहा कि श्रीनगर में गिरफ्तार किए गए लंगू को सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तान के आतंकियों द्वारा आतंकवादी गतिविधियों के लिए प्रेरित किया गया था।

### ट्रंप ने चुनाव हस्तक्षेप केस स्थगित करने की कोर्ट से की मांग

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि उन्हें 2020 के चुनाव में हार को पलटने की साजिश रचने संबंधी आरोप में अभियोजन से छूट प्राप्त है और इसलिए उन पर चल रहे चुनाव हस्तक्षेप मुकदमे को स्थगित किया जाना चाहिए। उनके वकीलों ने सोमवार को अदालत में एक आपातकालीन अपील दायर की। इससे चार दिन पहले न्यायाधीशों ने इस बार के राष्ट्रपति चुनाव से उन्हें बाहर करने के प्रयासों से संबंधित मुकदमे में सुनवाई की थी। ट्रंप के वकीलों को संघीय अदालतों में अपनी अपील को लेकर अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है।

राष्ट्रपति चुनावः विपक्ष के बाद अपने ही पार्टी के निशाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति

# बाइडन की उम्र पार्टी के लिए चिंता का मुद्दा


वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन दोबारा राष्ट्रपति पद के लिए कमर कस चुके हैं, लेकिन बढ़ती उम्र का मुद्दा उनका पीछा नहीं छोड़ रहा है। अब अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री और पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की पत्नी हिलेरी क्लिंटन ने एक साक्षात्कार में कहा है कि राष्ट्रपति बाइडन की उम्र डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए चिंता का मुद्दा है।



हिलेरी ने कहा है कि बाइडन भी इस मामले की गंभीरता को समझते हैं। सारा विवाद गोपनीय दस्तावेज से जुड़े केस में स्पेशल काउंसिल रॉबर्ट हर की रिपोर्ट से शुरू हुआ है। इस रिपोर्ट में दावा किया गया कि बाइडन इतने बुजुर्ग हो गए हैं कि उन्हें ओबामा सरकार में 2015 में बेटे ब्यू की कैंसर से मौत की तारीख तक याद नहीं। इस रिपोर्ट पर बाइडन ने कहा कि मेरी याद्दाश्त सही है। लेकिन, कुछ मिनट बाद बाइडन ने मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी को मैक्सिको का राष्ट्रपति कह दिया।

### बाइडन-ट्रंप में कौन लोकप्रिय



**42 फीसदी** बाइडन (81)

18 अगस्त को शिकागो में डेमोक्रेटिक कंवेंशन, जो बाइडन औपचारिक रूप से डेमोक्रेट प्रत्याशी घोषित होंगे।



**45 फीसदी** ट्रंप (77)

15 जुलाई को मिलवाकी में रिपब्लिकन कंवेंशन होगा, जिसमें औपचारिक रूप से राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति प्रत्याशी चुना जाएगा।

### बाइडन को दी जा सकती है चुनौती

नए उम्मीदवार को अगस्त में होने वाले शिकागो के डेमोक्रेटिक सम्मेलन (डीएनसी) में 3936 डेलीगेट्स में से 1969 का समर्थन पाना होगा।

### बाइडन खुद हटें तो होगी बैठक

डीएनसी को आपात बैठक बुलानी होगी, इसमें 500 डेमोक्रेटिक डेलीगेट्स राष्ट्रपति पद के नए उम्मीदवार के बारे में बहुमत से फैसला करेंगे।

### चिंताः 73% डेमोक्रेट समर्थक भी मानते हैं बाइडन की उम्र ज्यादा

बाइडन की उम्र से डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए चिंता का विषय है क्योंकि अमेरिकी मतदाता मानते हैं कि राष्ट्रपति पद के लिए बाइडन मानसिक रूप से फिट नहीं है। हाल ही में एबीसी/इप्सोस के एक सर्वे में सामने आया है कि 86 फीसदी अमेरिकी मतदाता मानते हैं कि राष्ट्रपति पद के दूसरे कार्यकाल के लिए बाइडन की उम्र काफी ज्यादा है। वहीं, 73 फीसदी डेमोक्रेट मतदाता बाइडन को बुजुर्ग मानते हैं। काउंसिल की रिपोर्ट के बाद बाइडन के डिमेंशिया टेस्ट की मांग भी जोर पकड़ रही है।

### उपलब्धिः अर्थव्यवस्था-रोजगार के मुद्दे पर बाइडन का पलड़ा भारी

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि बाइडन की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि उन्होंने अमेरिकी अर्थव्यवस्था को तब गर्त से बाहर निकाला, जब दुनिया दो बड़े युद्धों का सामना कर रही थी। रूस-यूक्रेन और इजराइल हमास युद्ध के बावजूद बाइडन के दौर में अमेरिकी अर्थव्यवस्था में वेतन बढ़ता और बेरोजगारी कम होते देखी है। बाइडन ने पिछले महीने 3.53 लाख नई नौकरियां जोड़ीं। लाखों छात्रों को शिक्षा लोन के बोझ से मुक्त कराया है।

## नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक नहीं पहुंचे ईडी कार्यालय

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के पूर्व सीएम और नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला आज श्रीनगर में ईडी कार्यालय में पूछताछ के लिए नहीं पहुंचे। उन्होंने कहा कि श्रीनगर पहुंचने के बाद ही ईडी कार्यालय में जाऊंगा।



उन्होंने कहा मेरे पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है मैंने कोई गलत कार्य नहीं किया है। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि इससे पहले ईडी मुझे पहले भी दो बार पूछताछ कर चुकी है। ईडी इस मामले में फारूक से पहले भी तीन बार बुला चुकी है। वह सिर्फ 11 जनवरी 2024 को ईडी के बुलाने पर नहीं गए थे। उससे पहले उन्हें जब भी बुलाया गया, वह पूछताछ के लिए पहुंचे हैं। शुरू में इस मामले की जांच जम्मू कश्मीर पुलिस की अपराध शाखा ने की, इसके बाद में जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंपा गया। सीबीआई ने अपनी जांच में घोटाले की पुष्टी करते हुए 11 जुलाई 2018 को अदालत में आरोपपत्र दायर किया था।

# बिलावल पीएम पद की रेस से बाहर, नवाज का समर्थन करेंगे

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में चुनावी नतीजे आने के बाद सरकार बनाने के लिए बैठकों का दौर जारी है। बिलावल भुट्टो जरदारी मंगलवार को प्रधानमंत्री पद की दौड़ से हट गए और कहा कि उनकी पार्टी सरकार का हिस्सा बने बिना प्रधानमंत्री पद के लिए पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के उम्मीदवार का समर्थन करेगी।

बिलावल का फैसला पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा मंगलवार को यह दोहराए जाने के कुछ घंटों बाद आया कि पीएमएल-एन के प्रमुख नवाज शरीफ रिकॉर्ड चौथी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। बिलावल ने अपनी अध्यक्षता में हुई पीपीपी की उच्चाधिकार प्राप्त केंद्रीय कार्यकारी समिति की बैठक के बाद कहा कि उनकी पार्टी केंद्र में सरकार बनाने के लिए जनादेश प्राप्त करने में विफल रही। पीपीपी के नेता फैसल करीम ने धमकी दी कि अगर बिलावल को पीएम नहीं बनाया गया तो पीपीपी विपक्ष में बैठने को तैयार है।

### पीटीआई ने भी ठोकी सत्ता पर दावेदारी


इमरान की पार्टी पीटीआई ने भी सरकार बनाने की कोशिशें तेज कर दी हैं। पार्टी ने कई विशेष समीतियों का गठन किया है, जो केंद्र में, पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा राज्य में पीटीआई की सरकार बनाने की रणनीति बनाएंगी। चुनाव नतीजों के बाद पीटीआई की कोर कमेटी की बैठक हुई, जिसमें सरकार और संसदीय पदों पर लोगों की नामांकन प्रक्रिया को जल्द पूरा करने पर सहमति बनी। पाकिस्तान आम चुनाव में पीटीआई समर्थित 101 निर्दलीय उम्मीदवार जीते हैं और पीटीआई सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।

### पीटीआई नेता को पुलिस के सामने मारी गोली, मौत

इमरान की पार्टी के नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मीडिया के अनुसार, पीटीआई के पूर्व संसदीय मामलों के सदस्य चौधरी मुहम्मद अदनान को अज्ञात हमलावरों ने गोली मारी है। पीटीआई नेता ने रावलपिंडी के निर्वाचन क्षेत्रों से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था।

## चुनाव आयोग के फैसले को शरद पवार ने दी चुनौती, शीर्ष कोर्ट में दायर की याचिका

मुंबई। शरद पवार गुट ने चुनाव आयोग के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। दरअसल, शरद पवार गुट ने भारत के चुनाव आयोग के उस फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया, जिसमें अजीत पवार समूह को आधिकारिक तौर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के रूप में मान्यता दी गई थी।



यह याचिका शरद पवार ने वकील अभिषेक जेबराज के माध्यम से सोमवार शाम को दायर की थी। उनसे पहले, अजीत पवार गुट ने वकील अभिकल्प प्रताप सिंह के माध्यम से एक कैविएट दायर की थी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अगर शरद पवार समूह शीर्ष अदालत में जाता है, तो उसके पक्ष में कोई एकतरफा आदेश पारित न किया जाए। 6 फरवरी को चुनाव आयोग ने घोषणा की कि अजित पवार गुट ही असली एनसीपी है, जिससे पार्टी संस्थापक शरद पवार को बड़ा झटका लगा।

# न्यूयॉर्क में एमटीए बोर्ड में भारतवंशी मीरा जोशी नामित

न्यूयॉर्क, एजेंसी


- मीरा बोलीं, सार्वजनिक परिवहन प्रणाली न्यूयॉर्क की रीढ़, सभी का आभार, जल्द संभालेंगी पद

न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स ने भारतवंशी मीरा जोशी को मेट्रोपोलिटन ट्रांसपोर्टेशन अथॉरिटी (एमटीए) बोर्ड के लिए नामित किया है। जोशी डिप्टी मेयर (ऑपरेशन) हैं। न्यूयार्क शहर के बुनियादी ढांचे, सार्वजनिक क्षेत्र और जलवायु पोर्टफोलियो की देखरेख करने वाली डिप्टी मेयर जोशी को आठ फरवरी को एनवाइसी विभाग के सिटी प्लानिंग निदेशक और सिटी प्लानिंग कमीशन के अध्यक्ष डैन गारोडनिक के साथ नामित किया गया है।

इसकी जानकारी देते हुए एक आधिकारिक नोट जारी किया गया है। आधिकारिक नोट में कहा गया है कि एडम्स ने बोर्ड में सार्वजनिक परिवहन के लंबे समय से समर्थक रहे दोनों अधिकारियों को नामित कर न्यूयॉर्क वासियों को सुरक्षित, विश्वसनीय और सुलभ सार्वजनिक परिवहन प्रणाली प्रदान करने की प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। एडम्स ने कहा कि नामित दोनों शख्स एमटीए के भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए उचित हैं। बोर्ड के लिए नामांकन के बाद डिप्टी मेयर मीरा जोशी ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन प्रणाली न्यूयॉर्क की रीढ़ है।

न्यूयॉर्क के कार्यों को सुगमता के साथ संचालित करने में कोई भी चीज ऐसी नहीं है जो सार्वजनिक परिवहन प्रणाली से अधिक प्रभावित कर सकती है। उन्होंने इसके लिए सभी का आभार जताते हुए धन्यवाद किया। वह न्यूयॉर्क सिटी सिविलियन कंप्लेंट रिव्यू बोर्ड की पहली उप कार्यकारी निदेशक थीं, जिन्होंने पुलिस कदाचार के नागरिक आरोपों की जांच का नेतृत्व किया।

### मूर्तियों को संवारने में मग्न मूर्तिकार ...



गुवाहाटी : बसंत पंचमी आज है। बुधवार को मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। ऐसे में पूजा की तैयारी जोरों पर है। पूजा स्थल की साज-सज्जा की जा रही है। मूर्तिकार ऑर्डर के अनुरूप मूर्ति को अंतिम रूप देने में जुटे रहे। तैयार मूर्तियों को आयोजक ले जा रहे हैं। गुवाहाटी में मां सरस्वती की कई फीट ऊंची मूर्तियां बनाईं गई, अंतिम रूप देने के बाद संवारने में मग्न मूर्तिकार। ● एजेंसी

## कोर्ट ने हत्या मामले में विपक्षी विधायक को उम्रकैद की सजा सुनाई

आरा (बिहार)। महागठबंधन के एक विधायक को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। भोजपुर के अगिआंव विधायक से माले विधायक मनोज मंजिल को हत्या में मामले में सजा सुनाई गई है।



आरा सिविल कोर्ट इस मामले में सुनवाई कर रही थी। मंगलवार को एडीजे तीन की अदालत ने मनोज मंजिल को उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही अर्थ दंड भी लगाया। दरअसल, 2015 विधानसभा चुनाव के समय जेपी सिंह नाम के व्यक्ति की हुई थी। इसका आरोप मनोज मंजिल पर लगा था। मंगलवार को तरारी से माले विधायक सुदामा प्रसाद भी आरोपी विधायक से मिलने पहुंचे।

## कनाडा में आतंकी पन्नू के करीबी के घर पर फायरिंग, जांच जारी

टोरंटो। कनाडा के ओंटारियो प्रांत में खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के करीबी के घर पर फायरिंग की घटना सामने आई है। द गार्जियन के अनुसार, ब्रैम्पटन में आतंकी के करीबी इंद्रजीत सिंह गोसल के घर की खिड़की पर गोली का छेद मिला है। हालांकि, किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

पुलिस ने इससे इनकार नहीं किया है कि घर पर और कई राउंड फायरिंग हुई हों। इंद्रजीत सिंह ने हाल ही में घोषणा की थी कि टोरंटो स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के बाहर वह 17 फरवरी को खालिस्तान समर्थक रैली निकालेगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, उसने पन्नू के साथ कार्य किया है। गौरतलब है कि यह घटना आतंकी हरदीप सिंह निज्जर के करीबी के घर पर की गई फायरिंग के कुछ दिन बाद सामने आई है।

विज्ञान

इंग्लैंड के सेंट्रल लंकाशायर विवि के वैज्ञानिकों ने की खोज, ग्रहों के गोल आकार की अवधारणा बदली

# पहली बार हुई चपटे आकार के एक्सोप्लैनेट ग्रह की खोज

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : माना जाता रहा है कि ब्रह्मांड में तारों की परिक्रमा करते ग्रहों का आकार गोल होता है। मगर हाल में खोजे गए एक बाहरी ग्रह (एक्सोप्लैनेट) ने इस अवधारणा पर विराम लगा दिया है। इंग्लैंड में सेंट्रल लंकाशायर विश्वविद्यालय (यूसीएलएन) के वैज्ञानिकों की एक टीम ने यह खोज की है।

उन्होंने दूर अंतरिक्ष में एक ग्रह को युवा तारे की परिक्रमा करते हुए देखा। मगर उसका आकार गोलाकार के विपरीत चपटा था। जिसे देखकर वैज्ञानिक हैरान हो गए और इसकी वास्तविकता को जानने के लिये अध्ययन क्षेत्र का विस्तार करना पड़ा। अंत में कंप्यूटर सिमुलेशन का उपयोग करना। इस अध्ययन में चपटी आकृतियाँ सामने आई।



पहली बार खोजा गया चपटा ग्रह।

वैज्ञानिकों का यह दल लंबे समय से बाहरी ग्रहों की खोज कर रहे हैं, लेकिन पहले कभी सिमुलेशन के जरिए ग्रहों के आकार की जांच करने की जरूरत नही पड़ी। मगर इस खोज में पहली बार इसका सहारा लेना पड़ा।

खोजकर्ता टीम के वैज्ञानिक दिमित्रिस स्टैमाटेलोस का कहना है कि हम बहुत आश्चर्यचकित थे कि जिसे हम गोलाकार समझ रहे थे, वह चपटा निकला। वैज्ञानिक इस ग्रह को स्मार्टीज़ चॉकलेट नाम से पुकार रहे हैं। सर्वविदित है कि नेस्ले कंपनी चौकलेट बनाती है। जिसका आकार चपटा होता है। यह खोज एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स लेटर्स जर्नल में प्रकाशित होने जा रही है।

### ग्रहों के निर्माण की जानकारी देगा ग्रह

इस बाहरी ग्रह का आकार भविष्य चपटा रहेगा या गोलाकार में परिवर्तित होगा, इस बारे में अभी निश्चित कुछ नही कहा जा सकता। बहरहाल खगोलविद इस ग्रह पर निरंतर नजर रखेंगे और इ सका अध्ययन जारी रखेंगे। इससे कई जानकारियां मिल सकती हैं। जिनमें सबसे बड़ी जानकारी ग्रहों के निर्माण व विकास से जुड़ी होगी।

## अमेरिका में उड़ान के बीच गिरा विमान का दरवाजा, आपात लैंडिंग

चीकटोवागा। अमेरिका में उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद एक छोटे विमान का पिछला दरवाजा गिर गया। इस दौरान विमान एयरपोर्ट से दक्षिण में कुछ दूरी पर चीकटोवागा के ऊपर उड़ान भर रहा था, जिसके बाद इसकी आपात लैंडिंग करानी पड़ी।

मीडिया के मुताबिक, विमान में दो लोग सवार थे। विमान को बफेलो नियाग्रा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतारा गया। इस घटना में संपत्ति के नुकसान या किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। विमान के दरवाजे की तलाश की गई, लेकिन उसका पता नहीं चल पाया है। इससे पहले भी इस तरह का एक मामला सामने आ चुका है। अलास्का एयरलाइंस की एक फ्लाइट की खिड़की उड़ान के दौरान 16 हजार फीट की ऊंचाई पर अचानक निकल गई थी।

# इजराइल को हथियारों की आपूर्ती रोके अमेरिका : यूरोपीय संघ

वाशिंगटन, एजेंसी

राफा शहर पर हमले के बाद इजराइल पर दुनियाभर से दबाव पड़ना शुरू हो गया है। यूरोपीय संघ की विदेश नीति के प्रमुख जोसेप बोरेल ने मांग की है कि इजराइल के सहयोगी खासकर अमेरिका, इजराइल को हथियारों की आपूर्ती करना बंद करे। बोरेल ने कहा कि गाजा में बड़ी संख्या में लोग मारे जा रहे हैं।

बीते हफ्ते ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा था कि इजराइल की सैन्य कार्रवाई चरम पर पहुंच चुकी है। बोरेल ने बाइडन के उस बयान का हवाला देते हुए कहा कि अगर आपको लगता है कि लोग मारे जा रहे हैं तो आपको कम मात्रा में हथियार देने चाहिए ताकि कई लोगों को मरने से बचाया जा सके। ब्रुसेल्स में मीडिया से बात करते हुए बोरेल ने कहा कि अमेरिका का युद्ध पर चिंता जताना और इस्राइल को हथियारों की आपूर्ती जारी रखना सही नहीं है। बोरेल ने कहा कि 'कितनी बार प्रमुख देशों के नेताओं और विदेश मंत्रियों ने लोगों के मारे जाने पर चिंता जतायी है। अगर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को लगता है कि नरसंहार हो रहा है और लोग मारे जा रहे हैं तो हमें शायद हथियारों के बारे में सोचने की जरूरत है।

### युद्धविराम का समर्थन के लिए तैयारः क्रेमलिन

मॉस्को। क्रेमलिन ने मंगलवार को कहा कि वह इजराइली बंधकों की रिहाई और गाजा में युद्धविराम के लिए किसी भी कार्रवाई का समर्थन करने के लिए तैयार है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा, हमारा मानना है कि कार्रवाई रचनात्मक होनी चाहिए, जिसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय कानून और पहले से अपनाई गई सुरक्षा के ढांचे के भीतर समस्या का व्यापक समाधान करना हो। पेसकोव इजराइल और हमास के साथ अमेरिकी वार्ता पर टिप्पणी कर रहे थे।